आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी 04:32 तक उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 4 जुलाई 2025

वर्ष 3, अंक 314, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



संस्कृति मंत्री बनाई गई थाईलैंड की निलंबित पीएम 14

बुनियादी ढांचे में सुधार को केंद्र प्रतिबद्ध : गडकरी 12

## गिल बने इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले एशियाई टेस्ट कप्तान

बर्मिंघम, एजेंसी

शुभमन गिल ( 269 रन) इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। गुरुवार को एजबस्टन में दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले वे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए।

उन्होंने सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1979 में ओवल में 221 रन की पारी खेली थी। इससे पहले किसी एशियाई कप्तान का इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 193 रन था जो 2011 में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने लाड्र्स पर बनाए थे। गिल भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में 7 दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। गिल से पहले एसईएनए ( द. अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर 192 रन था, जो मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। मैनचेस्टर में 1990 में अजहरुद्दीन द्वारा बनाए 179 रन इंग्लैंड में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर था। सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ के बाद यहां दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज गिल हैं।



## मजबूत भारत समृद्ध विश्व के निर्माण में देगा योगदान

### घाना की संसद में बोले प्रधानमंत्री मोदी- हम दुनिया के लिए शक्ति स्तंभ

अक्रा (घाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय एवं प्रभावी सुधारों पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा।

घाना की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ है। एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया के निर्माण में योगदान देगा। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिर राजनीति और शासन की नींव पर भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व शासन व्यवस्था तेजी से बदल रही है।

मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी में क्रांति, 'ग्लोबल साउथ' का उदय और बदलती जनसांख्यिकी इसकी गति और विस्तार में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है।



मोदी को सम्मानित करते घाना के राष्ट्रपति महामा।

### मोदी को घाना का राष्ट्रीय सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके शासन कौशल और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व के लिए घाना के राष्ट्रीय सम्मान ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मोदी ने सम्मान स्वीकार करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से यह पुरस्कार विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं।

### एक नजर

#### सहायक आचार्य बनने के लिए देनी होगी लिखित परीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर नहीं, बल्कि लिखित परीक्षा ( सब्जेक्टिव टाइप) एवं साक्षात्कार के संयुक्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए उप्र. उच्चतर शिक्षा ( समूह क) सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली-2025 को प्रख्यापित किए जाने को मंजूरी दी गई। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान में सहायक आचार्य पद पर चयन की प्रक्रिया उप्र. उच्चतर शिक्षा ( समूह क) सेवा नियमावली, 1985 के नियम 15( 3) के अंतर्गत केवल इंटरव्यू के माध्यम से की जाती थी। यह पद समूह क श्रेणी का महत्वपूर्ण पद है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा, शोध और उनके भविष्य को प्रभावित करता है।

#### एक लाख करोड़ से अधिक के रक्षा सौदे को मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये मूल्य के सैन्य हार्डवेयर और प्लेटफार्मों के लिए पूंजीगत अधिग्रहण से जुड़ी परियोजनाओं को गुरुवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ( डीएसी) ने इन खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी। डीएसी ने बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, एकीकृत सामान्य इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दे दी।

## उप्र रोजगार मिशन बनेगा, युवाओं को देश-विदेश में मिलेगी नौकरी

### एक वर्ष में देश के अंदर एक लाख और विदेशों में 25-30 हजार निजी क्षेत्र में रोजगार का लक्ष्य

**योगी मंत्रिमंडल ने दी प्रस्ताव को मंजूरी, हर हाथ को काम देने की दिशा में एक और कदम**

- श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधीन बनेगा मिशन, पांच स्तरीय संरचना के साथ पंजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। इस मिशन का उद्देश्य न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नियोजन के अवसर दिलाना है। यह कार्य कोई कंपनी नहीं बल्कि सीधे राज्य सरकार करेगी। बैठक में कुल 30 प्रस्तावों को हरी झंडी दिखाई गई।

राज्य सरकार की ताजा पहल उत्तर प्रदेश को भारत का वैश्विक मानव संसाधन आपूर्ति केंद्र (ग्लोबल एचआर हब) बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी। वहीं सरकार के हर हाथ को काम देने के वायदे को भी धार मिलेगी। कैबिनेट बैठक के बाद श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन के साथ हम देश और विदेश दोनों स्तरों पर अपने युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेंगे। उन्होंने बताया कि मिशन का लक्ष्य एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को सेवायोजित करने का रखा गया है।

अनिल राजभर के मुताबिक, अब तक विदेशों में रोजगार के लिए राज्य को रिक्रूटिंग एजेंट ( आरए) लाइसेंसधारी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन मिशन के गठन के साथ ही सरकार स्वयं आरए का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी, जिससे अब बेरोजगारों को सीधे विदेशों में रोजगार पर भेजा जा सकेगा। श्रम मंत्री ने यह भी बताया कि वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की मैनपावर खासकर पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर्स, कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह मिशन राज्य की उस क्षमता को दिशा और अवसर देने का माध्यम बनेगा। इस कड़ी में देश-विदेश में रोजगार मांग का सर्वेक्षण करना, प्रतिष्ठित कंपनियों की सूची तैयार कर उनकी डिमांड लेना, स्किल गैप का आकलन और आवश्यक प्रशिक्षण, भाषा प्रशिक्षण और प्रिडिपार्चर ओरिएंटेशन, करियर काउंसलिंग और कैम्पस प्लेसमेंट, प्लेसमेंट के बाद सहायता व फॉलोअप सेवा देना मिशन की प्रमुख गतिविधियों में शामिल होगा। वहीं मिशन की संगठनात्मक संरचना देखें तो उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन एक उच्च स्तरीय संस्था के रूप में किया जा रहा है, जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत होगी। इसके संचालन के लिए पांच प्रमुख इकाइयां गठित की जाएंगी।



कैबिनेट की बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### अन्य प्रमुख निर्णय

- खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं भी कर सकेंगी काम
- व्यापारियों पर जीएसटी अपील की राशि का बोझ किया कम
- अयोध्या में एनएसजी हब के लिए भूमि 99 वर्ष की लीज पर
- 21500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, सौर ऊर्जा को 19 हजार करोड़

### ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को हरी झंडी दिखाई है। लगभग 49.96 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसका निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल पर किया जाएगा। परियोजना पर अनुमानित 4775.84 करोड़ रुपये व्यय किया जाएगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों के बीच आवागमन और अधिक सुगम, त्वरित और बाधारहित हो सकेगा।

## तीन साल के लिए होगा आउटसोर्स एजेंसी का चयन

- उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी
- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स व डीजी की नियुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों आउटसोर्सिंग कार्मिकों के श्रम अधिकारों, पारिश्रमिक और सामाजिक सुरक्षा के लिए गुरुवार को ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने "उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीसीओएस) " के गठन को मंजूरी दी है। इसमें मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और एक महानिदेशक की नियुक्ति होगी। एजेंसियों का चयन जेम पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम तीन वर्षों के लिए किया जाएगा। योगी ने कहा कि इससे आउटसोर्सिंग एजेंसियों की मनमानी पर अंकुश लगेगा और नियम उल्लंघन पर ब्लैकलिस्टिंग और दंड का प्रावधान होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को अपने आवास पर हुई उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित निगम की कार्यप्रणाली, संरचना और दायरे पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन विकेन्द्रीकृत तरीके से होता है, जिसके कारण समय पर वेतन न मिलना, वेतन में कटौती, ईपीएफ व ईएसआई लाभों से वंचित रहना, पारदर्शिता की कमी और उत्पीड़न जैसी अनेक शिकायतें मिलती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक है।

### हर माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि सभी आउटसोर्सिंग कार्मिकों का पारिश्रमिक प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सीधे उनके बैंक खाते में भेजा जाए और ईपीएफ और ईएसआई की रकम समय से जमा हो। साथ ही ईपीएफ, ईएसआईसी तथा बैंकों से अनुमन्य सभी लाभ भी कर्मचारियों को प्रदान किए जाएं।

### सरकारी नौकरियों की तरह आरक्षण

योगी ने कहा कि प्रस्तावित निगम द्वारा की जाने वाली सभी नियुक्तियों में एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, महिला, दिव्यांगजन और पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण प्रावधानों का पूर्णत: पालन किया जाएगा। निराश्रित, तलाकशुदा व परित्यक्ता महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि नियमित पदों के विरुद्ध कोई भी आउटसोर्सिंग सेवा नहीं ली जाए। चयन के बाद कोई भी कार्मिक तब तक सेवा से मुक्त न किया जाए, जब तक संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो।

## हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी सर्वे रिपोर्ट

### प्राथमिक स्कूलों के विलय का मामला

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्राइमरी स्कूलों का विलय करने के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि क्या विलय का निर्णय लेने से पहले कोई सर्वेक्षण कराया गया था। कोर्ट ने कहा है कि यदि सर्वे हुआ है तो उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। कोर्ट ने सरकार को पूरी तैयारी व तथ्यों के साथ पक्ष रखने को कहा है। शुक्रवार को भी मामले में सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि सुनवाई को शुक्रवार के आगे नहीं टाला जाएगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर की कृष्णा कुमारी समेत 51 स्कूली बच्चों व अन्य रिट याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका बुधवार को भी सुनवाई के लिए पेश हुई थी जिस पर सरकारी अधिवक्ताओं ने बहस के लिए गुरुवार तक का समय मांगा था। याचियों की ओर से पेश अधिवक्ताओं एलपी मिश्रा व गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि 16 जून का सरकार का निर्णय मनमाना व अवैध है। संविधान के अनुच्छेद 21 ए के तहत प्रदत्त शिक्षा के मौलिक अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2009 में बच्चों के निःशुल्क शिक्षा व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम पारित किया। जिसके तहत 6 से 14 साल तक के बच्चों के लिए शिक्षा अनिवार्य की गयी। इस अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रदेश में बड़ी संख्या में प्राइमरी स्कूलों की स्थापना की। कहा गया कि अधिनियम की मंशा के तहत शिक्षा के संवैधानिक अधिकार को प्रदान करने के लिए प्रत्येक एक किमी के दायरे में 300 की जनसंख्या पर स्कूलों की स्थापना की गयी है। अब सरकार एक प्रशासनिक आदेश से उक्त स्कूलों को विलय करके बड़ी संख्या में इन्हें समाप्त किया जा रहा है। तर्क दिया गया कि राज्य सरकार का यह कृत्य संविधान के अनुच्छेद 21 ए तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफ है। यह भी तर्क दिया गया कि शिक्षा के अधिकार कानून के तहत जब एक बार संवैधानिक अधिकार के लक्ष्य की पूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर स्कूलों की स्थापना कर दी गयी तो मात्र एक प्रशासनिक आदेश से उक्त अधिनियम के तहत किये गये प्रयासों को समाप्त नहीं जा सकता है। क्योंकि प्रशासनिक आदेश किसी विधायी प्रावधान को परिवर्तित बदल नहीं सकता है। याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि सरकार ने विलय का निर्णय इसलिए लिया है क्योंकि कई स्कूलों में छात्रों की संख्या बहुत कम है और करीब 56 स्कूलों में तो कोई छात्र ही नहीं है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या सरकार ने कोई सर्वे कराया है और यदि कराया है तो उसकी रिपोर्ट कहां है।

## डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ विज्ञापन प्रसारित करने पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक विज्ञापन प्रसारित करने से पतंजलि पर गुरुवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने पतंजलि को विज्ञापन प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध करने वाली डाबर की अंतरिम याचिका को स्वीकार कर लिया। डाबर की याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश' यह दावा करके विशेष रूप से डाबर च्यवनप्राश और सामान्य रूप से च्यवनप्राश का अपमान कर रहा है कि किसी अन्य निर्माता को च्यवनप्राश तैयार करने का ज्ञान नहीं है ।

## भारत में खेल सकेगी पाकिस्तान की टीम

### एशिया कप हॉकी

- जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा क्योंकि ऐसा करना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा, खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। वहीं जूनियर हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा।

सूत्र ने कहा कि हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। अगर हम पाकिस्तान को रोकने की कोशिश करते हैं तो इसे ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। इसी तरह हम पाकिस्तान की भागीदारी वाले किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है और इस मामले में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

मंत्रालय के इस फैसले से सितंबर में यहां होने वाले निशानेबाजी जूनियर विश्व कप और सितंबर-अक्टूबर में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान की भागीदारी का रास्ता भी साफ हो गया है।

### एशिया कप क्रिकेट में खेलने पर भी अटकलें

यह पूछने पर कि क्या सितंबर में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप क्रिकेट में खेलने की अनुमति दी जाएगी , सूत्र ने कहा कि बीसीसीआई ने अभी इस मसले पर संपर्क नहीं किया है । जब वे संपर्क करेंगे तो हम इस मसले पर बात करेंगे। अटकलें लगाई जा रही हैं कि भारत और पाकिस्तान महाद्वीपीय टूर्नामेंट के दौरान राउंड रॉबिन मैच में एक-दूसरे से खेलेंगे जो संयुक्त अरब अमीरात ( यूएई) या श्रीलंका में आयोजित होने वाला है हालांकि मूल मेजबान भारत ही है।

## न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाने पर प्रमुख विपक्षी दल सहमत : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रस्ताव पर जल्द लिए जाएंगे सांसदों के हस्ताक्षर

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और सांसदों के हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि यह प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा या राज्यसभा में। लोकसभा के लिए कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के लिए कम से कम 50 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह निर्णय लेने के बाद कि प्रस्ताव किस सदन में लाया जाएगा, हस्ताक्षर कराए जाएंगे। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सभापति, जैसा भी मामला हो, तीन-सदस्यीय एक समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी जिनके आधार पर न्यायाधीश को हटाने (महाभियोग) की मांग की गई है।

समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं। रीजीजू ने कहा कि चूंकि यह मामला न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा है, इसलिए सरकार सभी राजनीतिक दलों को साथ लेना चाहती है।

## सौरमंडल में घुसे अज्ञात खतरनाक पिंड ने मचाई हलचल

### पड़ताल में जुटे एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक, ए11पीएल3जेड दिया गया इस पिंड का अस्थायी नाम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** किसी दूसरे सौर मंडल से हमारे सौर मंडल में घुस आए खतरनाक (इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट) पिंड ने हलचल पैदा कर दी है जिसे लेकर दुनिया भर के एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक पड़ताल में जुट गए हैं। यह तीसरा अवसर है, जब किसी दूसरे सौर मंडल का सदस्य हमारे सौर मंडल में घुस आया है। इसका अस्थायी नाम ए11पीएल3जेड दिया गया है।

यह बाहरी पिंड लगभग 20 किलोमीटर चौड़ा है और वर्तमान में 66 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। बुधवार की सुबह इटली के वैज्ञानिक अर्नेस्टो गुइडो के नेतृत्व में खगोलविदों ने ऑस्ट्रेलिया में रिमोट नियंत्रित दूरबीन के जरिए इसकी तस्वीर खींची है। इसकी खोज 14 जून को नासा के एटलस क्षुद्रग्रह प्रणाली वेधशाला से की गई थी। यह एक रहस्यमय पिंड है। वर्ष 2017 में इसी तरह का एक रहस्यमय पिंड इम्यूमुआ को पहली बार देखा गया था और इसके दो साल बाद 2019 में धूमकेतु बोरिसोव को देखा गया था। बोरिसोव के बाद हमारे सौर मंडल से गुजरने वाला यह तीसरा इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट है। वैज्ञानिक अगले कुछ महीने इस पिंड के ऑब्जर्वेशन में बिताएंगे। प्रारंभिक गणना के अनुसार यह अक्टूबर 2025 में पृथ्वी और मंगल के बीच से गुजरने वाला है। फिलहाल वैज्ञानिकों का मानना है कि इस पिंड से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। फिर भी इसकी कक्षा को लेकर सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।



अज्ञात पिंड ए11पीएल3जेड की ताज़ा तस्वीर।

- 20 किलोमीटर चौड़ा है पिंड
- 66 किमी प्रति सेकेंड की गति
- 2017 में आया था इम्यूमुआ
- 2019 में धूमकेतु बोरिसोव

### वापस अपने सौर परिवार में चला जाएगा

**नैनीताल।** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार, हम अपने सौर परिवार के सभी पिंडों से अवगत हैं, लेकिन किसी दूसरे सौर प्रणाली से आने वाले पिंड के प्रकार, प्रकृति व कक्षा से अनभिज्ञ होते हैं। संभव है कि वह हमारे लिए बड़ा खतरा हो सकता है, जिस कारण इन पर नजर रखना जरूरी हो जाता है। प्राथमिक अध्ययन के अनुसार यह ए11पीएल3जेड पृथ्वी के करीब तो आ रहा है, लेकिन दूर से गुजर जाएगा। इससे किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। यह वापस अपने सौर मंडल में वापस लौट जाएगा।

# फांस निकालने के लिए अंगूठा ही काट डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएमओ की टीम ने बिल्हौर में सील किया अवैध क्लीनिक झोलाछाप हुआ गायब

**अमृत विचार।** अवैध क्लीनिकों में झोलाछाप मरीजों की जान से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक वाक्या बिल्हौर में सामने आया, जहां एक मजदूर क्लीनिक में अंगूठे में लगी फांस निकलवाने पहुंचा तो झोलाछाप ने उसका अंगूठा ही काट दिया।

अरौल क्षेत्र के चंपतपुर निवासी प्रभु दयाल के मुताबिक 27 जून को बिल्हौर में काम करते समय उसके अंगूठे में फांस लग गई थी। तकलीफ बढ़ने पर वह बिल्हौर के गयाप्रसाद नगर चांदसी क्लीनिक पहुंचा और कथित बंगाली डॉक्टर को दिखाया। उसने हड्डी गलने की बात कहकर तत्काल इलाज की जरूरत बताई और इंजेक्शन लगाया। इसके बाद अंगूठे में लगी फांस निकालने के बजाय उसका अंगूठा ही काट दिया। होश आने पर लंबा-चौड़ा बिल मांगा, जब उसने असमर्थता जताई तो अभ्रदता की। पीड़ित मजदूर ने झोलाछाप की थाने में शिकायत की। घटना की जानकारी होने पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीएमओ डॉ.उदय नाथ को जांच के आदेश दिए। सीएमओ ने निर्देश पर नोडल अधिकारी डॉ.यूबी सिंह क्लीनिक पर पहुंचे। वहां कथित बंगाली डॉक्टर नहीं मिला, इस पर उन्होंने क्लीनिक सील करा दिया। सीएमओ के मुताबिक जिलाधिकारी के निर्देश पर क्लीनिक सील करने की कार्रवाई की गई है।

### जिले में चलेगा अभियान

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में तमाम क्लीनिकों का अवैध रूप से संचालन हो रहा है। नोडल अधिकारी ऐसे क्लीनिकों पर पूरी तरह अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। सीएमओ का कहना है कि नोडल अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण जरूरी है। शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अवैध क्लीनिकों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

# एयरपोर्ट पर कुत्तों का आतंक, यात्रियों की सुरक्षा को खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- निदेशक ने नगर निगम से कुत्तों को पकड़कर किसी दूसरे स्थान पर छोड़ने के लिए लिखा पत्र
- शहर में करीब डेढ़ लाख कुत्ते घूम रहे आवारा, अभी आधे कुत्तों का भी बंध्याकरण नहीं

**अमृत विचार।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक गली-मोहल्लों से निकलकर सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों तथा अस्पतालों तक पहुंच गया है। यहां तक कि एयरपोर्ट जैसा संवेदनशील इलाका भी कुत्तों के आतंक से नहीं बचा है। यहां कुत्ते स्टॉफ के साथ ही यात्रियों को परेशान कर रहे हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने नगर निगम से कुत्तों को पकड़कर दूसरे स्थान पर छोड़ने का आग्रह किया है, ताकि परिसर में यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

नगर निगम की सीमा में करीब डेढ़ लाख कुत्ते आवारा घूम रहे हैं। इनमें से अभी तक लगभग 50 हजार कुत्तों का ही बंध्याकरण हो पाया है। यही वजह है कि हर गली, सड़क, दफ्तर, पार्क, अपार्टमेंट और स्कूल के बाहर कुत्तों का झुंड नजर आ जाएगा। अब तो एयरपोर्ट पर भी इनकी बढ़ती संख्या परेशानी का सबब बन गई है। एयरपोर्ट के निदेशक संजय कुमार ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार को पत्र लिखकर परिसर से अवारा कुत्तों को पकड़वाने का अनुरोध किया है। निदेशक ने कहा है कि कुत्तों को पकड़कर कहीं दूर स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि सुरक्षा को कोई खतरा न पैदा हो।



नानाराव पार्क गेट के बाहर आवारा खूंखार कुत्तों का आतंक। अमृत विचार

### इन इलाकों में खौफ से भय का माहौल

तिलक नगर, आर्य नगर, स्वरूप नगर, दर्शनपुरवा, रामबाग, मरियमपुर, रामकृष्ण नगर, गांधी नगर, जवाहर नगर, ईदगाह, परेड चौराहा, परमट, फेथफुलगंज, काकादेव, छपेड़ा पुलिया, नमक फैक्ट्री चौराहा, गोविंद नगर, किदवई नगर, जूही क्षेत्र में कुत्तों का ज्यादा ही आतंक है।

### उर्सला, हैलट, केडीए छोड़िए नगर निगम में भी घूमते कुत्ते

उर्सला और हैलट अस्पताल में अक्सर आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। मरीजों और तीमारदारों के बीच वार्डों तक धावा बोलते हैं। अस्पताल परिसर के रास्तों पर अक्सर झुंड में बैठे रहते हैं। केडीए व नगर निगम के आसपास और कई बार भीतर तक आवारा कुत्ते टहलते मिल जाते हैं। इसी तरह पीडब्ल्यूडी, कचहरी परिसर में भी आएदिन कुत्ते मौका पाकर लोगों को दौड़ाते हैं। कुत्तों से परेशान कई सरकारी विभाग नगर निगम को कुत्ते पकड़ने व स्थानांतरित करने के लिए पत्र लिख चुके हैं।

**50** हजार कुत्तों का ही अभी तक हुआ बंध्याकरण




### रोज 40 कुत्तों का बंध्याकरण कर पकड़े जाने वाले स्थान पर छोड़ते

मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके निरंजन ने बताया कि फूलबाग में एनीमल बर्थ कन्ट्रोल सेन्टर (एबीसी सेन्टर) स्थापित कर दो गाड़ियों के माध्यम से विभिन्न स्थानों से प्रतिदिन 40 आवारा निराश्रित कुत्तों को पकड़कर बंध्याकरण का काम किया जा रहा है, इन कुत्तों को कुछ दिनों बाद दोबारा पकड़े गए स्थान पर छोड़ दिया जाता है। अब एक अन्य एनीमल बर्थ कन्ट्रोल सेन्टर का निर्माण किशनपुर में हो गया है। मोतीझील स्थित तुलसी उपवन में डॉग पार्क बनाने की तैयारी है।

### इस नियम से बंधा नगर निगम

- नगर निगम का कहना है कि आवारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए कुत्तों के बंध्याकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जहां से शिकायत मिलती है, वहां से आवारा कुत्तों को पकड़कर बंध्याकरण के बाद उन्हें पकड़े गए स्थल पर छोड़ना जरूरी है।
- एनीमल बर्थ कन्ट्रोल 'डाग्स' रूल, 2001 के नोटिफिकेशन दिनांक 24 दिसम्बर 2001 में आवारा कुत्तो को उनके मूल स्थान से हटाना प्रतिबंधित है।
- एनीमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया व अन्य बनाम पीपुल फार एलिमिनेशन ऑफ स्ट्रे ट्राबुल्स व अन्य में पारित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नगर से आवारा कुत्तों को पकड़कर किसी अन्य स्थान पर छोड़ना प्रतिबन्धित है।

### हमलों से दहशतजदा लोग, लगातार कुत्तों के हमले का हो रहे हैं शिकार

- सरसैया घाट में पिटबुल कुत्ते ने गाय पर हमला किया था।
- ओ ब्लाक किदवईनगर और लाजपतनगर में विदेशी नस्ल के कुत्ते ने दो लोगों को घायल कर दिया था।
- ग्वालटोली में पागल कुत्ते ने एक स्कूल में बच्चों व शिक्षक को काट लिया था।
- मरियमपुर में वाहन चालक पर हमला कर कुत्ते ने पिता व बच्चे को काट लिया था।
- शास्त्री नगर स्थित सिंधी कालोनी पार्क में आवारा कुत्तों ने कई लोगों को काटा था।

# बिजली संकट में सुधार की उम्मीद पर पानी फिरा

## केस्को के आधुनिकीकरण के लिए फाइनल हुआ 503 करोड़ रुपये का टेंडर यूपीपीसीएल ने किया निरस्त, अब करना होगा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कंपनी उपकरणों के दाम वसूल रही थी ज्यादा, तीन माह में दोबारा आमंत्रित होंगे टेंडर

**अमृत विचार।** कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी (केस्को) अपना सिस्टम हाइटेक होने का दावा भले कर रही है, लेकिन हकीकत में केस्को आधुनिकीकरण योजना से काफी दूर है। यूपीपीसीएल बोर्ड ने आधुनिकीकरण के लिए केस्को को मिले 503 करोड़ का टेंडर फाइनल होने के बाद निरस्त कर दिया है, जिससे केस्को अधिकारियों में हड़कंप का महौल है। बोर्ड के अधिकारियों ने आधुनिकीकरण योजना का तीन माह में दोबारा टेंडर करने का आदेश जारी किया है।

वर्तमान में शहर के कई इलाकों में प्रतिदिन लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा ट्रांसफार्मरों पर लोड की वजह से भी लोगों को पूरे दिन व कई बार पूरी रात बिजली के बिना रहना पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के निस्तारण के लिए केस्को ने नए पॉवर सबस्टेशन बनाने, एलटी व एचटी लाइन बिछाने, ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड करने, केबलिंग के कार्य, स्मार्ट पैनल और कंट्रोल रूम सिस्टम बनाने के कार्य का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जिसपर मोहर भी लग गई थी। केस्को में वर्ष 2025 में आधुनिकीकरण योजना के तहत 503 करोड़ रुपये का टेंडर इरकान इंटरनेशनल कंपनी को फाइनल होना था। इस कंपनी को आने वाले दो सालों में यह सभी कार्य करने थे, लेकिन टेंडर फाइनल होने के बाद जब कंपनी से उपकरण खरीद की सूची मांगी गई तो उसमें उपकरणों के रेट 20 से 30 प्रतिशत अधिक बढ़े मिले।

इस पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन की अध्यक्षता में गठित केंद्रीय भंडारक्रय समिति के पदाधिकारियों और केस्को प्रबंध निदेशक ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई। लेकिन कंपनी ने सूची में कुछ ज्यादा सुधार नहीं किया तो यूपीपीसीएल बोर्ड ने 503 करोड़ का टेंडर निरस्त करने का निर्णय लिया। इस निर्णय के बाद बिजली सुधार से जुड़ी कई योजनाओं में और अधिक देरी होना तय माना जा रहा है। केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन के मुताबिक उपकरणों की दरें तय मानकों से अधिक मिलने पर यूपीपीसीएल बोर्ड को टेंडर निरस्त करना पड़ा। अब आगले तीन माह में रीटेंडरिंग प्रक्रिया को फाइनल करके कार्य शुरू कराए जाएंगे।

### आरडीएसएस में 474 करोड़ के काम भी नहीं हो सके पूरे

केस्को में रिवैम्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) वर्ष-2022 में शुरू हुई थी। इसका उद्देश्य वितरण नेटवर्क को आधुनिक बनाना, लाइन लॉस कम करना, वित्तीय स्थिरता में सुधार और बेहतर सेवा देना था। अक्टूबर 2024 तक शहर में 474 करोड़ रुपये के कार्य होने थे, लेकिन अधिकारियों के मुताबिक अभी तक 60 फीसदी काम ही हो सका है।

# उमस भरी गर्मी में बिन बिजली उबले लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जवाहर नगर, पीरोड, सीसामऊ, ब्रह्म नगर, नेहरू नगर व रामबाग में दोपहर 12 बजे से रात नौ बजे तक बिजली संकट रहा। इन क्षेत्रों में बिजली हर दो से पांच मिनट में आती-जाती रही। हालांकि केस्को अधिकारियों ने दावा किया कि जवाहर नगर उपकेंद्र से पोषित 11केवी 80 फीड रोट फीडर की आपूर्ति आपात स्थिति में एचटी पोल पर कार्य की वजह से सुबह 11.33 से दोपहर 12.20 बजे तक बाधित रही। लेकिन परेशान लोगों ने बताया कि केस्को का टोल फ्री नंबर 18001801912 पहले तो मिला नहीं, जब कॉल अटेंड हुई तो सही जवाब नहीं मिला। कई बार लोगों ने जवाहर नगर सबस्टेशन में जाकर बिजली आने के संबंध में जानकारी ली, तो बताया गया कि ब्रह्म नगर चौराहे के पास सड़क धंसने और पेड़ गिरने की वजह से जो तार टूट गए हैं, उनकी शिफ्टिंग और दुरस्तीकरण का काम चल रहा है। उधर, जरौली, ठाकुर चौराहा व कर्रही क्षेत्र में भी बिजली दोपहर एक बजे से रात आठ बजे तक गुल रही। **इन क्षेत्रों में भी रहा संकट:** नौबस्ता, वसंत विहार, अहिरवा, विराट नगर, सैनिक नगर, आजाद नगर, दयानंद विहार, जाजमऊ, देव नगर, रायपुरवा, आचार्य नगर, आदर्श नगर, जेके कॉलोनी जाजमऊ, गोविंद नगर, रतनलाल नगर, आर्य नगर, डिप्टी पड़ाव, जूही लाल कॉलोनी, सफेद कॉलोनी, डिपो, साकेत नगर, योगेंद्र विहार, पराग दूध डेरी, छबिलेपुरवा, चेतना बिल्डिंग, शांति नगर समेत 70 से अधिक क्षेत्रों में कहीं बिजली तीन से चार घंटे, तो कहीं छह से सात घंटे गायब रही। कैंट क्षेत्र में हाईवोटेज की समस्या है।



ट्रांसफॉर्मर में मरम्मत करता केस्को कर्मी। अमृत विचार

### क्या बोले लोग

"उमस भरी गर्मी में लोगों को बिजली संकट का काफी सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से परेशानी है। बिजली न आने की वजह से व्यापार में भी नुकसान का सामना करना पड़ता है।



–मोहित निगम

केस्को के सारे दावे गर्मी के मौसम में हवा हवाई साबित होते दिख रहे हैं, जिसका खामियाजा प्रतिदिन उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है, लेकिन व्यवस्था नहीं सुधर रही है।



–वैभव त्रिपाठी

बिजली काफी देर तक नहीं आने पर जब केस्को का टोल फ्री नंबर मिलाया जाता है तो पहले वह मिलता नहीं, मिलता है तो सटीक उत्तर नहीं आता। बताए गए समय पर कभी बिजली नहीं आती है।



–हेमंत वालेचा

घंटों बिजली गुल रहने और आने के बाद बार-बार जाने की वजह से नए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का फुंकने का काफी डर सताता रहता है। बिजली न आने की वजह से उपकरणों की मरम्मत भी नहीं हो पाती।"



–आनंद गुप्ता

# अमेरिका निवासी डॉक्टर को दीनू से खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डॉक्टर ने पैतृक मकान पर कब्जे का लगाया आरोप, पीड़ित के पिता की दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अमेरिका में रह रहे डॉक्टर को भी दीनू उपाध्याय का खौफ परेशान कर रहा है। उसने खुद को दीनू से खतरा बताया है। पीड़ित डॉक्टर ने एक पुलिस अधिकारी को फोन कर बताया कि दीनू और उसके साथी उसके पैतृक मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। कैंसर पीड़ित पिता ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉक्टर की शिकायत पर डीसीपी सेंट्रल ने नजीराबाद पुलिस को आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं।

डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार ने बताया कि अमेरिका निवासी डॉक्टर अंशुल तिवारी ने उन्हें कॉल कर अपने पैतृक मकान पर दीनू और उसके साथियों के कब्जा करने की शिकायत की है। जिसकी रिपोर्ट उनके कैंसर पीड़ित पिता अनिल तिवारी ने नजीराबाद थाने में 2024 में दर्ज कराया था। आरोप है कि उनके पैतृक मकान में भाई प्रमोद तिवारी, भतीजा सौरभ अपने साथियों के साथ मिलकर कब्जा कर लिया है। एक अक्टूबर 2024 को उनके हिस्से का ताला तोड़कर दो लाख रुपये व पांच लाख के जेवर लूट लिए। नजीराबाद थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीसीपी सेंट्रल के अनुसार मामले में चार्टशीट न्यायालय में दाखिल हो चुकी है, लेकिन वादी की शिकायत पर दोबारा विवेचना की जा रही है। पीड़ित डॉक्टर के अनुसार दीनू उपाध्याय, नीरज दुबे, राजन बाजपेई, अशोक बाजपेई उन पर मकान छोड़ने और मुकदमा वापस लेने का दबाव डाल रहे हैं। पुलिस ने जांच शुरू की है।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म

**कानपुर।** रेलबाजार में रिश्तेदार के घर मुंडन में आई किशोरी का अपहरण करने वाला उसे झांसी ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से गुरुवार को किशोरी को तलाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

फीलखाना क्षेत्र की महिला के अनुसार 22 जून को वह रेल बाजार के खपरा मोहाल में रिश्तेदार के घर मुंडन में गई थी। 15 वर्षीय बेटी भी साथ थी। वहीं से बेटी को आरोपी ले गया था। पीड़िता ने रेलबाजार थाने में अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस सर्विलांस की मदद से गुरुवार को आरोपी को झांसी से गिरफ्तार कर ले आई। आरोपी आकाश राजपूत मूलरूप से झांसी के प्रेमनगर गडिया गांव का है। वह अनवरगंज में किराए पर रहकर मजदूरी करता है। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि अनवरगंज में रहने के दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी।

## हिस्ट्रीशीटर ने युवक को बेरहमी से पीटा

**कानपुर।** कर्नलगंज में हिस्ट्रीशीटर को रास्ते से हटने के लिए कहना युवक को भारी पड़ गया। हिस्ट्रीशीटर ने साथियों के साथ मिलकर युवक को पीटकर बेदम कर दिया।

छोटे मियां का हाता निवासी मो. वसीम के अनुसार बीती 27 जून की रात वह बाजार जा रहा था। टिल्ले वाला मैदान के पास हिस्ट्रीशीटर शहजादे अपने साथी साहेबे आलम उर्फ लग्गघड़, शहनवाज, सलमान आदि के साथ बीच रास्ते में खड़ा था। निकलने का रास्ता न देखकर उससे हटने के लिए कहा। इस पर हिस्ट्रीशीटर शहजादे गाली-गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो साथियों के साथ मिलकर उसे जमकर पीटा। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। कर्नलगंज थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर हिस्ट्रीशीटर शहजादे को जेल भेजा गया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

**थैले बांटने का आह्वान** — अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर क्षेत्रीय और जिला कार्यालयों में ली गई शपथ

# भाजपा ने प्लास्टिक बैग मुक्त समाज का उठाया बीड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कपड़ों से बने थैले वितरित कर घर-घर जागरूकता फैलाने का आह्वान

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व जिला कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में प्लास्टिक का इस्तेमाल छोड़ने का आह्वान किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय में प्लॉगर ग्रुप की संस्थापक एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही संजीवनी शर्मा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने के लिए जन आंदोलन खड़ा करना होगा। लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करना पड़ेगा।

क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल ने लोगों को शपथ दिलाई कि प्लास्टिक की जगह जूट की थैलियों का उपयोग करेंगे। सनातन संस्कृति प्रकृति के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती है। इसी कारण पूर्वजों ने कभी प्लास्टिक जैसे प्रदूषणकारी साधनों का प्रयोग नहीं किया। प्लास्टिक आज पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय में प्लास्टिक का प्रयोग प्रतिबंधित करने की घोषणा की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं संचालन गणेश शुक्ला ने किया। अंत में सभी को पर्यावरण अनुकूल पुराने कपड़ों से बने थैले वितरित किए गए। पर्यावरण प्रेमी संगठन, समाजसेवियों के अलावा ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, पूनम द्विवेदी, दीप अवस्थी, मोहित सोनकर, रीता शास्त्री, जसविंदर सिंह, अर्जुन बेरिया, आलोक शुक्ला मौजूद रहे।



पर्यावरण के अनुकूल पुराने कपड़ों से घर पर बने थैले वितरित किए गए। अमृत विचार

### नाले-नालियां जाम होने का अहम कारण पॉलीथिन

भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने की शपथ दिलाई। कहा कि नाली-नाले जाम होने की असली समस्या प्लास्टिक हैं। सतेंद्र पांडे, अनुराग शर्मा, अवधेश सोनकर, रंजीता पाठक, आकाश शुक्ला, अभिनव दीक्षित, शिवांग मिश्रा, विनय पटेल, सीमा, रोहित साहू, आनंद मिश्रा, अनुपम मिश्रा, प्रमोद विश्वकर्मा, दीपक सिंह, पवन गुप्ता, रमाशंकर अग्रहरि, अश्वनी गौतम, अभिमन्यु सक्सेना, वात्सेय त्रिपाठी, विवेक पांडे आदि रहे।

### नव नियुक्त मंडल पदाधिकारियों को किया सम्मानित

- भाजपा दक्षिण कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और दक्षिण जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा संगठन की मजबूती में मण्डल स्तर के पदाधिकारी मजबूत स्तम्भ हैं। गणेश शुक्ला, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी,अनुराग शुक्ला, शिवपूजन सविता, वंदना गुप्ता, अर्जुन बेरिया, मंडल अध्यक्ष सनी जायसवाल, दीपू पासवान, विनीत दुबे, बिट्टू परिहार, दीपांकर मिश्रा, संजय तिवारी, सुमित तिवारी, अनीता परमार, सुमित कश्यप, ओपी आर्य, लक्ष्मी निषाद, आलोक वर्मा, विवेक शुक्ला उपस्थित रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मै **सत्य भामा सिंह उर्फ पप्पी देवी पत्नी शैलेन्द्र बहादुर सिंह गांव जोगापुर तहसील लालगंज थाना खीरों जनपद रायबरेली** की निवासिनी हूं। मेरी भारतीय जीवन पॉलिसी संख्या 236526771 में मेरा नाम पप्पी देवी अंकित है। जबकि मेरा नाम सत्य भामा सिंह उर्फ पप्पी देवी के नाम से जानी पहचानी जाती हैं।

**सूचना**

मैं **विशनू गुप्ता पुत्र गौरी शंकर निवासी मो0 बहरा सौदागर, हरदोई** का हूँ। यह कि मेरे पुत्र नाम पूर्व में जीत गुप्ता था, जिसके नाम से आधार कार्ड जारी हुआ था। मैंने अपने पुत्र का नाम जीत गुप्ता से दस्तावेजों में परिवर्तित करके हार्दिक गुप्ता कर दिया है। अब मेरे पुत्र को हार्दिक गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैने अपना नाम RAMSHA से बदलकर RAMSHA ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME - SHAHZAD ALI ADD-10, GAUTAM BUDH MARG, AMINABAD PARK, DIST-LUCKNOW-226018 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम ROHAAN से बदलकर ROHAAN ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME, SHAHZAD ALI ADD-10, GAUTAM BUDH MARG, AMINABAD PARK, DIST-LUCKNOW -226018 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम ZAINAB से बदलकर ZAINAB RAFI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME , MOHAMMAD RAFI ADD-117/84,JAMBOOR KHANA, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P)


**सूचना**

मैने अपना नाम ZAINAB से बदलकर ZAINAB RAFI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME , MOHAMMAD RAFI ADD-117/84,JAMBOOR KHANA, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P)


**सूचना**

मैं **कु. रागिनी शर्मा पुत्री श्री भगर्वत शर्मा निवासिनी– ए–7, अवधपुरी खंड–2, खरगापुर, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश– 226010** की हूँ, मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका क्रमांक संख्या– 1188790 सत्र 2014–15 अनुक्रमांक– 1228432 प्रमाण पत्र क्रमांक– 34020299 दिनांक– 23.06.2025 वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1407550 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226044045 वास्तव में कहीं खो गया है । **विवेक कुमार पुत्र अरविंद कुमार, पता–विकास कुंज दिबियापुर औरैया**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कैलाशा देवी उर्फ राजेश्वरी पत्नी स्व. कैलाश नि0 ग्राम सुखईपुरवा प्रताप नगर बेनीगंज देहात पो0 बेनीगंज जिला हरदोई।** मेरा नाम आधार कार्ड नं0– 5667 5198 0097 पर राजेश्वरी अंकित है तथा पिन कोड नं0–241304 है। मेरी बीमा पालिसी सं0–224434977 जिसमें कैलाशा देवी अंकित है, तथा पहचान पत्र पर कैलाशा देवी अंकित है। कैलाशा देवी व राजेशवरी दोनों नाम एक ही महिला के है अन्य किसी के नहीं है। उक्त बीमा पालिसी का भुगतान राजेश्वरी उर्फ कैलाशा देवी पत्नी स्व कैलाश के खाते में कर दिया जाये। पंजाब नैशनल बैंक शाखा बेनी गंज जिला हरदोई जिसकी खाता सं0– 1862000100147268 है।

**सूचना**

मै बेचन सुत बिशम्भर पांडे निवासी साई की तकिया नयी बाजार दोस्तपुर अपने छोटे पुत्र मोहित पांडे व बहू टिंकल के आचरण व चाल चलन से संतुष्ट नहीं हूं शादी के बाद से मुझसे अलग रह रहे हैं इन दोनों के किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है मै अपनी चल अचल संपत्ति से इन दोनों को बेदखल करता हूँ। **बेचन सुत बिशम्भर पांडे साई की तकिया पंडा टोला, दोस्तपुर, कादीपुर, सुल्तानपुर**

**सूचना**

मैं **शैलजा त्रिपाठी पत्नी श्री ज्ञानेश्वर त्रिपाठी निवासिनी–सी–37, बटलर पैलेस कालोनी, लखनऊ उ0प्र0** की हूँ । मेरा विवाह से पूर्व नाम शैलजा पाठक पुत्री शिव नारायण पाठक था जो कि विवाह के बाद शैलजा त्रिपाठी पत्नी ज्ञानेश्वर त्रिपाठी हो गया है। शैलजा पाठक व शैलजा त्रिपाठी दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे ही नाम हैं। यहकि भविष्य में मुझे शैलजा त्रिपाठी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै शर्मा देवी मौर्य पत्नी दयाराम मौर्य मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या–218548983 में शर्मा देवी मौर्या पत्नी दयाराम मौर्या दर्ज है। मेरा वास्तविक नाम रेखा देवी है। मेरे पॉलिसी में दर्ज नाम शर्मा देवी मौर्या को रेखा देवी के नाम से जाना जाए। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। **शर्मा देवी मौर्य उर्फ रेखा देवी पत्नी दयाराम मौर्य, निवासी– त्योना पोस्ट बेरुआ तहसील संडीला, जिला–हरदोई**

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
SUNDAY OPEN
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना भर्ती मरीज़ों के लिए मान्य होगी।
आयुष्मान योजना / ECHS / CGHS की सुविधा उपलब्ध
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दांत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग | स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
समस्त प्रकार की बीमारियों का सम्पूर्ण इलाज एवं निःशुल्क ऑपरेशन
सभी जांचें एवं दवाइयों पर 50% तक की छूट
3 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक के लिए मान्य
यह निःशुल्क सेवा सीमित समय तक के लिए है, इस योजना का लाभ उठायें
OPD - प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा) निःशुल्क
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
*T&C Apply
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

## आज का मौसम

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

32.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:20 | सूर्यास्त 07:06

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### टाटा मोटर्स ने 123 युवाओं को चयनित किया

**कानपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पांडुनगर में गुरुवार को आयोजित रोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला में टाटा मोटर्स लखनऊ ने 33 युवाओं को रोजगार व 90 युवाओं को अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित किया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य हरीश कुमार मिश्रा ने चयनित छात्र-छात्राओं को मेहनत से काम करने की सीख दी। मेले के दौरान प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप सेल प्रभारी अजय द्विवेदी, अमित दीक्षित, विवेक शुक्ला व रिजवान अहमद के अलावा सेवायोजन विभाग से अजय शुक्ला व शैलेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

### जमीनों का सर्किल रेट बढ़ाने के लिए 10 जुलाई तक सर्वे कराने के बाद तैयार होगा प्रस्ताव

# नए क्षेत्रों में विकास और मेट्रो के कारण जमीन होगी महंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में सर्किल रेट बढ़ने पर जमीन, दुकान और मकान खरीदना और महंगा हो जाएगा। नए इलाकों में हो रहा विकास और मेट्रो के विस्तार वाले क्षेत्र में जमीनों के दाम अधिकतम 20 फीसदी तक बढ़ाए जा सकते हैं। सर्किल रेट बढ़ाने के लिए प्रशासन ने 10 जुलाई तक सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सब रजिस्ट्रार अपने-अपने क्षेत्रों में घूमेंगे। अधिकारियों को 15 दिन में आपत्तियां लेनी होंगी और 25 जुलाई तक निस्तारण कराना होगा। एक अगस्त से नए रेट लागू हो सकते हैं। माना जा रहा है कि शहर से सटे इलाकों में भी जमीनों की कीमत में तेजी से उछाल आएगा।

2018 से 2023 तक शहर में सर्किल रेट नहीं बढ़ाए गए थे। अब जिन प्रमुख सड़कों के दोनों तरफ व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ी हैं, उन क्षेत्रों का सर्वे हो रहा है। यहां सर्किल रेट बढ़ाए जाएंगे। बिठूर कला, हिंदूपुर, सिंहपुर में आवासीय जमीन के बाजारू रेट बढ़ते देखकर सर्किल रेट बढ़ सकता है। इन क्षेत्रों में जमीनों पर प्लाट काटकर बेचे जा रहे हैं। पिछले साल भी सर्किल रेट बढ़ाए गए थे। अब इस साल और वृद्धि की तैयारी है। इस संबंध में एडीएम वित्त, एआइजी स्टांप और सब रजिस्ट्रारों की जल्द बैठक होगी। 10 जुलाई तक सर्किल रेट बढ़ाने के प्रस्ताव तैयार होने हैं। एआइजी स्टांप श्याम सिंह विसेन ने बताया कि 10 से 25 जुलाई तक सर्किल रेट बढ़ाने के प्रस्तावों पर आपत्तियां मांगी जानी हैं। एक अगस्त से नए सर्किल रेट लागू कराने की तैयारी है।



कानपुर नगर में तेजी से बढ़ रहे आवासीय क्षेत्र। अमृत विचार

**01** अगस्त से लागू हो सकते नए रेट, शहर से सटे इलाकों में भी बढ़ जाएगी जमीन की कीमत

**2018** से 2023 तक शहर में सर्किल रेट नहीं बढ़ाए गए थे।

**15** दिन में आपत्तियां लेनी होंगी विभागीय अधिकारियों को

### मेहरबान सिंह पुरवा के आगे तेजी से विकास

■ कानपुर दक्षिण क्षेत्र में मेहरबान सिंह पुरवा के आगे तेजी से विकास हुआ है। यहां बनपुरवा, पिपौरी, कैंधा रोड, फत्तेपुर से रमईपुर को जोड़ने वाले मार्ग पर बड़ी संख्या में जमीनों की खरीद-फरोख्त हो रही है। नई प्लाटिंग के साथ छोटे-बड़े स्कूल भी खुल रहे हैं। इससे जमीनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। अभी यहां जमीन का सर्किल रेट 9 से 15 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर है, लेकिन सर्किल रेट बढ़ने के बाद रेट 20 हजार रुपये तक पहुंच सकते हैं।

**अभी कहां कितना सर्किल रेट (प्रति वर्गमीटर)**

| मोहल्ला | आवासीय | व्यावसायिक | मोहल्ला | आवासीय | व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | लखनपुर | 31000 | 38000 |
| जूही बारादेवी | 79000 | 112000 | काकादेव एम ब्लाक | 28000 | 93000 |
| स्वरूप नगर | 62000 | 76000 | किदवई नगर साइट नंबर | 1 26000 | 69000 |
| सिविल लाइंस | 59000 | 113000 | जरीबचौकी | 25000 | 93000 |
| सीसामऊ | 39500 | 62000 | कल्याणपुर खुर्द | 12800 | 44000 |
| दर्शनपुरवा | 33000 | 93000 | कल्याणपुर कला | 12800 | 44000 |
| किदवई नगर ब्लाक के व ओ | 35000 | 69000 | चकेरी | 1160 | 43000 |
| सूटरगंज | 31000 | 50000 | – | – | – |




## आर्किटेक्ट ने फंदा लगाकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **कल्याणपुर में बहन के घर में रहकर गंगा बैराज पर चल रहे प्रोजेक्ट का देख रहा था काम**

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में बहन के घर रह रहे गाजियाबाद निवासी 47 वर्षीय आर्किटेक्ट अवधेश कुमार वर्मा ने गुरुवार तड़के फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। पता चला है कि बीते तीन दिन से आर्किटेक्ट शराब पी रहा था।

आर्किटेक्ट अवधेश की कंपनी का प्रोजेक्ट गंगा बैराज पर चल रहा है। वह दो साल से कल्याणपुर के आवास विकास अंबेडकरपुरम में बहन शशिप्रभा के घर पर रह रहे थे। गुजैनी निवासी बड़े भाई अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि अवधेश की पत्नी लतेश और दो बटियां व एक बेटा गाजियाबाद में हैं। बहनोई आनंद के अनुसार गंगा बैराज पर कंपनी का काम लगभग खत्म हो गया था, एक-दो दिन में अवधेश गाजियाबाद जाने वाला था। तीन दिन से लगातार शराब पी रहा था। बुधवार रात में भी उसने शराब पी थी। भोर पहर कमरे में उसका शव फंदे से लटका देखा। कल्याणपुर पुलिस ने जांच-पड़ताल की। आनंद के अनुसार उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है।



पनीर की जांच करती खाद्य सुरक्षा टीम। अमृत विचार

## 380 किलो घटिया पनीर नष्ट किया, 14 जगह से भरे नमूने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **खाद्य सुरक्षा विभाग ने अवमानक पनीर के खिलाफ चलाया बड़ा अभियान**

● **मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने बनाने वाले के खिलाफ होगी कठोरतम कार्रवाई**

**अमृत विचार।** मिलावटी पनीर के खिलाफ गुरुवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने जिले में बड़ा अभियान चलाकर 380 किलो पनीर जब्त करके नष्ट कराया। टीम ने घटिया पनीर के 14 नमूने भरकर जांच के लिए भेजे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने बताया कि लोगों को मिलावट रहित और सेहतमंद पनीर उपलब्ध कराने के लिए गुरुवार को एक साथ कई टीमों ने अभियान चलाया। पनीर दुकानों, रेस्टोरेंट और प्रमुख आवागमन मार्गों पर अचानक चेकिंग की गई। पनीर लेकर जा रहे वाहनों को रोककर नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। टीम ने गुरुदेव के पास तीन जगह से 30, 90 व 70 किलो पनीर अवमानक मिलने पर नष्ट कराया। न्यू गंगापुल बिठूर में 50 किलो, मालरोड स्थित प्रतिष्ठान से 80 किलो व जनरलगंज सब्जी मंडी में केसरवानी प्रतिष्ठान से 60 किलो पनीर जब्त कर नष्ट कराया। कलक्टरगंज, न्यू सब्जी मंडी लाल बंगला, न्यू गंगापुल बिठूर, मालरोड, घाटमपुर स्थित प्रतिष्ठानों से पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। अभियान लगातार चलेगा। दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि अगर आगे से अवमानक पनीर मिले तो जुर्माना, दुकान सीज की भी कार्रवाई होगी।



पनीर नष्ट कराती खाद्य सुरक्षा टीम।

## वैट के बकाया में फैक्ट्री की कुर्की

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग ने वैट से संबंधित पुराने बकाये पर वसूली अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत कानपुर जोन प्रथम के अपर आयुक्त ग्रेड-1, सैमुअल पाल एन और संयुक्त आयुक्त सम्भाग बी, देवेन्द्र सिंह ने पुराने बकायेदारों के खिलाफ कठोर और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। खंड -12, कानपुर के क्षेत्र में बकायेदार मेसर्स कृष्णा एग्रो इण्डस्ट्रीज पर 25 लाख रुपये वैट बकाया लंबित था। व्यापारी द्वारा बकाया राशि न जमा करने पर विभाग ने पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया में स्थित व्यापारी की फैक्ट्री, एमटीसी सी 11, पनकी साइट-3 को कुर्क कर लिया। विभाग ने करदाता को बकाया राशि जमा करने के लिए एक माह का अंतिम समय दिया है।

# अलमारी शिफ्ट करने में दौड़ा करंट, बेटी की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा-आठ में तीसरे खंड पर रखी अलमारी दूसरे कमरे में शिफ्ट करते समय हाईटेंशन लाइन से छू गई। अलमारी से छज्जे की रेलिंग में करंट दौड़ गया, जिसकी चपेट में आकर आठ वर्षीय बालिका की मौत हो गई। बेटी को बचाने में मां भी चपेट में आ गईं। महिला को गंभीर हालत में उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक बच्चा मामूली रूप से झुलसा है।

मूलरूप से घाटमपुर पश्चिमी निवासी अमित सविता बर्रा आठ में राजन के मकान में तीसरी मंजिल पर किराये पर रहते हैं। घर के समीप ही उनकी सैलून की दुकान है। परिवार में पत्नी अनामिका और छह साल के बेटे अंश के अलावा आठ वर्षीय बेटी काव्या है। मकान की तीसरी मंजिल पर छज्जे के पास से हाईटेंशन लाइन निकली है। गुरुवार दोपहर तीन बजे अमित अपनी अलमारी दूसरे कमरे में शिफ्ट कर रहे थे। इसी दौरान छज्जे पर अलमारी हाईटेंशन लाइन से छू गई। इससे छज्जे की रेलिंग में करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आकर काव्या व अनामिका गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन दोनों को लेकर उर्सला पहुंचे। डॉक्टरों ने काव्या को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनामिका की हालत गंभीर है।



करंट से झुलसी अनामिका। अमृत विचार



बेटे के साथ उर्सला में अमित।



उर्सला के बाहर मौजूद अमित के पड़ोसी। अमृत विचार

> हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर आठ वर्षीय काव्या की मौत हुई है। उसकी मां की हालत गंभीर है। परिजन अगर तहरीर देते हैं तो उसके आधार पर जांच व कार्रवाई की जाएगी।
>
> –दीपेंद्र नाथ चौधरी, डीसीपी साउथ

### आंधी के दौरान हट गया था छज्जे पर लगा बांस

बर्रा, गुजैनी और नौबस्ता के कई इलाकों में सैकड़ों ऐसे घर हैं, जिनकी छत या छज्जों के पास से हाईटेंशन लाइन निकली है। इस कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं। लोग हाईटेंशन लाइन से बचने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। जैसे छज्जों के पास बांस लगा दिए गए हैं, किसी ने तारों पर रबर या प्लास्टिक के पाइप पहना दिए हैं। राजन ने भी तार व छज्जे के बीच बांस लगाया था, लेकिन कुछ दिन पहले आई आंधी के कारण बांस हट गया था।

### दो दिन पहले बेटी का मनाया था जन्मदिन

एकलौती बेटी काव्या का जन्मदिन एक जुलाई को परिजनों ने धूमधाम से मनाया था। कमरा सजाया गया था और काव्या ने अपनी सहेलियों के साथ खूब डांस किया था। उन पलों को यादकर पिता फफक पड़े।

**निर्णय अनुचित** | सुबह और शाम के व्यस्त समय में रोज आने-जाने वालों की बढ़ेगी परेशानी, दोगुना किराया वसूलने की अनुमति देने से शहरी नाखुश

# पीक ऑवर में कैब का डबल किराया, शहरियों का जेब काटने वाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ओला, उबर और रैपिडो जैसी कैब सेवा कंपनियों को पीक ऑवर में दोगुना किराया वसूले जाने की अनुमति मिलने से शहरी नाखुश हैं। उनका कहना है कि जब उन्हें कैब की सबसे ज्यादा जरूरत होगी, तब आधार मूल्य का दोगुना तक किराया देना पड़ेगा। यह निर्णय कैब इस्तेमाल करने वाले लोगों की जेब काटने वाला है।



> कैब की सबसे ज्यादा जरूरत हम लोगों को तब होती है जब पेपर देने दूसरे शहर जाते हैं। पेपर छूटता है तो कैब की मांग बढ़ जाती है। इस स्थिति में अब हम लोगों को लोकल कैब महंगी मिलेगी। यह युवाओं के लिए दोहरी मार होगी।
>
> –आयुषी सिंह



> कैब के औसत किराए का पीक ऑवर में दोगुना होने का लाभ कैब कंपनियों का होगा। हम लोगों की जेब उस वक्त हल्की होगी जब कैब की सबसे अधिक जरूरत होती है। इस तरह से हम लोगों की मजबूरी का फायदा कैब कंपनियां उठाएंगी।
>
> –अशुमेंद्र सिंह






> पीक ऑवर में किराया दोगुना वसूलने का मतलब है कि अब हम लोगों को नए विकल्प की तलाश करनी होगी। कही यदि पूरे परिवार के साथ जाना होगा तो कैब के बजाए ट्रैवल्स की कार खोजनी होगी।
>
> –सर्वेश तिवारी



> कैब किराया महंगा होना आम आदमी की जेब पर और अधिक बोझ है। कैब कोई शौक में बुक नहीं करता है। जब उसे जरूरत होती है तभी सुविधा लेता है। यह निर्णय आम लोगों को सबसे अधिक प्रभावित करेगा।
>
> –आशीष कटियार



> कैब किराए को पीक ऑवर में महंगा किए जाने की वजह कंपनियों को लाभ देना है। युवा कैब का सबसे अधिक प्रयोग करते हैं। उन्हें ही इसका सबसे अधिक नुकसान होगा। अब कैब ड्राइवर की मनमानी और अधिक बढ़ेगी।
>
> –अंजलि कोस्टा

# जीएसवीएम को जल्दी ही एम्स का दर्जा मिलने की उम्मीद बढ़ी

## विधायक अभिजीत सांगा का दावा, मुख्यमंत्री ने मांग पूरी करने के लिए आश्वस्त किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को एम्स का दर्जा दिलाने के लिए बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा प्रयासरत है, इसके लिए उन्होंने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस बीच बुधवार को लखनऊ में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, सचिव, संयुक्त सचिव व डीजीएमई की बैठक में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने जीएसवीएम को एम्स बनाने के संबंध में प्रेजेंटेशन भी दिया। प्राचार्य ने बताया कि छह मेडिकल कॉलेजों को एम्स बनाने की योजना है, जिसमें सबसे पहले कानपुर को चुना गया है, इसके लिए एक्ट बनाया जाएगा। इस एक्ट को अगली बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता करते बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा।

बैठक में कानपुर पीजीआई के प्रभारी प्रो.मनीष सिंह और जीएसवीएम कॉलेज से प्रो.सौरभ भी मौजूद रहे।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से हैलट, बाल रोग अस्पताल, जच्चा-बच्चा अस्पताल, मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल और सुपर स्पेशिलियटी हॉस्पिटल संबंद्ध है। यहां 18 जिलों से मरीज इलाज के लिए आते हैं। लेकिन कॉलेज होने की वजह से जीएसवीएम कई सुविधाओं से वंचित है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में ही सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों और

- लखनऊ में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने एम्स बनाने के लिए दिया प्रेजेंटेशन

जटिल व अनुवांशिक बीमारियों के निदान के लिए शोध किए जा सकें, इसलिए जीएसवीएम को एम्स का दर्जा मिलना जरूरी है।

विधायक अभिजीत सिंह सांगा की इस संबंध में मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। विधायक अभिजीत सिंह सांगा के मुताबिक मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को एम्स बनाने के संबंध में सरकार गंभीर है, जल्द ही कानपुर मेडिकल कॉलेज को एम्स का दर्जा दिया जाएगा। यह न सिर्फ कानपुर, बल्कि पूरे मंडल की चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी।

# हजरत-ए-कासिम के मेहंदी जुलूस में उलटे पांव चले पैकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चमनगंज में हाजी शेरा का अलम जुलूस में नौहाख्वानी और लंगर

**अमृत विचार।** गुरुवार को मुहर्रम की सात तारीख पर चमनगंज से हाजी शेरा का अलम जुलूस उठाया गया। जबकि नवाब हैदर अली खां का इमाम बारगाह आगामीर मकबरा, नई सड़क से हामिद मियां और बाबूपुरवा से मरहूम मास्टर का वर्षों पुराना मेहंदी जुलूस निकला। मेहंदी जुलूस को हजारों पैकियों ने कन्धा दिया और उलटे पांव चले।

गुरुवार की रात को ग्वालटोली मकबरा की अन्जुमन कनीजाने सैय्यदा ने इमाम बारगाह नजीर अहमद से मेहंदी का जुलूस उठाया। पटकापुर नवाब दूल्हा के हाते में अन्जुमने कनीजाने जेहरा ने हजरत कासिम की मेहंदी का जुलूस उठाया। नई सड़क से हामिद की मेहंदी का जुलूस उठा। इमाम बारगाहों, मस्जिदों, इमाम चौक और घरों के इमामबाड़ों में हजरत कासिम की मेहंदी सजाई गयी। मलीदा और फलों पर फातिहा दिलाई गयी और मजलिसों में ग्वालटोली मकबरा इमाम बारगाह आगामीर से नवाब हैदर अली खाँ का 156 साल पुराना हजरत कासिम की मेहंदी का जुलूस शान व शौकत से या हुसैन की सदाओं के साथ उठाया गया। जुलूस में नौहों के साथ सीनाजनी की जा रही थी। जुलूस में हज़रत कासिम की मेहंदी का थाल अकीदतमन्द लेकर चल रहे थे। जुलूस में शानदार अलम व अमारियों से सजे ऊंट भी थे। यह जुलूस मकबरा छोटी कर्बला में गश्त के बाद ग्वालटोली बाजार व मछली वाला तिराहा होता हुआ सिविल लाइन्स इमाम बारगाह नवाब हैदर अली खां में पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस का नेतृत्व नवाब हैदर अब्बास, नवाब अली अब्बास, महामंत्री शंहशाह मिर्जा, निशात अली, ताज मिर्जा, कर रहे थे। जुलूस में डा. जुल्फिकार अली रिजवी, सिकन्दर सीतापुरी, आसिफ अब्बास, नजरे आलम जाफरी, परवेज़ जाफ़री, मुन्तजिर हसन, आसिफ रिजवी चिन्टू, डा.अयाज हैदर, अनवार अहमद मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



परियोजना निदेशक ऐरावत रिसर्च फाउन्डेशन प्रो. सच्चिदानन्द त्रिपाठी और कानपुर स्मार्ट सिटी लि. के अध्यक्ष मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन। अमृत विचार

### ऐरावत रिसर्च फाउन्डेशन से स्मार्ट सिटी का एमओयू

**कानपुर।** कानपुर स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित आईसीसीसी परियोजना के बेहतर संचालन के लिए गुरुवार को आईआईटी कानपुर की ऐरावत रिसर्च फाउन्डेशन के परियोजना निदेशक प्रो. सच्चिदानन्द त्रिपाठी और कानपुर स्मार्ट सिटी लि. के अध्यक्ष मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इसके तहत उन्नाव, फतेहपुर, हमीरपुर, औरेया और कानपुर देहात को एकीकृत कमाण्ड और नियंत्रण केन्द्र (आईसीसीसी) के साथ जोड़ने का प्रस्ताव है। ऐरावत रिसर्च फाउन्डेशन आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस के माध्यम से जिले को डिजिटल करते हुए पेयजल पाइपलाइन नेटवर्क, यातायात, वेस्ट मैनेजमेंट, स्मार्ट पॉवर ग्रिड सुविधाओं को बेहतर बनाने का कार्य करेगा।


ज्ञापन देने जाते एएसएपी छात्र संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### एएसएपी छात्र संगठन ने दिया ज्ञापन

**कानपुर।** एसोसिएशन फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) ने चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता को ज्ञापन देकर हॉस्टल परिसर में कूलर के उपयोग पर लगाए गए जुर्माने को अनुचित बताया। जिलाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने कहा कि भीषण गर्मी की स्थिति में कूलर की जरूरत है। जुर्माने की राशि काफी अधिक है इसे खत्म किया जाना चाहिए।

### दिनेश आईआईए के मंडल और आरके चैप्टर अध्यक्ष बने

**कानपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के कानपुर मंडल में दिनेश बरसिया को अध्यक्ष व कानपुर चैप्टर में आरके अग्रवाल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उद्योगों तथा औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओ के समाधान के लिए संघर्षशील उद्यमी के रूप में दिनेश बरासिया की पहचान है, जबकि वरिष्ठ उद्यमी आरके अग्रवाल आईआईटी कानपुर से स्नातक है और मेसर्स नेट प्लास्ट लिमिटिड के प्रबंध निदेशक हैं। संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण खेत्रपाल, सुनील वैश्य, आलोक अग्रवाल, जय हेमराजानी, संजय जैन, नवीन खन्ना ने दोनों मनोनयन पर खुशी जताई है।


दिनेश बरसिया


आरके अग्रवाल।


उद्घाटन कर वॉटर स्टेशन देखते सांसद रमेश अवस्थी साथ में अमित खत्री।

### वॉटर स्टेशन खुला, मिलेगा मुफ्त ठंडा पानी

**कानपुर।** शास्त्री नगर स्थित एक्सेल पैलेस के सामने रोटरी क्लब कानपुर साउथ नित समाज सेवा ने राहगीरों को गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए वॉटर स्टेशन का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन गुरुवार को सांसद रमेश अवस्थी ने किया। यहां लोगों को निशुल्क ठंडा पानी उपलब्ध होगा। इस दौरान अमित खत्री, ललित श्याम दासानी, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 26-27 जसबीर सिंह भाटिया, पार्षद अरविंद यादव, ललित श्याम दासानी, अशोक मेहरा, जेएस अरोरा, गौरव सेवानी, गौरव बजाज, अनिल डोडवानी, अनिल लालचंदानी, संदीप भाटिया व महेश सोनी मौजूद रहे।


ज्ञापन दिखाते पेंशनर फोरम के सदस्य।

### आयुष्मान कार्ड के नाम पर ठगी और वसूली का आरोप

**कानपुर।** पेंशनर फोरम की बैठक साकेत नगर में भूपेश अवस्थी के कार्यालय में हुई। सदस्यों ने बताया कि अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के नाम पर ठगी और वसूली की जाती है। सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय सलिला श्रीवास्तव को ज्ञापन देकरर कार्रवाई को कहा गया है। बैठक में आनंद अवस्थी, सत्य नारायण, बी एल गुलबिया, सुभाष चंद्र भाटिया, एके निगम, आरके कटियार, मुंशी पंडित, सुधीर मिश्रा, वीपी श्रीवास्तव, कमल वर्मा, आरके श्रीवास्तव रहे।

## एक नजर

### पब्लिक स्कूलों में शिक्षा से वंचित हो रही युवा पीढ़ी

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में गुरुवार को पीडीए कार्यकर्ताओं की बैठक में नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि भाजपा सरकार बजट में शिक्षा में कटौती करके शिक्षा को बढ़ावा देने के बजाय अनदेखी कर रही है। पीडीए मिशन की 470 मलिन बस्तियों के सर्वे में युवा पीढ़ी पब्लिक स्कूलों की शिक्षा से वंचित हो रही है, लेकिन भाजपा शिक्षा पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, परमवीर गंभीर, महेंद्र सिह, रजत मिश्रा, विनय गुप्ता, ज्ञानेन्द्र यादव, चरन सिंह, रोहित निषाद, निर्मल यादव, मुमताज मंसूरी, अंशु बक्सरिया, चंदन बादशाह मौजूद रहे।

### नानकारी में पत्थर टूटा होने से गोवंश नाले में गिरा

**कानपुर।** वार्ड 27 नानकारी चरखी गेट में टूटे पत्थर की वजह से गोवंश नाले के अंदर गिर गया। क्षेत्रीय पार्षद ने इलाकाई लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पार्षद सुनील कुमार पासवान ने कहा कि क्षेत्र में कई नालों को खुला छोड़ दिया गया है। जिसकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं।

### हादसे में डिलीवरी ब्वॉय गंभीर रूप से घायल

**कानपुर।** बाइक की टक्कर से डिलीवरी ब्वॉय खलासी लाइन निवासी वीरेंद्र वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। चाचा राकेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को वीरेंद्र बाइक से डिलीवरी करने कंपनी बाग चौराहा जा रहा था। भैरव घाट चौराहा के पास बाइक सवार दो युवकों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। भतीजे के सिर में चोट आई है। आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड एक्सप्रेस के एसी कोच से यात्री का बैग चोरी

**कानपुर।** आनंदविहार से हटिया जा रही 12874 झारखंड एक्सप्रेस के एसी कोच से कारोबारी डीसी गुप्ता का बैग चोरी हो गया। कारोबारी सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार से बुधवार रात 2.16 बजे एसी-थ्री के बी-थ्री कोच की 57 नंबर सीट पर सवार हुए थे। बैग में सामान और जरूरी कागजात थे।

# पार्षद को तमंचा लगा मांगी 10 लाख रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पूर्व पार्षद समेत हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कर्नलगंज पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- आरोपी हिस्ट्रीशीटर अकील खिचड़ी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**अमृत विचार।** कर्नलगंज में वार्ड 110 के पार्षद से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। पार्षद ने पूर्व पार्षद पर हिस्ट्रीशीटर व साथियों के साथ मिलकर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। आरोप है कि तमंचे के बल पर 25 हजार रुपये वसूले गए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कर्नलगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके हिस्ट्रीशीटर अकील खिचड़ी को गिरफ्तार कर जले भेजा गया।

कर्नलगंज निवासी मो. नौशाद वार्ड 110 के पार्षद हैं। आरोप है कि पूर्व पार्षद मुर्सलीन उर्फ भोलू उनसे चुनावी रंजिश रखता हैं। वह पूर्व सपा विधायक के साथ आगजनी मामले में आरोपी हैं। पूर्व पार्षद मुर्सलीन उर्फ भोलू ने अपने साथी टिल्लू उर्फ शमशाद, हिस्ट्रीशीटर अकील खिचड़ी सहित अन्य के साथ मिलकर उनसे 10 लाख रुपये रंगदारी मांगी। पार्षद ने बताया 30 जून को हिस्ट्रीशीटर अकील खिचड़ी, श्मशाद उर्फ टिल्लू ने उन्हें जीआईसी मैदान के पास रोका, तमंचा दिखाते हुए कहा कि तेरे कारण भोलू का बहुत नुकसान हुआ है। आरोपियों ने उनसे 25 हजार रुपये ले लिए और बकाया 9.75 लाख रुपये जल्दी देने को धमकाया। 2 जुलाई को फिर रोका और रंगदारी की बकाया रकम मांगी। कर्नलगंज थाना प्रभारी रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके हिस्ट्रीशीटर अकील खिचड़ी को गिरफ्तार किया।


प्रदर्शन करते भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

# मजदूर संघ का पुरानी पेंशन पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ ने गुरुवार को आयुध कारखानों के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान आठवें वेतन आयोग के लिए समिति गठित किए जाने और पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के महासचिव मुकेश सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने आठवें वेतन आयोग गठन की घोषणा तो की है लेकिन समिति का गठन अभी तक नहीं किया है।

इसी तरह पुरानी पेंशन की बहाली पर आनाकानी की जा रही है। यूपीएस से युवा कर्मचारी इससे संतुष्ट नहीं है। प्रदर्शन में ओवर टाइम एरियर का भुगतान, मेडिकल कैशलेस सुविधा का लाभ, पर्याप्त वर्क-लोड देने की भी मांग की गई। महासंघ के संयुक्त मंत्री योगेन्द्र चौहान, कार्यालय मंत्री तनवीर अहमद, पुनीत गुप्ता, इन्द्रजीत सिंह, राम शंकर विश्वकर्मा, राम कुमार शर्मा, आशीष कुमार सिंह व शिवेंद्र सागर शर्मा मौजूद रहे।

# रजिस्ट्री रोकने पर ओएसडी और अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केडीए कॉलोनी की रजिस्ट्री के नाम पर 30 हजार रिश्वत मांगने का मामला
- उपाध्यक्ष ने ओएसडी अजय कुमार और सहायक अभियंता संदीप पर की कार्रवाई

**अमृत विचार।** रजिस्ट्री के लिए रिश्वत मांगने और फाइल दबाने पर गुरुवार को एक और कार्रवाई हुई। रजिस्ट्री के लिए 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगने और फाइल छह माह तक दबाने में ओएसडी अजय कुमार समेत सहायक अभियंता संदीप मोदनवाल को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। मामले में लिपिक अतुल सोनकर को पहले ही निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने रजिस्ट्री से जुड़ी फाइलों की समीक्षा न करने के मामले में यह कार्रवाई की है।

पीड़ित नीरज गुप्ता ने ओएसडी अजय कुमार पर रजिस्ट्री के नाम पर 30 हजार मांगने का आरोप लगाया था। पीड़ित ने शिकायती पत्र के साथ 30 हजार की चेक ओएसडी के नाम बीते दिनों जिलाधिकारी को दी थी। मामले में ओएसडी जोन-3 की रिपोर्ट पर डीएस भूतल योजना-बर्रा-6 के द्वितीय श्रेणी लिपिक अतुल सोनकर को निलंबित कर दिया था। आरोपी ओएसडी अजय कुमार ने पल्ला झाड़ते हुए सफाई दी कि उनतक फाइल पहुंची ही नहीं। लिपिक के निलंबन और ओएसडी पर मेहरबानी के विरोध में मंगलवार को केडीए के कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार किया। ओएसडी पर कार्रवाई और लिपिक के निलंबन को वापस लेने की मांग की। केडीए उपाध्यक्ष ने कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर कर्मचारी शांत हुए। इसी मामले में अब केडीए उपाध्यक्ष ने कार्रवाई की है।

### उपाध्यक्ष ने रुकी फाइलों का मांगा ब्योरा

उपाध्यक्ष ने सभी जोनल प्रभारियों और मुख्य नगर नियोजक से नामांतरण, फ्री होल्ड, रजिस्ट्री और नक्शे की रुकी फाइल की जानकारी तलब की है। इसके साथ ही किस कारण से रुकी है, यह भी मांगा है। नक्शे के मामले कई लटके हुए है। लोगों का कहना है कि नक्शे पास होने में सालों लग जाते है। ऐसे में लोग मजबूरन अवैध निर्माण कराते है। नक्शा की फाइल 45 दिन में पास करनी होती है। लेकिन, कोई न कोई कमी बताकर फाइल रोक देते है।

# चाय दुकानदार को पीटा तेजाब डालने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दबंग का साथियों के साथ उपद्रव, बीच-बचाव करने पर बुआ, चचेरी बहनों को भी पीटा

**अमृत विचार।** दुकानदार ने चाय देने में थोड़ी देरी की तो दबंग ने साथियों व परिजनों के साथ मिलकर उसे पीटा। दुकानदार की बुआ और चचेरी बहनें बचाने पहुंची तो उन्हें भी पीटा। पुलिस से शिकायत करने पर बहनों का चेहरा तेजाब से जलाने की धमकी दी। फीलखाना पुलिस ने दबंग सहित 11 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बिरहाना रोड स्थित केपीएम अस्पताल के पास रहने वाले राजा की हॉस्पिटल के सामने चाय की दुकान है। राजा के अनुसार वह और उसकी मां दुकान पर बैठते हैं। क्षेत्र का दबंग बिक्की उर्फ बिक्कू बादशाह बीती 29 जून दुकान पर चाय पीने आया था। चाय मिलने में देरी हुई तो उसने गाली-गलौज की। विरोध करने पर बिक्कू अपने साथियों व परिजनों दीपमाला, रुपाली, अमित, रबिन व मनीष आदि के साथ दुकान आया और उसे जमकर पीटा। समीप ही दुकान किए उसकी बुआ गुड़िया, चचेरी बहनों के साथ बचाने आई तो उन्हें भी बेल्ट, लाठी, डंडे से पीटा। थाने में बुआ ने शिकायती पत्र दिया, लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई। इससे हौसला पाकर बिक्कू अगले दिन साथियों के साथ फिर दुकान पर आया और कहा कि अगर पुलिस के पास गए तो बहन का चेहरा तेजाब डालकर जला देंगे। पुलिस कमिश्नर से शिकायत पर पुलिस ने आठ नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# स्कूल विलय के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार द्वारा 5000 स्कूलों के विलय के विरोध में महानगर कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने चेतना चौराहा कचहरी से पदयात्रा करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में एसीएम को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुवाई में निकली पदयात्रा को पुलिस ने रोकना चाहा, पर कांग्रेसी अड़ गए। अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने प्रदेश के लगभग 5000 (प्राइमरी एवं जूनियर) विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय लिया है जिसके कारण प्रदेश के लाखों गरीब और जरूरतमंद परिवारों पर संकट आ जाएगा। यह गहरी सामाजिक साजिश है। पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा ने कहा कि इन स्कूलों को बंद करना, देश के भविष्य पर ताला लगाने जैसा है। वरिष्ठ नेता मदन मोहन शुक्ला ने कहा कि क्या निजी स्कूल ही अब शिक्षा का मंदिर होंगे। वरिष्ठ नेता हरप्रकाश अग्निहोत्री ने कहा कि जो देश अपने सबसे गरीब बच्चे को किताब, शिक्षक और कक्षा नहीं दे सकता वह महाशक्ति नहीं बन सकता है। नरेश चंद त्रिपाठी ने कहा कि स्कूल बंद करना विकास नहीं। शंकर दत्त मिश्रा, रितेश यादव,हरीश बाजपेयी, हाजी तौसीफ खान,अजय प्रकाश तिवारी, मानेश दीक्षित, श्याम देव सिंह आदि मौजूद रहे।


जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

**शिक्षा-दीक्षा** सीएसजेएमयू में बैचलर डिग्री या डिप्लोमा उपलब्ध, किसी भी विषय में इंटर पास युवा ले सकते हैं दाखिला

# होटल मैनेजमेंट कोर्स में पहले आओ-पहले पाओ प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में संचालित होटल मैनेजमेंट कोर्स में बैचलर डिग्री या डिप्लोमा के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश मिलेगा। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी टूरिज्म एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में कोर्स करने वाले युवाओं का बेहतर जॉब प्लेसमेंट होता है।

स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी टूरिज्म एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी के निदेशक सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि इस बार कोर्सेज की सीट में बदलाव किए गए हैं। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट में 2 वर्षीय मास्टर डिग्री के साथ 4 वर्षीय बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी की डिग्री एवं 18 माह के चार डिप्लोमा कोर्सेज डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस, डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन ,डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस व डिप्लोमा इन बेकरी एंड कन्फेशनरी भी संचालित किए जा रहे हैं। होटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में 12वीं के बाद ही बैचलर डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश लिया जा सकता है। स्नातक डिग्री 4 वर्ष की है। मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में 20 सीटों, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में 90 सीटों, के अलावा सभी डिप्लोमा कोर्स में 40-40 सीटों पर लोग शामिल रहे। यहां सुनील राठौड़, श्याम बहादुर यादव, इकबाल अहमद, राम स्वरूप तिवारी, नरेश पाठक, रामशंकर शर्मा, संजय दीक्षित, संजीव मिश्रा आदि रहे।



- 02 – वर्षीय है पाठ्यक्रम में मास्टर डिग्री
- 04– वर्षीय बैचलर डिग्री की भी काफी मांग
- 18 – माह के चार डिप्लोमा कोर्स संचालित
- मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में सीटें– 20
- बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में सीटें –90
- चार तरह के डिप्लोमा कोर्स, प्रत्येक में सीटों की संख्या – 40

### बीटेक स्पॉट राउंड काउंसलिंग में 8 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन

सीएसजेएमयू स्थित यूआईईटी में संचालित बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए स्पॉट राउंड की काउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तारीख 8 जुलाई 2025 है। स्पॉट राउंड में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी अपने शैक्षणिक दस्तावेज और चार पासपोर्ट साइज फोटो व फुल फीस लेकर यूआईईटी के एबी बिल्डिंग में एडमिशन सेल के ऑफिस में 9 जुलाई को उपस्थित हो सकते हैं। विवि की ओर से बताया गया कि छात्र-छात्राएं csjmu.ac.in/btech2025/register.php पर आवेदन कर सकते हैं। बीटेक पाठ्यक्रम के छह ब्रांचों की शेष 142 सीटों पर प्रवेश आईआईटी जेईई मेंस की रैंक के आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से होगा। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने आईआईटी जेईई मेंस का एग्जाम दिया है काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

# सीज वाहन जमा करने के लिए खुलेगा डिटेंशन सेंटर

## आरटीओ ने जिला प्रशासन से निर्माण के लिए मांगी भूमि, थानों में जगह नहीं होने से वाहन जमा करने में आती है दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) की प्रवर्तन टीम को अभी अवैध रूप से दौड़ रहे वाहनों को सीज करने में अक्सर काफी मुश्किल उठानी पड़ती है। इसकी वजह यह है कि आरटीओ के पास ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां सीज वाहनों को रखा जा सके। पुलिस थाना सीज वाहनों को जमा करने की जिम्मेदारी लेने से कतराते हैं।

इस समस्या का निदान करने के लिए आरटीओ ने अपना वाहन डिटेंशन यार्ड बनाने का फैसला लिया है। इसके लिए संभागीय परिवहन अधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को पत्र लिखकर करीब दो एकड़ भूमि मांगी है। जानकारी के मुताबिक वाहन डिटेंशन सेंटर के लिए तहसील नर्वल के ग्राम पनौरी की आराजी संख्या 83 रकबा 1,2090 हेक्टेयर भूमि में 1.5 एकड़ (ऊसर) भूमि चिह्नित की गई है। लेकिन आरटीओ ने तहसील सदर के ग्राम सचेंडी या उसके पास रोड से लगी भूमि उपलब्ध कराने की अपेक्षा की है, ताकि वाहन आसानी से वहां तक पहुंच सकें।


निरीक्षण व प्रमाणन केंद्र परियोजना के लिए गेट खुलवाते जिलाधिकारी।

### बिठूर में वाहनों की फिटनेस, पनकी में होगा ड्राइविंग टेस्ट

**कानपुर।** संभागीय परिवहन कार्यालय द्वारा वाहनों को फिटनेस प्रमाण पत्र देने का काम अभी पनकी में किया जाता है, लेकिन जल्द ही वाहनों की फिटनेस चौबेपुर रोड पर बिठूर में की जाएगी। यहां फिटनेस प्वाइंट एक माह में बनकर तैयार हो जाएगा। पनकी में औसतन प्रतिदिन चार हजार वाहनों की फिटनेस किए जाने के कारण सुबह काफी देर तक जाम लगा रहता है। यहां जगह की भी कमी है। पनकी में ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए टेस्ट देने के लिए लोग आते हैं। अब वाहनों की फिटनेस और ड्राइविंग टेस्ट दोनों कामों को अलग-अलग किया जा रहा है।

- **चौबेपुर रोड पर एक माह में बनकर तैयार हो जाएगा फिटनेस सेंटर**

"संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा वाहन को सीज करने के बाद ऐसे वाहनों को रखने में दिक्कत होती है। वाहन डिटेंशन यार्ड बनाने के लिए भूमि की तलाश है। उम्मीद है कि जल्द ही इस योजना को अमली जामा पहनाया जाएगा।

**आलोक कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन**

वाहनों की फिटनेस का काम उम्मीद है कि अगले महीने से बिठूर में शुरू हो जाएगा। इसके बाद पनकी में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए वाहन चलाने का टेस्ट लेने का ही काम होगा।

**-संतोष कुमार, आरआई, आरटीओ**"

# निरीक्षण एवं प्रमाणन केंद्र सात साल से लंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **8.39 करोड़ की परियोजना पर 6 करोड़ खर्च हो चुके पर काम अभी अधूरा**

**अमृत विचार।** जिले में परिवहन विभाग की निरीक्षण व प्रमाणन केंद्र परियोजना वर्ष 2018 में स्वीकृत हुई थी। लेकिन डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को जब इसका निरीक्षण किया तो तमाम कमियां मिलीं।

डीएम को निरीक्षण में पता चला कि परियोजना के बीच में एक अनावश्यक ट्रेनिंग सेंटर जोड़ने का प्रस्ताव लाया गया था, जिसे बाद में हटाना पड़ा। परियोजना की डीपीआर बनाने वाली संस्था ही अब अन्य विभागों से तकनीकी जानकारी मांग रही है। जिलाधिकारी को परियोजना में अनावश्यक देरी व कार्यदायी संस्था की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनकी जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कार्यदाई संस्था से कहा कि शेष निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए। डीएम के मुताबिक 8.39 करोड़ लागत की इस परियोजना में 6 करोड़ धनराशि व्यय होने के बाद भी अब तक परियोजना पूरी नहीं हो सकी है। जिले की पुरानी लंबित परियोजनाओं में इसकी समीक्षा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर भी होती रही है। गौरतलब है कि परिवहन विभाग द्वारा वाहनों के निरीक्षण व प्रमाणन की अस्थायी व्यवस्था पनकी की गई है।

### कन्फ्यूजन में ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम



तस्वीर में ऑटोमैटिक ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की लाइट को देखिए जिसमें लाल, पीली, हरी सभी लाइटें एक साथ जल रही हैं। जब ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम ही कंन्फ्यूजन में है तो सड़क पर यातायात संचालन सुगम कैसे होगा और राहगीरों को जाम से निजात कैसे मिलेगी। यातायात विभाग के जिम्मेदार अफसर सिर्फ आदेश देते रहते हैं, सड़क पर उतरकर ट्रैफिक की परेशानी नहीं देखते हैं। सड़क पर हकीकत में चौराहे पर न तो ऑटोमैटिक ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम लाइट सही है, न ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली। फोटो। • मनोज तिवारी

# 'माई ड्रीम, कानपुर ग्रीन' में 50 हजार गमले व पौधे बांटे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** कहते हैं कि इरादा पक्का हो तो मंजिल आसान हो जाती है। इस कहावत को सार्थक कर दिखाया है, पर्यावरण संरक्षण का व्रत लेकर 'माई ड्रीम, कानपुर ग्रीन के अध्यक्ष व टिम्बर उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश महामंत्री सरदार गुरुजिंदर सिंह ने। ग्लोबल वार्मिंग की खबरों ने उन्हें इतना विचलित किया कि प्रकृति का संरक्षण जीवन का ध्येय बना लिया।

वह कहते हैं कि हम यह कभी नहीं चाहेंगे कि आने वाली पीढ़ी यह कहे कि हमारे पूर्वज हमें दूषित पर्यावरण दे कर गए हैं। माई ड्रीम, कानपुर ग्रीन मुहिम के तहत वह अब तक 50 हजार से ज्यादा गमले में लगी पौध का लोगों में वितरण कर चुके हैं। वह लोगों को समझाते हैं कि धरती पर बढ़ते तापमान को कम करने तथा पर्यावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के लिए हमारे आसपास पेड़ों का होना अति आवश्यक है। पेड़ों के कारण ही वर्षा होती है, जिससे हरियाली बढ़ती है, तापमान में कमी आती है तथा वायु प्रदूषण कम हो जाता है। अपनी मुहिम में उन्होंने सबसे पहले बाजार व आसपास पौधरोपण किया तथा अपने संगठन के पदाधिकारियों को इसके लिए प्रेरित किया। जहां पेड़ लगाना संभव नहीं था, वहां गमलों में पौथे लगाकर जन जागरूकता अभियान चलाया। सन 2020 से शुरू हुआ अभियान हजारों घरों में हरियाली का संदेश दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सरकार द्वारा वृहद वृक्षारोपण करवाने और हाईवे बनाने में कटनेवाले पेड़ों से कई गुना ज्यादा पौधरोपण को सरकारी जागरूकता की बड़ी मिसाल बनाते हैं। अब वह टिम्बर उद्योग व्यापार मण्डल की ओर से प्रदेश में ऐसा ही अभियान चलाना चाहते हैं। पहले चरण में उनके संगठन ने पॉलीथिन का बहिष्कार व पौध वितरण महाभियान का संकल्प लिया है।

आगे उनकी योजना किसानों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने की है। प्रदेश सरकार बांस, सागवान, पीपल, नीम आदि का वृक्षारोपण करा रही है, यह पेड़ सिर्फ सरकारी स्थान या वन विभाग की ज़मीन पर ही लगते हैं। ऐसे में बांस, सागवान आदि की पैदावार के लिए किसान को प्रेरित करके उन्हें लाभान्वित किया जा सकता है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पौधा भेंट करते टिम्बर उद्योग व्यापार मण्डल के सदस्य।

# जहरीले कीड़े के काटने से किसान की गई जान

**हमीरपुर।** जरिया थाना क्षेत्र के पवई गांव में जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मंगलवार की शाम पवई गांव निवासी किसान रामसहाय (35) पुत्र हरी सिंह किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल सहित झाड़ फूंक कराते रहे। लेकिन कोई आराम न मिलने पर बुधवार को झांसी मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

# मंदिर के वार्षिकोत्सव में उमड़े भक्त

संवाददाता बिठूर

**अमृत विचार।** मन्धना क्षेत्र एक गेस्ट हाउस में स्थित मंदिर का 18वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान यहां पर लोगों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली।

इस मंदिर में दक्षिणेश्वर हनुमान जी व गणेश जी की प्रतिमा स्थापित है। वार्षिकोत्सव वाले दिन हजारों लोगों ने दर्शन करने के बाद प्रसाद ग्रहण किय। इसके साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अवस्थी ने यहां पर हर वर्ष की भांति रामलीला का भव्य आयोजन कराया। इसके बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

यहां पर मुख्य रूप से भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुंदेलखंड प्रकाश पाल , कानपुर नगर सांसद रमेश अवस्थी,कानपुर नगर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, ग्रामीण जिला अध्यक्ष उपेंद्र पासवान,युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान, किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार, सरसौल ब्लॉक प्रमुख राइस मिल्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला, रामजी त्रिपाठी,राजेंद्र सिंह चौहान, गोल्डन बाबा , पनकी महंत जितेंद्र दास जी, पूर्व विधायक कल्याणपुर सतीश निगम, आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई, पार्षद वीरू त्रिपाठी, कौशल किशोर मिश्रा, संजय बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

- **इस अवसर पर भव्य रामलीला के साथ भंडारे का आयोजन हुआ**


मंदिर के वार्षिकोत्सव पर मौजूद सांसद रमेश अवस्थी व अन्य लोग। अमृत विचार

# जन्म प्रमाणपत्र में नाम सही करने के मांगे 750 रुपये

संवाददाता, शिवराजपुर

- **सीएचसी शिवराजपुर का मामला, स्वीपर पर लगाया रुपये मांगने का आरोप**
- **पीड़ित बीडीसी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार**

**अमृत विचार।** गुरुवार को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र पंचायत सदस्य जन्म प्रमाण पत्र में नाम सही कराने के लिए गया था। युवक ने आरोप लगाया कि उससे प्रति जन्म प्रमाण पत्र के हिसाब से सात सौ पचास रुपये की रिश्वत मांगी गई। पीड़ित ने सफाई कर्मी द्वारा मांगी गई रिश्वत का शिकायती पत्र जिलाधिकारी कानपुर को दिया है। साथ ही जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

घिन्नीपुरवा दिलीप नगर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य छोटेलाल अपने नाती रितेश कुमार व सारांश के जन्म प्रमाण पत्र में गलत नाम को सही कराने के लिए दोनों बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र लेकर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गये थे। वहां पर वे आशा बहु से बात ही कर रहे थे कि तभी अस्पताल में तैनात सफाई कर्मी निर्दोष कुमार ने उनके हाथ से कागज ले लिए व एक जन्म प्रमाण पत्र के नाम सही कराने के लिये 750 रुपये मांगते हुए दोनों नाम को सही करने के 1500 रुपये मांगे। इसपर छोटेलाल ने कहा कि मैं मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता हूं मेरे पास इतने रुपये नहीं हैं। उसने स्वीपर से कम पैसे लेकर काम करने की गुहार लगाई। तब उसने कहा कि पैसा ऊपर तक जाता है । वहीं इस पूरे प्रकरण की घटना स्वास्थ्य विभाग में लगे कैमरे में कैद हो गई। वहीं छोटे लाल ने जिलाधिकारी कानपुर को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कारवाई की मांग की है ।

# हर रोज लाखों लीटर पानी का हो रहा दोहन

संवाददाता बिधनू

**अमृत विचार।** प्रति दिन बेहिसाब जलदोहन से धरा की कोख सूखती जा रही है। जिससे भूगर्भ जलस्तर तेजी से गिरता जा रहा है। वहीं इसको लेकर शासन जल संरक्षण के लिए बड़ा संजीदा होने का दावा कर रहा है। वहीं कानपुर आउटर के बिधनू थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे दर्जनों की संख्या में खुले अवैध ट्यूबवेल ट्रकों में लदी गंदी मौरंग की धुलाई कर बेहिसाब पानी बर्बाद करके मोटी कमाई कर रहे हैं। दूसरी तरफ मौरंग कारोबारी धुलाई के बाद मौरंग की चमक बढ़ने से चार गुना मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि प्रतिदिन लाखों लीटर पानी का दोहन किया जा रहा है।

सागर राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर हर रोज चलने वाले हजारों की संख्या में मौरंग लदे ट्रक जल संरक्षण के दुश्मन बन हुए हैं। मौरंग कारोबारी खदानों से सस्ती मौरंग ट्रकों में लाद कर लाते हैं। इसके बाद हाईवे किनारे बने अवैध ट्यूबवेलों में खड़ा कर ट्रक में लदी मौरंग को पानी की मोटी धार से धुलाई कराकर चमकदार बना देते हैं। इसके बाद इसी मौरंग को नौबस्ता, लखनऊ, की मंडियों में चारगुना दामों में बेचकर बड़ा मुनाफा कमा रहे हैं। एक ट्रक की मौरंग धुलाई के लिए ट्यूबवेल संचालक 800 रुपये प्रति घंटे वसूलते हैं और एक ट्रक की मौरंग की धुलाई में हजारों लीटर पानी की बर्बादी करते हैं। मौरंग धुलाई की मांग बढ़ने से हर दिन हाईवे किनारे बिना अधिकारिक अनुमति के नये ट्यूबवेल बनाये जा रहे हैं। ट्यूबवेलों पर हर रोज ट्रकों की लंबी लाइन लगने पर ट्यूबवेल संचालक रेट बढ़ाकर मनमानी कमाई करते हैं और लाखों लीटर पानी बहाकर जलदोहन कर रहे हैं।

**वाहन धुलाई सेंटर की तरह बने हैं प्लेटफार्म:** ट्यूबवेल संचालकों ने वाहन धुलाई सेंटर की तरह दुकान खोल रखी है। लेकिन इन्होंने सबमर्सिबल की जगह स्टेट बोर ट्यूबवेल की बोरिंग करा रखी हैं। इससे पानी की धार 1 इंच की जगह 4 इंच निकलती हैं। मौरंग लदे ट्रकों को खड़ा करने के लिए आरसीसी के बड़े प्लेटफार्म बना रखे है।

**ट्यूबवेल के सामने ट्रकों की लाइन बनती जाम का कारण:** मौरंग धुलाई के कारण हर रोज शाम के वक्त हर ट्यूबवेल के सामने ट्रकों की लंबी लाइन लग जाती हैं। जिससे आड़े तिरछे ट्रक हाईवे पर खड़े होने से जाम की स्थिति बन जाती है।

**हाईवे पर फैला पानी हादसों को देता न्योता:** ट्यूबवेल से मौरंग की धुलाई कराकर निकलते ट्रकों से गिरने वाला पानी हाईवे पर काफी दूर तक फैलता हैं। जिसपर फिसलकर छोटे वाहन सवार दुर्घटना के शिकार होते हैं। वहीं हाईवे की रोड लगातार पानी फैलने से कई जगह क्षतिग्रस्त हो रही है।

- **हाईवे के किनारे खुले हैं दर्जनों अवैध ट्यूबवेल**


डंपर में लदी मौरंग को पानी से साफ करता कर्मचारी। अमृत विचार

### इनका ये है कहना

"जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी समेत कई जगह हमने इसकी शिकायत की है मगर पूरे 5 साल होने को आ रहे हैं पर धुलाई सेंटर आज तक नहीं बंद नहीं हुए है। पिछले साल बैरीकेडिंग भी की गई थी लेकिन ट्रक चालकों ने उसे भी तोड़ दिया।

**ग्राम प्रधान कठेरुआ मुनेश कुमार**

हाल ही में हमारी नियुक्ति हुई है पहले भले ही कोई शिकायत आई हो मगर अभी हमारे संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं आया है। अगर ऐसा कोई अवैध जल से जल दोहन सेंटर चल रहे निश्चित रूप से उसमें करवाई करवाई जाएगी

**खंड विकास अधिकारी आशीष मिश्रा**"

# चोरी के माल समेत दो चोर गिरफ्तार

**घाटमपुर।** थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से चोरी किया गया माल भी बरामद हुआ है।

कस्बे के जहानाबाद रोड स्थित रेलवे क्रासिंग पर बुधवार की रात पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी पुलिस ने दो संदिग्ध युवक जवाहर नगर पूर्वी निवासी बाबू शाह व रमन निवासी ग्राम बम्हौरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया माल एक इनवर्टर, एक बैटरा, बाइक व नकद सात हजार रुपये बरामद किये।

थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि दोनों अपने साथियों के साथ मिलकर ताला बंद घरों, दुकानों व स्कूलों का ताला तोड़कर अन्दर रखा सामान चोरी कर घटना को अंजाम देते थे। फिर चोरी किए गए माल को बेचकर पैसे आपस में बांट लिया करते थे। सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिये ये चेहरे पर काला मास्क व गमछे का प्रयोग करते थे।

**मोहर्रम** परंपरागत मार्गों से होकर इमामबाड़े पहुंचा जुलूस, मातमी धुन में सभी की आंखें हुईं नम

# कर्बला के शहीदों की याद में निकाला जुलूस

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में गुरुवार को कर्बला में हजरत हसन व हुसैन की शहादत की याद में पलंग का जुलूस निकाला गया। कजियाना वार्ड से शुरू हुआ जुलूस मातमी धुनों के साथ तहसील परिसर स्थित इमामबाड़े तक पहुंचा। जुलूस की अगुवाई मोहर्रम के खलीफा जफरुल्लाह उर्फ मुन्ना, खलीफा वली मोहम्मद, अत्तू खलीफा, खलीफा जन्मेंजय गोस्वामी और खलीफा मुन्ना गोस्वामी ने की। इमामबाड़े में दोनों समुदायों के लोगों ने खलीफाओं का स्वागत किया गयो। युवाओं ने मैदाने कर्बला में हुई जंग की याद में अखाड़े का प्रदर्शन किया।

इससे एक दिन पहले बुधवार की देर रात खलीफा कमर अंसारी के नेतृत्व में मेंहदी का जुलूस भी निकाला गया। जुलूस में शामिल महिलाओं ने हजरत इमाम हुसैन के बेटे की शहादत को याद किया। मोहर्रम के छठवें दिन नगर के इमामबाड़ों और घरों में मजलिसें भी हुईं। कार्यक्रम में अखाड़े के मैनेजर निसार खान, सभासद गुड्डू पठान, तकी हैदर, शफीक राइन और सगीर अंसारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शांतिपूर्ण व्यवस्था के लिए एसीपी कृष्ण कांत, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय, क्राइम थाना प्रभारी खुर्शीद अहमद और कस्बा चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र सिंह रहे।


घाटमपुर में पलंग का जुलूस निकालते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार


चौबेपुर में अलम के जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

### अलम के जुलूस में उमड़े लोग

**चौबेपुर।** मोहर्रम पर्व को लेकर अलम का जुलूस निकाला गया। कस्बे की जामा मस्जिद से उठा जुलूस जीटी रोड से कस्बा भ्रमण करते हुए वापस मस्जिद पर जाकर समाप्त हुआ। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाये जाने वाले मातम के पर्व मोहर्रम को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। पर्व की सातवीं तारीख को गुरुवार दोपहर कस्बा स्थित जामा मस्जिद से उठा अलम का जुलूस बिठूर रोड तिराहे पर पहुंचा। मातमी धुनों के साथ निकले जुलूस मे स्थानीय लोगों के अलावा गांवों से भी बड़ी संख्या मे लोग शामिल हुए। जीटी रोड से होते हुए पिपरी मार्ग पर पहुंचा जुलूस का वापस जामा मस्जिद पर जाकर समापन हुआ।

# डीसीपी पश्चिम ने मोहर्रम की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** आगामी मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बिल्हौर थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्बला पहुंचे। उन्होंने वहां पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों से जुलूस की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही सभी अपनी ड्यूटी को पूरी मुस्तैदी से करने को कहा।

**सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यानः** डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने जुलूस मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन की मदद से जुलूस मार्ग पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अराजकतत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाये। **शांतिपूर्ण आयोजन के लिये की बैठकः** मोहर्रम के सभी जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जुलूस आयोजकों से बेहतर समन्वय स्थापित करने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन का लक्ष्य है कि यह त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए।


पुलिस कर्मियों से बातचीत करते डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी। अमृत विचार

### आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

पुलिस उपायुक्त ने थाना बिल्हौर में सभी उप निरीक्षकों के साथ एक मीटिंग भी की। इस दौरान उन्होंने वारंटी, वांछित, इनामी गिरफ्तारी, महिलाओं से संबंधित अपराधों और लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के देश दिए। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त अमर नाथ यादव व बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक सरोज भी उपस्थित रहे।

# फाल्ट से 150 गांवों में 14 घंटे बत्ती गुल

संवाददाता, शिवली

- भीषण गर्मी में बिजली के लिए रात भर जूझते रहे लोग
- सुबह पानी के लिए हैंडपंपों पर लगी रही लंबी कतार

**अमृत विचार।** कानपुर के जवाहरपुरम से शिवली और शोभन बिजलीघरों को आने वाली लाइन में फाल्ट हो गया, जिससे इन बिजलीघरों से जुड़े करीब 150 गांवों में 14 घंटे बत्ती गुल रही। मरम्मत के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई। इस बीच भीषण गर्मी में ग्रामीणों का बुरा हाल रहा। पीने के पानी के लिए भी लोग जूझते रहे। हैंडपंपों पर लंबी कतार लगी रही।

33 केवीए शिवली और शोभन बिजलीघर को कानपुर के जवाहरपुरम पॉवर हाउस से बिजली मिलती है। बुधवार देर शाम फाल्ट के चलते बिजली सप्लाई अचानक ठप हो गई, जो दूसरे दिन गुरुवार को 14 घंटे बाद सुबह करीब 10 बजे बहाल हो पाई। भीषण गर्मी में जैसे-तैसे ग्रामीणों ने रात काटी। वहीं सुबह पीने के पानी के लिए हैंडपंपों पर लाइन लगानी पड़ी। कस्बे के राकेश मिश्रा, अंकिम गुप्ता, राजा सैनी, मोनू चंदेल, सुरेश शर्मा आदि ने कहा कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं का बिल बढ़ाकर खून चूसने के फिराक में रहता है, लेकिन सुविधा देने के नाम पर अफसर नजरअंदाज करते हैं। हल्की सी हवा चलने पर फाल्ट हो जाता है। वहीं जितनी तेजी से बकाया होने पर बिजली काटने कर्मी आ जाते है। उतनी तेजी फाल्ट ठीक करने में नहीं दिखाते हैं। ऊपर से फाल्ट होने पर रात में बिजली आना बड़ा टेढ़ा काम है। बिजली कटौती से रात की नींद और दिन का चैन गायब हो जाता है।


जवाहरपुरम में बिजली ठीक कराने की मशक्कत करते जेई। अमृत विचार

### बिजली कटौती से व्यापार मंडल के नेता खासे खफा

व्यापार मंडल अध्यक्ष रमाकांत अग्निहोत्री ने कहा कि बिजली कटौती में सुधार न होने पर आंदोलन किया जाएगा। पिछले दिनों राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा था, लेकिन सुधार नहीं हो रहा है। जेई राकेश राय ने बताया कि जवाहरपुरम से आने वाली लाइन में कई फाल्ट थे। रात में कांबिग की गई। सुबह सप्लाई बहाल करा दी गई है।

## हरियाणा में जहर खाकर दे दी जान

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के मूड़ादेव गांव के युवक की हरियाणा के बिलासपुर में संदिग्ध हालात में बुधवार शाम कीटनाशक पदार्थ खाने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया जा रहा है।

मूड़ादेव निवासी शिव कुमार ने बताया कि हरियाणा के बिलासपुर में पुत्र विशाल कुमार (20) की मौत की सूचना मिलने पर वह गुजरात से सीधा मौके पर पहुंचे। गुरुवार की देर रात तक शव को घर लेकर गांव पहुंचेंगे। वहीं पिता ने बताया कि उनके दो पुत्रों में विशाल कुमार बड़ा था। वह डीसीएम चालक था, जो हरियाणा के बिलासपुर में डीसीएम चलाकर घर का पालन पोषण करता था। उसकी मौत जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की जानकारी मिली है। वहीं छोटा पुत्र आर्यन गांव में ही रहता है। मौत पर मां संगीता समेत अन्य परिजन बिलखते रहे।

# सांप के डसने से छात्र की मौत

संवाददाता, राजपुर

- जालौन जनपद के नसीरपुर का रहने वाला था किशोर
- रसूलपुर गांव में नाना के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था

**अमृत विचार।** रसूलपुर गांव में अलमारी से सामान निकाल रहे छात्र को सांप ने डस लिया। परिजन झांड-फूंक कराने में लगे रहे। हालत बिगड़ने पर सिकंदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।


किशन।

जालौन जिले के चुर्खी थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव के रहने वाले धर्मेन्द्र कुमार का बेटा किशन (16) राजपुर क्षेत्र के रसूलपुर गांव में नाना विश्वनाथ के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। बुधवार की शाम वह घर के कमरे में रखी अलमारी से सामान निकाल रहा था। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। ननिहाल के लोग उसका झाड़-फूंक कराते रहे, इससे छात्र की हालत ज्यादा बिगड़ गई। हालत बिगड़ने के बाद परिजन उसे लेकर सिकंदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. पूनम मौर्या ने मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल पहुंचे किशन के मामा अजय सिंह ने बताया कि वह राजपुर कस्बे के एक विद्यालय में हाईस्कूल का छात्र था। किशन की मौत की सूचना मिलने पर मां मधु और पिता धर्मेन्द्र कुमार सिंह रसूलपुर गांव पहुंचे। किशन की मौत पर माता-पिता के साथ नाना विश्वनाथ, नानी सत्यवती रोती-बिलखती रहीं। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### बुखार से इंटरमीडिएट की छात्रा की चली गई जान

**शिवली।** कस्बे के जवाहर नगर की रहने वाली किशोरी को तेज बुखार आने पर इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि शिवली कस्बे के जवाहर नगर की रहने वाली प्राची (17) इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रही थी। बीते चार दिन पहले उसे बुखार आया। पिता बऊवा पटेल ने उसका इलाज कानपुर के निजी अस्पताल में कराया। बाद में हैलट अस्पताल ले गए। जहां इलाज दौरान बुधवार को किशोरी की मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मैथा पीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ पाठक ने बताया कि बुखार से किशोरी की मृत्यु की कोई जानकारी नहीं है। मामले को दिखवाया जाएगा।

# फावड़े से हमले में बच्ची की मौत, पत्नी-पुत्री गंभीर

## गजनेर थाना क्षेत्र के सीधामऊ गांव में शराबी साढ़ू की करतूत, ग्रामीणों ने आरोपी को पीटने के बाद पुलिस को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- नौ साल पहले गैरबिरादरी की युवती से की थी शादी
- कलह से परेशान पत्नी अपनी बहन की ससुराल में थी

**अमृत विचार।** गजनेर थाना क्षेत्र के सीधामऊ गांव में शराब के नशे में युवक ने पत्नी, पुत्री और साढ़ू की बेटी पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे साढ़ू की बेटी (भतीजी) की मौत हो गई, जबकि पत्नी और बेटी घायल हो गईं। गांव वालों ने आरोपी को घेरकर दबोच लिया और जमकर पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने घायल आरोपी और उसकी पत्नी को अकबरपुर सीएचसी भेजा, जहां से दोनों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

कानपुर नगर के नई बस्ती नौबस्ता निवासी अवध शुक्ला की शादी चौबेपुर थाना क्षेत्र के मरथानी गांव निवासी रेशमा पासवान के साथ करीब नौ वर्ष पहले हुई थी। अवध शुक्ला शराब पीने का आदी है। इसको लेकर घर में अक्सर कलह होती थी। पति की आदतों से आजिज आकर रेशमा कुछ दिन पहले बच्चों को लेकर अपने जीजा अनिल पासवान के घर अकबरपुर क्षेत्र के सीधामऊ गांव आ गई थी।

बुधवार की देर रात अवध शुक्ला ऑटो से सीधामऊ गांव पहुंचा और पत्नी रेशमा से विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि अवध ने पास में बैठी साढ़ू अनिल पासवान की डेढ़ वर्षीय बेटी आरोही, पत्नी रेशना और अपनी बेटी पुष्पा पर फावड़ा से हमला कर दिया। फावड़े से हमले में आरोही की मौके पर ही मौत हो गई और पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े और आरोपी को दबोचकर जमकर पिटाई की।

गांव वालों की पिटाई से अवध शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया। सीओ सदर संजय वर्मा, गजनेर थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने आरोपी अवध शुक्ला और घायल पत्नी रेशमा को अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों को अकबरपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। उसके ठीक होने पर पूछताछ की जाएगी।


सीधामऊ गांव में घटना के बाद छानबीन करती गजनेर पुलिस। अमृत विचार


पुलिस ने सीएचसी पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। अमृत विचार

### फावड़े से हमले में बच्ची का फट गया फेफड़ा

शराब के नशे में धुत अवध शुक्ला के फावड़े से हमला करने पर अनिल पासवान की बेटी आरोही की मौके पर ही मौत हो गई। गजनेर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम में पता चला कि फावड़े से हमले में बच्ची का दाहिना फेफड़ा फट गया। फेफड़ा फटने से श्वसन तंत्र फेल हो गया। शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर के मुताबिक अधिक खून बहने से बच्ची की मौत हुई है।

### पति-पत्नी के विवाद में बच्ची की गई जान

बुधवार की देर रात सीधामऊ गांव में पति-पत्नी के विवाद से मासूम बच्चों का कोई लेना-देना नहीं था। विवाद होने पर रेशमा की बेटी पुष्पा और बहन की बेटी आरोही पास में ही बैठी थीं। नशे में धुत अवध शुक्ला ने बहशीपन की हद पार करते हुए फावड़े से हमला कर दिया। उसने न सिर्फ पत्नी पर फावड़े से हमला किया, बल्कि अपनी बेटी के साथ साढ़ू की डेढ़ वर्षीय पुत्री आरोही पर हमला कर जान ले ली।

## बैंक में किसान से 90 हजार रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बेटी के साथ बड़ौदा ग्रामीण बैंक से रुपये निकालने आए बहादुरपुर के किसान के साथ दो युवकों ने धोखाधड़ी कर 90 हजार रुपये ठग लिए और 500 रुपये का नोट लगी हुई कागज की गड्डी रुमाल में लपेटकर थमा दी। जब किसान ने रुमाल खोलकर देखा तो सन्न रह गया। तहरीर पर पुलिस ने सीसीटीवी से छानबीन शुरू की है।

बहादुरपुर निवासी सूरजबली उर्फ शंकर अपनी बेटी साधना के साथ कानपुर रोड स्थित बदौड़ा ग्रामीण बैंक से 90 हजार रुपये निकालने आए थे। इसी दौरान दो युवक आए और सूरजबली से बोले कि वह विड्राल भरना नहीं जानते हैं। वे डेढ़ लाख रुपये निकालने आए हैं। आप हमारा विड्राल फॉर्म भर दीजिए। हम 50 हजार रुपये देंगे। लालच में सूरजबली ने उनका भी विड्रोल फॉर्म भरकर खुद के 90 हजार रुपये निकाले। जब सूरजबली ने रुपये निकाल लिए तो युवकों ने उन्हें ऊपर 500 रुपये का नोट लगी गड्डी रुमाल में लपेटकर थमा दी और बताया कि ये डेढ़ लाख रुपये हैं। आप हमें अपने 90 हजार रुपये दे दीजिए। उनसे रुपये लेकर युवक चलते बने। जब सूरजबली ने अपनी बेटी के साथ उन रुपयों को खोलकर गिनना चाहा तो नीचे कागजों की गड्डी देखकर उनके होश उड़ गए। वह थाने भागे। थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। लालच में किसान से ठगी हुई है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी झींझक की ओर जाते दिखे हैं। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।


कागज की गड्डी दिखाती बेटी साधना।

# हमला कर गिराया, मिर्च झोंका और बैग लूटकर फरार

संवाददाता, पुखरायां

- अमरौधा कस्बे के पास रात 8 बजे सर्राफ के साथ वारदात
- कनेक्टिंग एरिया के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरौधा कस्बा के समीप एक सर्राफ पर बाइक सवार दो लुटेरों ने भारी वस्तु से हमला कर बाइक से गिरा दिया और फिर आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर उनका बैग छीनकर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लुटेरों की तलाश की, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पहुंच कर छानबीन की। वहीं घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से गंभीर हालत में चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरौधा कस्बा निवासी सोमनाथ गुप्ता की पुखरायां कस्बे में ज्वैलरी की दुकान है। गुरुवार की देर शाम करीब 8 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर अमरौधा जा रहे थे। वह अमरौधा कस्बे के पेट्रोल पम्प से कुछ दूर आगे पहुंचे, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो लुटेरों ने उनके सिर में भारी वस्तु मारकर उन्हें बाइक से गिरा दिया और उनकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर बैग छीनकर मौके से भाग निकले।

पीड़ित के शोर मचाने पर स्थानीय लोग पहुंचे और लूट की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही भोगनीपुर क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह, भोगनीपुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह, अमरौधा चौकी इंचार्ज सूर्य प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और घायल सोमनाथ गुप्ता को उपचार के लिये पुखरायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने हालत गम्भीर होने पर अकबरपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

वारदात की जानकारी मिलते ही एसपी अरविंद मिश्रा, एएसपी राजेश पांडेय ने घटनास्थल पर छीनबीन की। एसपी ने भोगनीपुर सीओ को जल्द से जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। उन्होंने घटनास्थल के कनेक्टिंग एरिया में सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के दिशा-निर्देश दिए।


घटनास्थल पर बिखरा मिर्च पाउडर देखते एसपी अरविंद मिश्रा। अमृत विचार

### 30 हजार कैश के साथ 2 किलो चांदी-सोना की लूट

चलती बाइक में लुटेरों के हमले में घायल हुए सर्राफ सोमनाथ गुप्ता ने बताया कि लुटेरों ने जिस बैग को लूटा है, उसमें करीब 30 हजार रुपये नकद, करीब 2 किलोग्राम चांदी, करीब 50 ग्राम सोना था। उन्होंने बताया कि लूटे गए माल की कीमत करीब 7 लाख रुपये होगी। उन्होंने बताया कि लुटेरे एकबारगी पीछे से आए और किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उन्हें संभलने तक का भी मौका नहीं मिला। उनके गिरते ही बैग लूटकर भाग निकले।


हमले में घायल सोमनाथ।

### 1995 में डकैती के दौरान हुई थी पिता और बुआ की हत्या

वहीं सोमनाथ गुप्ता के भाई विश्वनाथ गुप्ता ने बताया कि वर्ष 1995 में उनके घर में डकैती पड़ी थी, जिसमें उनके पिता और उनकी बुआ की हत्या कर दी गई थी। आज फिर उनके भाई के साथ लूट की वारदात हुई है। उन्होंने ईश्वर को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाई की किस्मत अच्छी थी कि लुटेरों ने उसे जान से नहीं मारा।

## पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**मंगलपुर।** थाना पुलिस ने महिला संबंधी अपराध में एक वांछित को गिरफ्तार किया है। बता दें कि मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने की रिपोर्ट बीती 30 जून को दर्ज कराई थी।

मंगलपुर थाने की पुलिस ने औरैया जनपद के अजीतमल थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव के रहने वाले संजय के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर इस मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई थी। गुरुवार को मंगलपुर पुलिस ने अभियुक्त संजय को झींझक नहर पुल के पास रूरा रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।


हिरासत में आरोपी।

## सार-संक्षेप


राशन विक्रेताओं के साथ बैठक करते जिला पूर्ति निरीक्षक। अमृत विचार

### राशनकार्डों की केवाईसी में वसूली हुई तो कोटा बर्खास्त

**सिकंदरा।** तहसील सभागार में गुरुवार को बैठक के दौरान जिला पूर्ति निरीक्षक अभिषेक कुरील ने राशन विक्रेताओं को केवाईसी की संख्या बढ़ाना जरूरी बताया। कहा कि इससे राशन कार्ड सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी। केवाईसी से पात्र और आपात्र लाभार्थियों की पहचान में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि केवाईसी के नाम पर पैसे की वसूली नहीं होना चाहिए। अगर कोई विक्रेता ऐसा करते पकड़ा जाएगा तो दुकान को निलंबित या बर्खास्त किया जा सकता है। प्रदेश सरकार गरीबों को फ्री राशन दे रही है। किसी भी तरह अवैध वसूली नहीं होना चाहिए। राशन विक्रेताओं ने बताया कि उन्हें करीब छह माह से कमीशन नहीं मिला है। जिला पूर्ति निरीक्षक ने आश्वासन देते हुए कहा कि शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। जल्द ही खातों में कमीशन राशि जमा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन राशन कार्ड धारकों की केवाईसी नहीं हुई है, उनके कार्ड रद्द करने के निर्देश दिए गए। यह कदम फ्री राशन योजना को सही लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए उठाया गया है। इस दौरान सिकंदरा तहसील पूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार सहित सभी राशन कोटेदार मौजूद रहे।



गुरुवार को रनियां कस्बे में विरोध जताते व्यापारी। अमृत विचार

### एनएचआई की नीतियों के विरोध में निकाला शांति मार्च

**रनियां।** नगर पंचायत क्षेत्र में मंगलवार को हाईवे किनारे एनएचआई की ओर से चिह्नित किए गए 117 मकानों व दुकानों को बिना मुआवजा दिए गिराने को लेकर लोगों ने रनिया पड़ाव पर बैठक की। इसके बाद पैदल शांति मार्च निकाला। लोगों ने बताया की यह आबादी लगभग सौ वर्ष पुरानी है। तब पीडब्ल्यूडी व एनएचआई नहीं था। वर्ष 2004 व 2005 में जब रनियां में फोरलेन हाईवे का निर्माण हुआ, तब सीमा में आए मकानों को पूरा मुआवजा दिया गया था। अब सिक्सलेन हाईवे के निर्माण में प्रशासन मुआवजा देने में आनाकानी कर रहा है। एनएचआई के अनुरोध पर दुकानदारों ने मकानों व दुकानों को आगे रखे टीनशेड, टट्टर आदि सहमति से हटा दिए हैं। अब एनएचआई बिना मुआवजा दिए मकान गिराने की तैयारी कर रहा है। इन्हीं नीतियों के विरोध में व्यापारियों ने पैदल मार्च निकालकर एकजुटता का संदेश दिया। अगर उच्चाधिकारी नहीं सुनेंगे तो वे लखनऊ मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर आमरण अनशन करेंगे। बैठक के बाद व्यापारियों ने हाथ में तख्ती लेकर जुलूस निकाला।

### उर्वरक विक्रेता प्राप्त करें नई पीओएस मशीन

**कानपुर देहात।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गप्ता ने सभी थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को सूचित किया है कि 4 जुलाई की सुबह उनके कार्यालय विकास भवन माती में एचयूआरएल के क्षेत्रीय प्रबंधक पुरानी एल-0 पीओएस मशीन के स्थान पर नई एल-1 पीओएस मशीन वितरित करेंगे। जिन उर्वरक विक्रेताओं को एल-1 मशीन प्राप्त नहीं हुई है। वह फर्टिलाइजर लाइसेंस, आईएफएमएस आईडी पिन, आधार कार्ड की कॉपी व पुरानी एल-0 मशीन सहित कार्यालय में उपस्थित हों। इस दौरान जो उर्वरक विक्रेता अनुपस्थित रहते हैं। उनकी आईएफएमएस आईडी कुछ समय बाद बंद हो जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## पिकअप की टक्कर से बालक की मौत

**शिवली।** स्कूटी को सामने से आ रही बोलेरो पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे दंपति व उनके दो बच्चे घायल हो गए। घायलों को कानपुर हैलट अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने सात वर्षीय बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

जनपद कन्नौज के थाना तिर्वा के गांव सेंगरनपुरवा का रहने वाला अमित सिंह स्कूटी से अपनी पत्नी ज्योति सिंह समेत बच्चे वंश (7) और विधि के साथ कानपुर नगर के थाना सचेंडी के धर्मंगदपुर गांव गया था। वहां से रामगंगा नहर होकर बुधवार को घर लौट रहा था। तभी सामने से बोलेरो पिकअप ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे चारों लोग घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने वंश को मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई अनुज सिंह ने गुरुवार को तहरीर दी। इंस्पेक्टर मुकेश सिंह सोलंकी ने कहा कि घटना की जांच हो रही है।

**रंजोगम का इजहार** | मोहर्रम की सातवीं पर परंपरागत तरीके से निकाला गया जुलूस, अखाड़ों में दिखाए गए हैरतअंगेज करतब

# ढोल-ताशे के साथ निकाला गया पलंग का जुलूस

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** सातवीं मोहरर्म के मौके पर मूसानगर कस्बे में इमाम हसन के बेटे हजरत कासिम की शहादत पर पलंग का जुलूस निकाला गया। इस दौरान ढोल-ताशे बजाते हुए लोग जुलूस में शामिल हुए।

सोगवारों ने मातमी धुन पर रंजोगम का इजहार किया। कई स्थान पर अखाड़ों में लोगों ने हैरत अंग्रेज करतब दिखाए। पलंग जुलूस मूसानगर के छिपहटी मोहल्ले के इमामबाड़े से शुरू होकर परंपरागत तरीके से सीपीयू इंटर कालेज के मैदान पहुचा। जहां जुलूस में शामिल बड़ी संख्या में महिलाओं व बुजुर्गों ने शहीदाने कर्बला की याद में फातिहा पढ़कर कुरान की आयतों की तिलावत की। कस्बे की विभिन्न गलियों में हजरत इमाम हुसैन की याद ताजा करने के लिए कुरानख्वानी व फातिहा का सिलसिला जारी रहा।

- मूसानगर में पलंग जुलूस के दौरान चढ़ाए गए चादर
- कर्बला की याद में कुरान की आयतों की तिलावत

कर्बला मस्जिद में जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में कस्बे के सभी अखाड़े व पलंग के साथ सभी खलीफा भी शामिल हुए। इस दौरान बच्चे व बुजुर्ग ढोल-ताशों के साथ इस्लामी नारे लगाते हुए चल रहे थे। जगह-जगह लंगर का भी आयोजन किया गया। हाजी नाजिर खान ने कहा कि हुसैन की बारगाह में आने से शिक्षा का ज्ञान होता है। कर्बला दुनिया को हक, सच्चाई और इंसाफ का पैगाम देता है। इमाम हुसैन के बड़े भाई इमाम हसन के बेटे जनाब कासिम के जीवन पर प्रकाश डाला। पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने कस्बे में भ्रमण कर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की।

इस मौके पर ताजियेदार अनीस अहमद, खजांची वकील अहमद, हाजी मुजीब बरकाती, शानू खान, राजू सिददीकी, सभासद सूरज चौहान, मतीन अहमद, आसिफ कुरैशी, दिलशाद मंसूरी, साबिर मंसूरी, बाबू राईन, निसार राईन, अनीस राईन, अप्पू मंसूरी गोरे राईन, सुऐब भूरा, मौजूद रहे। इधर सिकंदरा व राजपुर कस्बे में हजरत कासिम की याद में गांव में मेहंदी का जुलूस निकाला गया। इमाम चौक पर फातिहा पढ़कर अकीदतमंदों ने मुरादें मांगी। मस्जिदों में इमाम हुसैन का जिक्र किया गया।


मूसानगर में पलंग जुलूस में चादर चढ़ाते लोग। अमृत विचार


अखाड़े में जौहर दिखाते लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### मथुरा के मुड़िया पूर्णिमा मेले के लिए चलेंगी 1000 अतिरिक्त बसें

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि शुक्रवार 4 जुलाई से मथुरा में शुरू हो रहे मुड़िया पूर्णिमा मेला में पहुंचने के लिए परिवहन निगम द्वारा इस क्षेत्र में 1000 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि आगरा क्षेत्र से 250 बसें, अलीगढ़ क्षेत्र से 150 बसें ,गाजियाबाद क्षेत्र से 150 बसें, मेरठ क्षेत्र से 100 बसें ,इटावा क्षेत्र से 150 बसें, मुरादाबाद क्षेत्र से 100 बसें और बरेली क्षेत्र से 100 बसों समेत कुल आवंटित एक हजार बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि 4 जुलाई से 11 जुलाई तक राजकीय मुड़िया पूर्णिमा गोवर्धन मेला मनाया जाना है, मुख्य पर्व 10 जुलाई को है।

### तीन आईपीएस का तबादला

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश शासन ने गुरुवार को तीन आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण किये हैं। जारी आदेश के अनुसार एडीजी भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड अशोक मुथा जैन को एडीजी गोरखपुर बनाया गया। वहीं, दो प्रमुख विभागों की जिम्मेदारी देख रहे पीसी मीणा से सीएमडी पुलिस आवास निगम का कार्यभार हटा दिया गया। वह अब सिर्फ डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं रहेंगे। वहीं, एडीजी जोन गोरखपुर डॉ. केएस प्रताप कुमार को सीएमडी पुलिस आवास निगम बनाया गया है।

# एलडीए को मिली जेपीएनआईसी परियोजना, सोसाइटी भंग

## अधूरी परियोजना को पूरा करेगी योगी सरकार, परियोजना को पूरा करने और संचालन की जिम्मेदारी भी संभालेगा एलडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंप दिया। साथ ही, परियोजना के संचालन के लिए गठित जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग कर दिया गया। सरकार ने इस परियोजना को पूरा करने, इसके रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी एलडीए को दी है।

मंत्रिमंडल ने जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग करते हुए परियोजना को यथास्थिति एलडीए को हस्तांतरित करने का फैसला किया है। अब एलडीए न केवल इस केंद्र का संचालन करेगा, बल्कि इसके रखरखाव और पूरा करने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाएगा। परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने, प्रक्रिया और शर्तें तय करने, सोसाइटी की सदस्यता समाप्त करने और अन्य अनुषांगिक कार्यों के लिए एलडीए को पूरी तरह से



अधिकृत किया गया है। यह कदम परियोजना को पारदर्शी और कुशल तरीके से जनता के हित में उपयोग करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**प्राइवेट पार्टनरशिप से होगा संचालन :** एलडीए को परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने का अधिकार दिया गया है। इसके तहत, रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरईएफ) और लीज या रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से निजी एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। इससे न केवल परियोजना के बचे हुए कार्य पूरे होंगे, बल्कि इसका रखरखाव और संचालन भी बिना अतिरिक्त सरकारी खर्च के सुनिश्चित होगा। यह मॉडल परियोजना को आत्मनिर्भर बनाने और जनता के लिए उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### 821.74 करोड़ का लोन 30 साल में चुकाने की शर्त

यह भी निर्णय लिया गया कि जेपीएनआईसी परियोजना के लिए शासन द्वारा अब तक अवमुक्त 821.74 करोड़ रुपये की धनराशि को एलडीए के पक्ष में स्थानांतरित लोन माना जाएगा। एलडीए को इस राशि को आगामी 30 वर्षों में चुकाना होगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वित्तीय बोझ को व्यवस्थित तरीके से संभाला जाए, साथ ही परियोजना जनता के लिए उपलब्ध हो सके।

### वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से घिरी रही परियोजना

जेपीएनआईसी, जिसे सपा सरकार ने 2013 में शुरू किया था, शुरू से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रही। 2017 में योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद परियोजना में अनियमितताओं की जांच शुरू हुई, जिसके चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। कैग की रिपोर्ट में बिना टेंडर के काम कराने और लागत में अनावश्यक वृद्धि जैसे आरोप सामने आए थे। 860 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद परियोजना अधूरी रही, जिसे अब योगी सरकार एलडीए के माध्यम से पूरा करेगी।

### विश्वस्तरीय सुविधाओं से होगी लैस

जेपीएनआईसी परियोजना के तहत लखनऊ में एक आधुनिक और विश्वस्तरीय केंद्र विकसित किया जा रहा है। इसमें राज्य स्तर का ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कोर्ट की सुविधा होगी। इसके अलावा, 750 चार पहिया वाहनों की मल्टी-लेवल पार्किंग की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। ये सुविधाएं जनमानस के लिए खुली होंगी, जिससे लखनऊ के नागरिकों को एक आधुनिक और बहुउद्देश्यीय केंद्र का लाभ मिलेगा।

### आमजन के लिए खोलने की दिशा में अहम कदम

राज्य सरकार का यह फैसला जेपीएनआईसी को आमजन के लिए खोलने की दिशा में एक अहम कदम है। पिछले आठ वर्षों से बंद पड़े इस केंद्र को अब एलडीए के नेतृत्व में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर संचालित किया जाएगा। यह केंद्र न केवल लखनऊ, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, खेल और सम्मेलन केंद्र के रूप में उभरेगा। सरकार का यह कदम सपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार से दागी इस परियोजना को नया जीवन देने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

## एलडीए को सौंप कर बेचना आसान होगा : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने बंद पड़े सपा के ड्रीम प्रोजेक्ट जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण



(एलडीए) के हवाले कर संवारने का रास्ता साफ कर दिया है। इसके लिए गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में जेपीएनआईसी की सोसायटी को भंग कर, जिम्मेदारी एलडीए को सौप दी गई है। कैबिनेट के इस फैसले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जेपीएनआईसी को एडीए को दिया तो वापस लेना आसान होगा, फिर सरकार द्वारा इसे आसानी से बेचा जा सकता है।

सपा प्रमुख की टिप्पणी के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव को आड़े लेते हुए कहा कि अखिलेश यादव जिस तरह से जेपीएनआईसी को लेकर हंगामा मचा रहे हैं, उनकी सरकार का 2012-2017 का कार्यकाल काम के लिए नहीं, बल्कि कारनामों के लिए जाना जाता है। जो प्रोजेक्ट सिर्फ़ 265 करोड़ का था, उसे बढ़ाकर 864 करोड़ कर दिया गया और 821 करोड़ खर्च करने के बाद भी काम पूरा नहीं हुआ।

# नई भवन उपविधियों और जोनिंग रेगुलेशन्स को मंजूरी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 को लागू करने का फैसला लिया गया है। राज्य के शहरी विकास को और अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। नई उपविधियां शहरी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को नियंत्रित करने और मानकों को सुनिश्चित करने में मदद करेंगी।

### मंत्रिमंडल के फैसले

**औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन :** उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की 20 और 27 मार्च को हुई बैठकों की संस्तुतियों को स्वीकृति दी गई। साथ ही, त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति-2020 के तहत 7 मार्च 2025 को हुई इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुतियों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस कदम से राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

**बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को स्वीकृति :** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सृजित करके रेग्युलेशन नीति बनाई गई है। मंत्रिमंडल में रोजगार प्रोत्साहन नीति जारी की गई, इसके तहत अलग-अलग उद्योगों के लिए अलग-अलग सब्सिडी दी जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि कई बड़ी कंपनियों को सब्सिडी की घोषणा की गई है। वहीं, भाषा संस्थान के कार्मिकों के लिए सेवानिवृत्त करने की उम्र 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की गई है।

**डॉ. केएन मोदी विवि की स्थापना का रास्ता साफ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर में डॉ. केएन. मोदी विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

# अयोध्या में एनएसजी हब के लिए दी जमीन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मंत्रिमंडल ने अयोध्या एवं समीपवर्ती संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एनएसजी हब की स्थापना के लिए 8 एकड़ भूमि 99 वर्षीय लीज पर गृह मंत्रालय के पक्ष में निःशुल्क आवंटित और अंतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। अयोध्या में एनएसजी हब की स्थापना के लिए छावनी गौरा बारिक 'कैंटोनमेंट क्षेत्र अयोध्या' परगना हवेली अवध, तहसील सदर की भूमि दी है। इस संबध में अयोध्या के डीएम द्वारा अनुरोध किया गया था, जिसके बाद गृह विभाग से राय लेने के बाद वित्त विभाग ने प्रावधानों को शिथिल किया है। हालांकि यह हस्तांतरण अपवाद स्वरूप होगा। इसे भविष्य में उदाहरण नहीं माना जाएगा।

### खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं कर सकेंगी काम

अमृत विचार : महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक देश में 29 प्रकार के खतरनाक कारखानों में महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित था। 12 प्रकार के कम खतरनाक कारखानों में पहले ही उन्हें कार्य की अनुमति दी गई थी, जबकि हाल ही में 4 और श्रेणियों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। ताजा निर्णय में उन्हें सभी 29 कारखानों में काम की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट का यह फैसला तकनीकी विस्तार और उद्योगों की मांग के मद्देनज़र लिया गया है। महिला श्रमिकों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखा गया है।

**व्यापारियों पर अपील की राशि का बोझ किया कम**

राज्य मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर (संशोधन) अध्यादेश पर मुहर लगायी है। इसी के साथ केंद्र द्वारा जीएसटी में किए गए कई संशोधनों को उप्र. में भी लागू कर दिया गया। इसके तहत व्यापारी को अपील करने के लिए पहले राशि का 25 फीसदी जमा करने की बाध्यता थी। इसे घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल के अनुसार, वित्त अधिनियम 2025 के द्वारा उप्र माल और सेवाकर अधिनियम में किए गए संशोधनों के क्रम में उप्र. माल और सेवाकर अधिनियम में संशोधन किया गया है।

**19 हजार करोड़ सौर ऊर्जा को, 21,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को स्वीकृति**

बैठक में गौतमबुद्ध नगर, फर्रूखाबाद, शाहजहांपुर, नोएडा और हाथरस में 21 हजार 252 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को भी सहमति दी गई। शीघ्र ही सभी कम्पनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जानकारी दी कि अवाडा इलेक्ट्रो प्रालि. को ग्रेटर नोएडा में 202350 वर्ग मीटर भूखंड के आवंटन पर 252.92 करोड़ की फ्रन्ट एण्ड लैंड सब्सिडी प्रोत्साहन राशि के रूप में देने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में उप्र. सौर ऊर्जा में निवेश का बड़ा गढ़ बनेगा क्योंकि 19 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश सौर ऊर्जा क्षेत्र में किया गया है।

# पोर्टल से प्रमाण पत्र देने में कासगंज आगे

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार के डिजिटल मुहिम से अब प्रदेशवासियों को प्रमाण पत्र के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से उन्हें घर बैठे आय, जाति, निवास और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र मिल रहे हैं। शासन स्तर पर हुई जून माह की समीक्षा में प्रमाण पत्र देने वाले जिलों में कासगंज सबसे आगे रहा है, जबकि मेरठ दूसरे तो कन्नौज तीसरे स्थान पर है।

कासगंज जिले ने जून माह में 14,013 आवेदनों में से 13,810 आवेदन सफलतापूर्वक स्वीकृत कर आवेदनों का निस्तारण किया है, जिसका औसत 98.55 प्रतिशत है, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसी के साथ कासगंज ने पूरे प्रदेश में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्रों का निस्तारण करने में पहला स्थान प्राप्त किया है। रिपोर्ट में बदायूं ने चौथा और सीतापुर ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप टेन जिलों में महाराजगंज, मथुरा, कानपुर नगर, एटा और अमेठी ने अपनी जगह बनाई है।

# आईएमएलसी नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर

## मुख्यमंत्री ने की 26 जिलों में 27 क्लस्टर की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास से प्रदेश के 26 जिलों में 27 इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) की शुरुआत की। उन्होंने प्रदेश में संचालित और निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे की प्रगति की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे को प्रदेश की इकॉनमिक ग्रोथ का बैकबोन बताते हुए कहा कि यह पहली बार है, जब यूपी में एक साथ 5 एक्सप्रेसवे के दोनों ओर 13,240 एकड़ से अधिक क्षेत्र में आईएमएलसी की स्थापना हो रही है।

मुख्यमंत्री ने इस लॉन्चिंग को प्रसन्नता का क्षण बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन का हिस्सा बताया, जिसमें उत्तर प्रदेश को देश के औद्योगिक विकास का केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने बीते 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश को 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि आज यूपी निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के सभी 6 नोड भी एक्सप्रेसवे के किनारे ही विकसित किए जा रहे हैं।



अपने सरकारी आवास से मैन्यूफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री नंदी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अन्य।

मुख्यमंत्री ने आईएमएलसी को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर बताया। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए सुरक्षा, लैंडबैंक और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर पहली शर्त होती है और प्रदेश ने इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के उद्घाटन का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं इस पर सफर किया, जो तेज रफ्तार के साथ-साथ आरामदायक भी था। सीएम ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश को कभी पिछड़ा माना जाता था, जहां निवेशक आने से हिचकते थे, वहां आज आईएमएलसी के रूप में एक बड़ा सपना साकार हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उद्योगों और फैक्ट्रियों को हॉरिजॉन्टल और वर्टिकल रूप में विकसित करना होगा, ताकि स्थान का अधिकतम उपयोग हो सके।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव का जल्द घोषित होगा कार्यक्रम

## चुनौतीपूर्ण बना चुनाव कराना, आज से दिल्ली में संघ के दिग्गजों की अहम बैठक, यूपी के लिए भी होगा इशारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर जल्द चुनाव कार्यक्रम घोषित हो सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में लगभग सहमति बन चुकी है। 22 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनाव का कार्य पूरा होने से अब सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण यूपी का चुनाव पूरा करना है। शुक्रवार से तीन दिन तक संघ की दिल्ली में बड़ी बैठक से यूपी के लिए भी इशारा होना तय माना जा रहा है।

भाजपा के साथ संघ भी यूपी में वर्ष 2027 के विधानसभा के



आम चुनाव के मद्देनजर बेहद संवेदनशील और सतर्क है। बीते लोकसभा चुनाव में हर स्तर पर सपा-कांग्रेस से मजबूत तैयारी के बावजूद जब मतों की गिनती शुरू हुई थी, तो भाजपा के हाथ से यूपी निकलता दिखा था। मोदी-योगी जैसे नेतृत्व के होते हुए भी सपा-कांग्रेस का इंडी गठबंधन 43 सीटें जीतने में कामयाब रहा, जिसमें अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सर्वाधिक 37 सीटें थीं। मुलायम सिंह यादव की जब तूती बोलती थी, तब भी यूपी में इतना शानदार प्रदर्शन कभी नहीं हुआ था।

अगला विधानसभा चुनाव भी सपा-कांग्रेस मिलकर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में मुसलमानों का एकजुट वोट बिखरने की कोई सूरत नजर न आने से भाजपा का पूरा फोकस सपा के पीडीए फार्मूले के साथ बसपा के वोटबैंक में बड़ी सेंध लगाने की रणनीति पर है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर पिछड़ा या दलित जाति से दमदार व असरदार चेहरा होना जरूरी है। ताकि दौड़-भाग करने में योगी से पीछे न रहे। इसे लेकर कई नामों पर मंथन हो चुका है। लेकिन संघ ने साफ ताकीद कर रखी है कि ऐसा कोई चेहरा न हो, जो योगी से गुटबाजी करता दिखे। इसीलिए 4 जुलाई से संघ की दिल्ली में अपनी कोर ग्रुप की बैठक में यूपी प्रदेश अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर भी नाम तय हो सकता है।

### सपा के बढ़े वोट खतरे की घंटी

सपा को 33 प्रतिशत से अधिक वोट मिलना, आज भी भाजपा के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। जबकि इसके पहले वर्ष 2019 में बसपा के साथ होने के बावजूद वोट ट्रांसफर नहीं हुआ था। हालांकि जब सपा का जलवा था, तब वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान 35 सीटें मिलीं थी, लेकिन वोट प्रतिशत सिर्फ 26 था, जबकि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो सपा को 32 प्रतिशत वोट मिले थे।

### सत्र से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की तैयारी

भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र शुरू होने के पहले तक मिल सकता है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे भाजपा राज्यों के साथ तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, मिजोरम, अंडमान निकोबार का प्रदेश अध्यक्ष चुनाव संपन्न होने के बाद अब भाजपा के 37 राज्यों में से 22 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। भाजपा के इतिहास में यह पहला मौका है कि जब किसी राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, इतने लंबे समय तक नया अध्यक्ष नहीं चुना गया है।

## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

1. 1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।
2. 1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दखल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।
4. 1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।
7. 1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।
8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।
2. 1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।
3. 1. कंकड़
4. 1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।
5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।
6. टेक या सहारा लगाना।



### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठु | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

## सुडोकू -28

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 7 | | | 3 | |
| | 8 | 3 | 4 | | 6 | 1 | | |
| 7 | 9 | | | | | 2 | | 6 |
| 3 | | | 9 | | | 8 | 7 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | 1 | | | 5 | | | 9 |
| 9 | | 8 | | | | | 1 | 5 |
| | | 2 | 3 | | 7 | 4 | 9 | |
| | 4 | | | 1 | 9 | | | |

### सुडोकू - 27 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 5 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जुलाई, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी-16.31 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 16.50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक रहेंगे। उच्चधिकारी आपके प्रमोशन को लेकर चर्चा कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। शेयर मार्केट में जोखिम भरा निवेश न करें। व्यापार में महत्वपूर्ण अनुबन्ध करने से आज आपको बचना होगा।

**वृष** – आज आप कुछ चुनौतीपूर्ण कार्यों को अंजाम दे सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को सुलझाने में रूचि लेंगे। पूरी तरह से अपने कारोबार में फोकस बनाए रखें। कोर्ट-कचहरी को लेकर चल रहे मामलों में विजय होने की संभावना है।

**मिथुन** – आज नव दंपति किसी पर्यटन का विचार बना सकते हैं। आपकी उपलब्धियों की समूह में चर्चा होगी। प्रेमी जन को उपहार दे सकते हैं। आज आप मनोरञ्जन संबंधी गतिविधियों में विशेष रुचि लेंगे। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

**कर्क** – आज पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। छोटी-छोटी बातों पर तनाव न लें। व्यापारी थोड़ा परेशान हो सकते हैं। अपनी गलत वृत्तियों पर नियन्त्रण रखें।

**सिंह** – आज आप काफी अच्छा महसूस कर सकते हैं। तीर्थ यात्राओं में जाने का विचार बनायेंगे। आपकी संवादशैली से लोग आकर्षित रहने वाले हैं। मन में अनेक रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कन्या** – आज परिवार में तालमेल की कमी महसूस होगी। नया कारोबार आरंभ कर रहे हैं तो आपको थोड़ी समस्या हो सकती है। अनावश्यक कार्यों में अधिक समय व्यर्थ न करें। लेन-देन में चूक होने की आशंका है। आज बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**तुला** – आज आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। उच्च अधिकारी आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे। धन को लेकर कुछ परेशानी महसूस होगी। आपकी बातों से लोग आहत हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। उग्र व्यवहार के कारण सभी के निशाने पर आ सकते हैं। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। गलत बातों को सिद्ध करने में अपना समय व्यर्थ न करें। दूसरों से अधिक अपेक्षा रखना ठीक नहीं है।

**धनु** – आज आवश्यक कार्यों को दोपहर के पहले पूर्ण कर लें। गठिया-वात के रोगियों का दर्द बढ़ सकता है। जीवनसाथी से नोंक-झोंक हो सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। नए संबंधों के जन्म लेने की संभावना बन रही है।

**मकर** – आज कारोबार को लेकर आप काफी गंभीर प्रयास करेंगे। परिवार में आपसी तालमेल काफी अच्छा रहेगा। मित्र आपके लिए विशेष सहायक सिद्ध होंगे। रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धीरे-धीरे परिस्थितियां पूर्ण रूप से आपके पक्ष में हो जायेंगी।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आप अधिकारियों से परेशान होंगे। आपकी प्रतिभा लोगों के सामने नए रूप में उभरकर सामने आ सकती है। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर कुछ अफवाहें उड़ सकती हैं।

**मीन** – आज दिन आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंता महसूस हो सकती है। नए कार्यों में कुछ रुकावटें आने की आशंका है। व्यवसाय में कुछ गतिरोध महसूस हो सकता है। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

अनर्थमर्थत : पश्यत्रर्थं चैवाप्यनर्थत : ।
इन्द्रियैरजितैर्बाल : सुदु :खं मन्यते सुखम् ॥

अज्ञानी लोग इंद्रिय –सुख को ही श्रेष्ठ समझकर आनंदित होते है। इस प्रकार के अनर्थ को अर्थ और अर्थ को अनर्थ कर देते हैं ,और अनायास ही नाश के मार्ग पर चल पड़ते हैं।

## संपादकीय

# शहरी परिवर्तन की चुनौती

देश के शहर तेजी से बदल रहे हैं और विकास कर रहे हैं, जिससे नए अवसर और चुनौतियां दोनों पैदा हो रही हैं। शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है। अभी देश की 35 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरों में रहती है और अनुमान है कि 2050 तक 50 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगेगी। शहरी आबादी में उछाल आर्थिक विकास और वैश्विक प्रासंगिकता के लिए अवसर लेकर आता है लेकिन यह बुनियादी ढांचे, वित्त और संस्थागत ढांचे पर गंभीर दबाव भी डालता है। साफ है कि शहरों को अधिक लोगों को समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे और सेवाओं का विस्तार करने की आवश्यकता है। विश्व बैंक का यह भी कहना है कि 2047 तक आवश्यक शहरी बुनियादी ढांचे का लगभग 70 प्रतिशत अभी बनाया जाना है। तत्काल वित्तीय, प्रशासनिक और शासन सुधारों के बिना, शहर भीड़भाड़, असमानता और जलवायु जोखिम के केंद्र बन सकते हैं। शहरीकरण पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है जैसे कि वायु और जल प्रदूषण।

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत को अपने शहरी बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करने के लिए 2036 तक 70 लाख करोड़ रुपये की भारी रकम की जरूरत होगी जो वर्तमान निवेश क्षमताओं से कहीं अधिक है। केंद्र सरकार शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और इसके लाभों को प्राप्त करने के लिए कई पहल कर रही है। अमृत योजना शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है। स्मार्ट सिटी मिशन शहरों को आधुनिक बनाने और उन्हें अधिक कुशल बनाने पर केंद्रित है। सरकार शहरी गरीबों के लिए किफायती आवास प्रदान करने के लिए भी काम कर रही है। उच्च-आय वाला देश बनने के लिए हम जिस तरह की आर्थिक वृद्धि चाह रहे हैं, उसे तभी हासिल किया जा सकता है, जब हमारे शहरों की योजना कुछ इस तरह बनाई जाए कि उनकी अधिकतम क्षमता पर काम किया जा सके। इसके लिए हमें शहरी इलाकों में रहने वाले हाशिये के समुदायों पर भी निवेश करना होगा ताकि वे आर्थिक लाभ से वंचित न रह जाएं। अगर इसे अच्छी तरह से प्रबंधित किया जाए, तो शहरी परिवर्तन आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समावेश की अगली लहर को शक्ति प्रदान कर सकता है। योजना बनाने, निवेश करने और सुधार करने का समय अभी है ताकि कल का भारत लचीले, समावेशी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी शहरों में बसा हो। वास्तव में शहरी परिवर्तन एक सतत प्रक्रिया है और भारत को एक समावेशी, समृद्ध और टिकाऊ शहरी भविष्य बनाने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# कृत्रिम मेधा एवं विवेक के रणनीतिक लाभ


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं।

पड़ोसी देशों में से एक नए अशांत देश के रूप में बांग्लादेश और युद्धप्रिय या बेलिग्रेंट राष्ट्रों के रूप में पाकिस्तान एवं चीन की भारत में पहचान बन गई है। ऐसे में अपनी ज्योग्राफिक सीमाओं पर एक नए उन्नत निगरानी तंत्र, पेट्रोलिंग और कनफ्लिक्ट प्रिडिक्शन के रूप में हमें नए सिरे से तैयारी करने की जरूरत है।

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं। भविष्य के युद्ध परिदृश्य कैसे बदल सकते हैं इसकी एक झलक हमें हालिया ऑपरेशन सिन्दूर और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को ध्वस्त करने के इजराइल, अमरीका के संयुक्त प्रयास से मिलती है।

कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और कांफिल्क्ट मैनेजमेंट की मॉडलिंग के मामले में भारत अभी किस स्तर पर हो सकता है यह अत्यंत गोपनीय हो सकता है, लेकिन इस बाबत वैश्विक ओपन डोमेन साहित्य से उपलब्ध जानकारी अहम् है जिससे मालूम होता है कि मैथमेटिकल मॉडलिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप निर्माण प्रणालियों एवं बौद्धिक प्रतिभा की उपलब्धता के चलते भारत इसमें पीछे तो नहीं ही रह सकता। प्रतिरक्षा के दबावों के चलते भारत के प्रतिभावान मिलिट्री प्लानर्स इस क्षेत्र में कितना काम कर पाएंगे, यह अगली झड़प के दौरान प्रदर्शित हो सकता है। दो देशों के बीच कनफ्लिक्ट अब अप्रत्यक्ष या परोक्ष एवं, टेक्नोलॉजी लोडेड हो चुका है। परोक्ष युद्ध की पद्धतियों पर पश्चिमी देश और चीन तेज़ी से काम कर रहे हैं। इसके लिए न केवल काल्पनिक रूप से संघर्ष के लिए कत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)से डाटा एकत्र किया जा रहा है जो उन्नत विडियो गेम्स सरीखा हो सकता है बल्कि वास्तविक कनफ्लिक्ट के दौरान इकट्ठा किया गया डाटा भी इसमें फीड करते हुए निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

वास्तविक डाटा से मतलब है ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान फाइटर जेट्स की पूरी कार्रवाई, बॉम्बिंग पैटर्न, जीपीएस पोजीशनिंग। इन-फ्लाइट कंप्यूटिंग एंड गाइडेंस, मिसाइल ट्रेजेक्ट्रीज और वार-हेड इम्पैक्ट्स काइलेक्ट्रॉनिक्स डाटा आकलन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दो देशों के बीच न केवल संभावित कनफ्लिक्ट या संभावित परिदृश्य पर काम हो रहा है, बल्कि देश में राजनैतिक और अत्यंत जोखिमपूर्ण जातीय संघर्षों, गृह-युद्ध जैसे हालातों और राजनैतिक हिंसा को रोकने की मॉडलिंग पर भी काम हो रहा है। संघर्ष की पूर्व चेतावनी का उद्देश्य राजनीतिक हिंसा के विभिन्न रूपों की शुरुआत अवधि, तीव्रता और प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई की पहचान करना और उसे शुरू करना है। बीसवीं शताब्दी में व्यापक संघर्ष रोकथाम के लिए राष्ट्रों की प्रतिबद्धता सार्वभौमिक रूप से साझा नहीं की गई थी, संघर्ष की रोकथाम की अवधारणा और विस्तार से संघर्ष की पूर्व चेतावनी ने पिछले 30 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में प्रमुखता हासिल कर ली है। मित्र देश जैसे कि नाटो जरूरत के वक्त डाटा साझा करते हैं।

> इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक खास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है।

कंप्यूटिंग में प्रगति के साथ इस बढ़ती हुई भागीदारी ने तेजी से परिष्कृत लौकिक और स्थानिक आयामों के साथ उन्नत पूर्व चेतावनी तंत्र में निवेश को बढ़ावा दिया है। फिर भी, संघर्ष की रोकथाम और संघर्ष की पूर्व चेतावनी का व्यावहारिक संचालन कई कारणों से इसके सैद्धांतिक विकास से पीछे है। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, पूर्व चेतावनी आकलन में सीमायें, वास्तविक समय के डेटा की सीमित उपलब्धता, कवरेज, गुणवत्ता और सत्यापन के अलावा संघर्ष प्रक्रियाओं में निहित अंतर्जातता (एंडोजेनिटी) से उभरने वाली जटिल मॉडलिंग चुनौतियां और, सबसे ऊपर, संगठित हिंसा के बढ़ते जोखिमों के मजबूत और सम्मोहक सबूतों पर कार्रवाई करने के लिए लड़ने वालों के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति की अंतर्निहित कमी शामिल है।

इन चुनौतियों के बावजूद, मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उन्नत डेटा संग्रह और विश्लेषण तकनीकों में निवेश प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया के अभ्यास को बहुत प्रभावित करता है। इस प्रक्रिया को अपनाते हुए जो मॉडलिंग की गई है उससे नयी अंतर्दृष्टि बेशक उपजी है परन्तु इनमें से कई प्रणालियां अभी तक अपेक्षाओं पर खरी क्यों नहीं उतर पाई हैं। इसे ही समझ कर अब कारगर हल ढूंढे जा रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि किसी भी प्रकार की मॉडलिंग और सांख्यिकीय विश्लेषण किया जाए, मनुष्य के विवेक और त्वरित बुद्धि के बिना सफलता नहीं मिलेगी। ऑपरेशन सिन्दूर का उदाहरण सामने है जिस दौरान प्रथम दिन की स्ट्राइक के बाद भारत के मिलिट्री प्लानर्स और सिविलियन एक्सपर्ट ने मिल कर एक ही दिन में स्ट्रेटेजी को बदल कर विवेक से काम लिया तभी स्ट्राइक्स कामयाब हुई थीं। विशेषज्ञों और स्ट्रेटेजिक प्लानर्स का मानना है कि सामरिक रूप से प्रशिक्षित कृत्रिम मेधा के भरोसे से युद्ध नहीं जीते जा सकते। विवेकपूर्ण निर्णयों के लिए स्ट्राइक प्लानर्स को भी प्रशिक्षित होने की जरूरत होगी और इसके लिए वास्तविक संघर्षों और युद्धों से जुटाए गए डाटा की शेयरिंग के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक ख़ास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है। ज्ञातव्य है कि सर्वाधिक संख्या और विविधता वाली वार सिचुएशन्स से संबंधित विडियो गेम्स बनाने में इस समय चीन ही सर्वोपरि है। गूगल प्ले स्टोर पर और माइक्रोसॉफ्ट की साईट पर ऐसी सैंकड़ों एप्लीकेशन्स उपलब्ध हैं।

वास्तविक युद्दों के बारे में पिछले बीस साल का सबसे अधिक डाटा इस समय अमरीका के पास है। अमरीका के डिपार्टमेंट ऑफ़ डिफेंस में जलसेना द्वारा संचालित इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर (आईडब्ल्यूसी) द्वारा पब्लिक डोमेन में जो जानकारी उपलब्ध कराई है उससे इसमें काम करने वालों की अंतर्दृष्टि की बाबत काफी मालूमात सेंटर द्वारा प्रकाशित बुलेटिन के अध्ययन से हासिल होती है। इस सेंटर में रिसर्च और एप्लीकेशन्स विकसित करने और इनकी फील्ड-टेस्टिंग करने तक की दक्षता हासिल करने की क्षमता है जैसे कि आईडब्ल्यूसी योद्धाओं को संघर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में अनियमित युद्ध करने के लिए तैयार करता है। इसके लिए अगली पीढ़ी की तकनीकों और अवधारणाओं का उपयोग करके अनियमित युद्ध या संघर्ष को संचालित करने के लिए निर्देश भी प्रदान करता है, जो बल की मारक क्षमता को बढ़ाता है और संयुक्त राज्य अमेरिका और प्रमुख सहयोगियों और भागीदारों को खतरे से आगाह करने के लिए तैयार करता है। पारंपरिक युद्ध शक्ति को मजबूत आई आईडब्ल्यूसी पद्धतियों के साथ जोड़कर रणनीतिक मानसिकता को बदलने के लिए उक्त काम किया जा रहा है। देखना है कि भारत आई आईडब्ल्यूसी के कामकाज के मद्देनज़र अपने यहां इर्रेगुलर वारफेयर के लिए क्या एक पृथक और डेडिकेटेड रेजिमेंट बना चुका है और इन्हें मॉडलिंग और टेस्टिंग की सुविधाएं हासिल हैं?

इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर द्वारा प्रकाशित पत्रिका प्रौद्योगिकी सेवाओं के प्रमुख हैंक हन्ना ने जनवरी 2025 के खंड 3, अंक 1, में जो लेख द इमर्जिंग पोटेंशियल फॉर क्वांटम कंप्यूटिंग इन इर्रेगुलर वारफेयर शीर्षक से दिया है उसके जरिए से क्वांटम कंप्यूटिंग कम्प्यूटेशनल तकनीक में एक प्रतिमान बदलाव की संभावना व्यक्त हुई है, जिससे उन्नत देशों के अलावा भारत भी राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा-उद्योगों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

## प्रसंगवश

# भूस्खलन और बाढ़ से बचाव के लिए सतर्कता बरतना जरूरी

पहाड़ों पर बादलों ने तबाही मचा रखी है तो मैदानों में भी हाल बुरा है। केरल और झारखंड में भी बारिश ने कहर बरपाया है और इससे आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण बाढ़ की समस्या पैदा हो गई है तथा भूस्खलन के कारण अनेक रास्ते बंद हो चुके हैं।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इन दिनों मानसून लगभग-लगभग पूरे देश को कवर कर चुका है। पिछले एक हफ्ते से लगातार बारिश की वजह से कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। मौसम विभाग (आइएमडी) ने आधिकारिक तौर पर पूरे देश में मानसून के सक्रिय होने की घोषणा कर दी -जो कि इसकी सामान्य तिथि से पहले है। सच तो यह है कि उत्तर से लेकर दक्षिण और पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश के बीच हर ओर उफनते सैलाब की तस्वीरें आ रही हैं। देश के कई प्रमुख शहरों में सड़कें पानी से लबालब भरी हैं, रास्ते जाम हो गए हैं तथा पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। कहना गलत नहीं होगा कि भूस्खलन और बाढ़ से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने जुलाई और अगस्त में और अधिक बारिश का अनुमान जताया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।


सुनील कुमार महला
स्तंभकार

पिछले कुछ सालों से देश ही नहीं पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन एक कटु यथार्थ है। यह सब कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों का ही परिणाम है कि आज हम सभी जलवायु परिवर्तनों का लगातार सामना कर रहे हैं। यह ठीक है कि मानव बारिश को तो नहीं रोक सकता है लेकिन तबाही को समय रहते एहतियात बरतकर रोका जा सकता है अथवा काफी हद तक कम किया जा सकता है। आधुनिक तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल करके इसे कम किया जा सकता है। लेकिन प्रशासन व आम आदमी तब चेतता है,जब तक बहुत देर हो चुकी होती है। बाढ़ व भूस्खलन से निपटने के लिए समय रहते राहत और बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया जाना भी बहुत जरूरी है। वास्तव में कहना गलत नहीं होगा कि बाढ़ और भूस्खलन से बचाव के लिए, सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें इन प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है और उनसे बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। बाढ़ से बचाव के लिए हमें बाढ़ प्रणव क्षेत्रों में ऊंचे स्थानों पर रहना चाहिए। आपातकालीन किट जैसे कि सूखा भोजन, पानी, दवाएं, टॉर्च, रेडियो और अन्य आवश्यक चीजें हमारे पास मौजूद होनी चाहिए। इतना ही नहीं हमें अपने परिवार के सभी सदस्यों को निकटतम आश्रय/पक्के मकान तक जाने वाले सुरक्षित मार्गों की जानकारी होनी चाहिए तथा बारिश के दौरान समय-समय पर स्थानीय अधिकारियों से संपर्क बनाए रखना बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक है। बाढ़ की चेतावनी और सलाह के लिए स्थानीय रेडियो/टीवी सुनना चाहिए अथवा अखबार आदि पढ़ना चाहिए। बाढ़ के समय बहते पानी, बिजली के तारों से, सांपों आदि से सावधान रहना चाहिए। वहीं पर भूस्खलन (लैंडस्लाइड) से बचाव के लिए हमें यह चाहिए कि हम नालों में कूड़ा-कचरा, पत्ते, प्लास्टिक की थैलियां, मलबा आदि न जमा होने दें और नालों को अच्छी तरह से साफ और स्वच्छ रखें। घरों, दुकानों,रहवास आदि को भूकंप-रोधी बनाया जाना चाहिए ताकि भूस्खलन के समय कम नुकसान हो अथवा नुकसान हो ही नहीं। अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि उनकी जड़ें मिट्टी को पकड़ सकें। इतना ही नहीं,खतरे वाले क्षेत्रों से बचना चाहिए। अचानक बाढ़ या भूस्खलन के जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रहना चाहिए। भूस्खलन से सुरक्षा के लिए हमें यह चाहिए कि हम भूस्खलन के विभिन्न संकेतों जैसे कि दरारों, चट्टानों के गिरने, पेड़ों के टूटने या जमीन में पड़ने वाली दरारों पर विशेष ध्यान दें और भूस्खलन के रास्तों से हमेशा स्वयं को और पशुओं को दूर रखें। भूस्खलन के बाद, हमें यह चाहिए कि हम तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। इसके साथ ही भूस्खलन के बारे में तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करना चाहिए ताकि बचाव कार्य किए जा सकें। याद रखें कि हमारी सतर्कता और जागरूकता से बहुत कुछ संभव हो सकता है।

# ग्लोबल साउथ में चीन की चाल


प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है।

ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत के संबंधों को नया आयाम देने, मित्रता को मजबूत करने और अटलांटिक के दोनों किनारों पर देश की साझेदारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ़्रीका देशों के संगठन (ब्रिक्स), अफ्रीकी संघ, पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) और कैरेबियाई समुदाय (कैरिकॉम) जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ जुड़ाव भी मजबूत होगा। भारत की कूटनीतिक मोर्चे पर लगातार उपलब्धियों के बीच ही हमारे पड़ोसी देशों की गतिविधियां ऐसी हैं जिन्हें भारत को क्षेत्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है। सार्क के विकल्प का विचार गति पकड़ रहा है। ऐसे में भारत को अपनी क्षेत्रीय शक्ति की रक्षा के लिए नवाचार करने चाहिए।

दक्षिण एशिया की बात की जाए तो चीन अब भारत के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। यह कदम है- चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एकसाथ मिलकर भारत के खिलाफ 'साका' नाम से नया दक्षिण एशियाई संगठन बनाने का। खबर है कि पाकिस्तान और चीन सार्क यानी दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन की जगह दूसरा क्षेत्रीय ब्लॉक साउथ एशिया-चीन एलायन्स यानी एसएसीए का गठन कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत एडवांस स्टेज पर बताई जाती है। हुई थी।

गौरतलब है कि भारत दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) का संस्थापक और प्रमुख सदस्य है लेकिन पाकिस्तान की नापाक हरकतों की वजह से नई दिल्ली ने इस संगठन से अभी दूरी बना रखी है। उरी आतंकी हमले के बाद से भारत ने सार्क बैठकों को निलंबित कर रखा है। 2014 में काठमांडू शिखर सम्मेलन हुआ था। इसके बाद से सार्क की बैठक नहीं हुई है। भारत द्वारा अब सार्क की जगह बिम्सटेक को बढ़ावा देने से पाकिस्तान का परेशान होना स्वाभाविक है और वह नेपाल के माध्यम से दबाव बनवा रहा है। दूसरी ओर, चीन और पाकिस्तान को बांग्लादेश में भारत विरोधी मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद नया सहयोगी मिल गया है। कराची के ही एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 19 जून को कुनमिंग में जो बैठक हुई थी, उसका अंतिम उद्देश्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो सार्क का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि चीन की लंबे समय से दक्षिण एशिया में पैर जमाने की गहरी मंशा रही है। दक्षिण एशिया का यह क्षेत्र रणनीतिक और आर्थिक रूप से उसकी आकांक्षाओं के लिए अनुकूल है। दक्षिण एशिया में बीजिंग की बढ़ती भागीदारी उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है। हालांकि, साका का गठन आसान नहीं होगा। बांग्लादेश द्वारा गठबंधन-निर्माण को आधिकारिक तौर पर खारिज करना उसकी नाजुक स्थिति को दर्शाता है। चीन-पाकिस्तान धुरी का हिस्सा दिखने में बांग्लादेश की अनिच्छा से पता चलता है कि वह अपनी स्वायत्तता और रणनीतिक संतुलन को महत्व देता है। देखा जाए तो ढाका के बीजिंग के साथ आर्थिक संबंध मजबूत हैं और पाकिस्तान के साथ ऐतिहासिक संबंध। भारत के साथ भी बांग्लादेश की राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक निकटता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यदि श्रीलंका, नेपाल और मालदीव जैसे भारत के पड़ोसी देश चीन के निवेश वादों पर इस गठबंधन में शामिल होने के लिए हामी भरते हैं तो भारत अपने निकटतम पड़ोस में खुद को अलग-थलग पा सकता है।

भारत की अपनी मजबूती का स्पष्ट प्रदर्शन बीजिंग में अभी हाल में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में देखने को मिला है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने से भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रति सैद्धांतिक दृष्टिकोण के बारे में एक शक्तिशाली संदेश गया है। यह एक अभूतपूर्व कूटनीतिक क्षण था। इस साहसिक कदम ने पूरे भू-राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी है। यदि यह नया गठबंधन आकार लेता है तो यह एक बड़े भू-राजनीतिक बदलाव का संकेत होगा। एक नए क्षेत्रीय मंच में नेपाल, भूटान और श्रीलंका की भागीदारी दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में एक बदलाव का प्रतीक होगी। वक्त बताएगा कि दक्षिण एशिया में सार्क के स्थान पर साका को स्थापित करना बीजिंग के लिए यह अवसर का मंच होगा या इस्लामाबाद के लिए रणनीतिक जाल?

## सोशल फोरम

# अराजकता या जबर का जोर

> नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा।

इस बात को लोग भूल ही गए हैं कि संसार में प्रत्येक समुदाय में सामाजिक आचरण व्यवहार का एक संविधान होता है और उसके अनुच्छेदों को जीवन मूल्य कहा जाता है। सामाजिक परिवेश में दांपत्य संबंध की बात हो अथवा पारिवारिक संबंध की बात हो, जातिगत और मजहबी परिदृश्य हो अथवा आर्थिक पक्ष की बात हो, एक अराजकता का दृश्य दिख रहा है। नारी सशक्तीकरण की बात इतनी होती हैं किंतु सामूहिक बलात्कार लगभग प्रतिदिन के समाचार बन चुके हैं।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा। कोई किसी से भी शादी कर लेता है। जब कोई मर्यादा नहीं रही तो उसको विवाह कहना ही गलत है, क्योंकि विवाह एक सामाजिक मूल्य है, उसकी एक मर्यादा है। मूल्य नहीं, मर्यादा नहीं, तो वह केवल यौन संबंध तो है किंतु विवाह नहीं है। विवाह शब्द बहुत पवित्र है, वह तो तप है। वह व्रत है, उसमें संयम भी है और नियम भी।

नेता लोगों के पशुकृत्य नेशनल हाई वे पर हो रहे हैं। एक मुख्यमंत्री सामाजिकता का सूत्र बतला रहा था कि पालागन करो और पैर पकड़ कर भारतमाता की जय कर दो।

आर्थिक पक्ष में ऐसा दृश्य है कि परिवार में ही हत्या हो रही हैं। बैंकों का दोहन खुले आम हो रहा है। यहां तक कि सड़कों पर अराजकता है। जबर का जोर है। वह टक्कर भी मारेगा और फिर जबरदस्ती भी करेगा। जबर हो तो कुछ भी करो।

**-फेसबुक वॉल से**

# युवा शक्ति के प्रेरणापुंज थे स्वामी विवेकानंद


योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

> युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।'

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्रोत माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवाओं से स्वामी विवेकानंद कहा करते थे कि एक समय में एक ही काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो, बाकी सब कुछ भूल जाओ। वह कहते थे कि यदि तुम स्वयं को कमजोर सोचते हो तो तुम कमजोर हो जाओगे और यदि खुद को ताकतवर सोचते हो तुम ताकतवर हो जाओगे। दरअसल हम वो हैं, जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि तुम क्या सोचते हो। वह कहा करते थे कि शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं और वे दूर तक यात्रा करते हैं, इसलिए एक विचार कर लो और उस विचार को ही अपना जीवन बना लो, उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों और शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो, यही सफल होने का तरीका है। अपने स्वभाव के प्रति सच्चा होना और स्वयं पर विश्वास करने को ही स्वामी जी सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहते थे कि जो तुम सोचते हो, वो हो जाओगे।

वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्कमता का संचार करने का कार्य किया। स्वामी विवेकानंद का कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं। जब मनुष्य को ये सांसारिक बातें निस्सार प्रतीत होने लगती हैं, तब वह सोचता है कि वह अपनी वृत्ति के हाथों का खिलौना बन चुका है और उस समय वह चाहता है कि खिलौना बनकर वह उसके बहकावे में न आए क्योंकि यह तो गुलामी है।

11 सितंबर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए लेकिन उनकी कीर्ति हमेशा जीवंत रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# लोडर व ट्रक से टकराकर पलटी बस, 16 यात्री घायल

## उन्नाव-हरदोई मार्ग पर काली मिट्टी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के पास ओवरटेक करते समय हुआ हादसा

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कालीमिट्टी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के पास ट्रक को ओवरटेक कर रहे लोडर व निजी बस में आमने-सामने टक्कर हो गई। इसके बाद ट्रक भी बस में टकरा गया। इससे बस सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद बस व लोडर सवारों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू कर सीएचसी भेजा। जहां से 13 को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

बता दें कि सफीपुर से बांगरमऊ की ओर मुर्गी का दाना लादकर जा रहा तेज रफ्तार लोडर गुरुवार दोपहर फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर पीटीसी व माथर के बेच आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक कर रहा था। तभी हरदोई से करीब 30 सवारी लेकर उन्नाव जा रही निजी बस लोडर से टकरा गई। इसी में ट्रक चालक ने स्टेयरिंग से नियंत्रण खो दिया और तीनों वाहन आपस में टकरा गए। इसमें बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इससे सवारियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में लोडर का चालक व खलासी सहित बस सवार एक दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गई।

बस पलटने से मार्ग के दोनों ओर काफी दूर तक जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल अनीता (19) पुत्री गजराज खरेलपुरवा बिलग्राम, आमिर (12) पुत्र राजू, शकीला (35) पत्नी पप्पू गंजमुरादाबाद, लोडर के खलासी पियूष (18) पुत्र गोविंद कृष्णानगर सदर कोतवाली, लोडर चालक सुजीत (25) पुत्र चंद्रकुमार कोरारी अचलगंज, सुशील (50) पुत्र पुत्तू निवासी भरत रज्जाकपुर, उसकी पत्नी रूपरानी (45), बेटा अंकेश (10), भरतलाल (16) पुत्र लोटन तालिबपुर रहली फतेहपुर चौरासी, बस चालक सुदामा (40) पुत्र नथुन्नी थाना बिलग्राम हरदोई, सूरजबली( 70) पुत्र कालिका निवासी परियर, विमला (40) पुत्र छोटेलाल, पलक (7) पुत्री अमित मद्दूखेड़ा, गुलाब (18) पुत्र रामसनेही सुकरी थाना गुरुबक्सगंज रायबरेली, रोशन (29) पुत्र राजकुमार दरौली आदि को सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। वहीं हादसे में घायल निधी (27) पत्नी कुलदीप रसूलपुर बांगरमऊ, सिद्धार्थ (16) पुत्र शिवशंकर रायबरेली, नेहा (24) पत्नी सुरेन्द्र रंजितखेड़ा को फतेहपुर चौरासी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली सूचना के अनुसार केंद्र पर भर्ती कराए गए घायलों में 13 लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर एसडीएम शिवेन्द्र कुमार व सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने भी घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने जेसीबी से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर रूट क्लियर कराया।


क्षतिग्रस्त बस को सड़क से किनारे करती जेसीबी। अमृत विचार


लोडर को हटाती क्रेन। अमृत विचार

## 25 हजार के इनामिया को पुलिस ने लखनऊ से दबोचा

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचारः** कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के शेरपुर खुर्द गांव निवासी पेंटिंग का काम करने वाले दलित विशम्भर ने 29 जून को दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि 15 जून को वह ब्रह्मना चौराहे सामान लेने जा रहा था। तभी मासूक अली के बाग के पास गांव निवासी शातिर रईस बेग ने अपनी बीबी चांद बीबी, बेटों फैसल, फैजल, रहमान, रौनक पुत्र मासूक अली व दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसकी बाइक रोकी और जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों व कट्टे की बट से पीट कर जख्मी कर दिया। आरोपी फैसल ने कनपटी पर कट्टा लगाकर 50 हजार रुपये रंगदारी दिन तक न पहुंचाने पर जान से मारने की धमकी दी। एसपी ने पुलिस के साथ एसओजी टीम को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाया था। टीम ने सर्विलांस की मदद से मुख्य आरोपी रईस बेग को शहीद पथ लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि रईस पर पूर्व से 8 मुकदमे दर्ज हैं। एसपी ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसे कोर्ट में पेश किया गया है।

## शादी की सालगिरह पर बेटे के जन्म के बाद महिला की मौत

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

▸▸ गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के संभर खेड़ा की घटना, मचा कोहराम

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के संभर खेड़ा निवासी लक्ष्मी की शादी एक साल पहले नगर के चंपा पुरवा निवासी युवक से हुई थी। बीते बुधवार को उनकी शादी की सालगिरह थी और इसी दिन लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। इसके बाद परिजन उसे जिला महिला अस्पताल ले गए। जहां उसने बेटे को जन्म दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद हालत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई।

शादी की पहली सालगिरह के दिन बेटे के जन्म की खुशखबरी के साथ ही लक्ष्मी की मौत की खबर से पूरे परिवार में मातम छा गया। नवविवाहिता का शव जब संभर खेड़ा पहुंचा, तो वहां कोहराम मच गया। घर में शादी की सालगिरह की तैयारियों के बीच गम का माहौल बन गया। रिश्तेदार और गांव वाले भी दुखद घटना से स्तब्ध रह गए। जानकारी के मुताबिक, लक्ष्मी की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे भर्ती कर लिया। प्रसव के दौरान उसने बेटे को जन्म दिया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी तबीयत और बिगड़ गई। डॉक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। गुरुवार को शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। गांव में शव पहुंचते ही सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हो गए। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार वालों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में सही उपचार नहीं मिलने से लक्ष्मी की मौत हो गई।


लक्ष्मी की फाइल फोटो।


महिला के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### शव रखकर प्रदर्शन का प्रयास कर रहे परिजनों को पुलिस ने रोका

**संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** कस्बा नवाबगंज में 40 वर्षीय कुलदीप का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिलने के बाद परिजनों ने उसकी हत्या करने का शक जताते हुए कैंटीन संचालक पर आरोप लगाया और शव ठेके के सामने रख प्रदर्शन करने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने रोक दिया। बता दें कि बीती बुधवार शाम नवाबगंज कस्बा के गांधीनगर मोहल्ला निवासी कुलदीप (40) पुत्र स्व. मुन्नी लाल का शव कुसुम्भी मार्ग पर एक देशी शराब की दुकान के पीछे खेत में मिला था। भाई रामलखन ने आरोप लगाया था कि उसके भाई की हत्या कर शव वहां फेंक दिया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। गुरुवार को शव घर पहुंचा तो परिजन व मोहल्ले के लोग शव शराब की दुकान के सामने रखकर प्रदर्शन करने जा रहे थे। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने घर पहुंचकर सभी को रोक दिया और शव अंतिम संस्कार करा दिया। चौकी प्रभारी मुकुल दुबे ने बताया कि परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि उन्हें शिकायत मिलती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एचटी लाइन टूटकर गिरने से महिला झुलसी

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थानाक्षेत्र के भैसई नौबस्ता गांव में ऊपर से निकली एचटी लाइन टूटकर नीचे गिर गई। इसकी चपेट में आकर सुलेखा (50) स्व. मनऊं गंभीर रूप से झुलस गई। उसे परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां से जांच के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि टिंकू सिंह ने बताया कि मवइया माफी विद्युत उपकेंद्र के रानीगंज फीडर की विद्युत लाइन जर्जर है और वह आए दिन टूटती है। जिसकी शिकायत भी की गई है। लेकिन विभागीय अधिकारी इसकी सुध नहीं ले रहे हैं।

### युवक को छह माह के लिए जिले से किया गया निष्कासित

**शुक्लागंज, उन्नाव :** डीएम के निर्देश पर थाना गंगाघाट क्षेत्र के बिन्दा नगर निवासी आदर्श निगम पुत्र विजय निगम को प्रशासन ने गुण्डा करार देते हुए जिले की सीमा से छह माह के लिए निष्कासित कर दिया है। संबंधित आदेश में बताया गया है कि आदर्श निगम की गतिविधियां जनपद के लिए खतरनाक साबित हुई हैं। पुलिस द्वारा 15 सितंबर 2020 को नोटिस जारी कर उसकी गतिविधियों की समीक्षा के बाद यह कार्यवाही की गई है। उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3(3) के तहत उसे छह माह के लिए जनपद उन्नाव से बाहर किया गया है। आदेशानुसार, वह बिना अनुमति जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। यदि किसी न्यायालय में उपस्थिति आवश्यक हो तो उसे धारा 4 के अंतर्गत स्वत: अनुमति प्राप्त मानी जाएगी। पुलिस अधीक्षक उन्नाव और थाना प्रभारी गंगाघाट को आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी दी गई है।

### बरामदे में सोता रहा परिवार, चोरों ने पार की नकदी व जेवरात

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव ताजपुर में गृहस्वामी परिवार के साथ घर के बरामदे में सो रहा था। तभी चोर छत पर चढ़कर जीने के रास्ते कमरे में दाखिल हो गए और अलमारी खोलकर उसमें रखी नकदी व जेवर सहित करीब ढाई लाख का सामान चोरी कर भाग निकले। सुबह नींद खुलने पर गृहस्वामी को घटना की जानकारी हो सकी। ताजपुर (मुर्तजापुर) गांव निवासी पंचम पासवान पुत्र ईश्वरी ने बताया कि वह पारिवार के साथ बुधवार रात घर के बरामदे में सो रहा था। तभी अज्ञात चोर छत से जीने के रास्ते घर में दाखिल हो गए और कमरे में रखी अलमारी खोलकर उसमें रखे पांच हजार रुपए और करीब ढाई लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर भाग निकले। गुरुवार सुबह नींद खुलने पर कमरे में बिखरे पड़े कपड़ों को देख उसे घटना की जानकारी हो सकी। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। चोरी की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। आसपास के इलाके में पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

## राजघाट व मंदिर में लगेगा स्वास्थ्य कैंप

कांवड़ यात्रा

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के थाना प्रांगण में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी पूनम भास्कर, क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह, बीडीओ नीरज शर्मा, तहसीलदार अमित कुमार और अधीक्षक राजेंद्र कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा की सुरक्षित संपन्नता के लिए कमेटी के सदस्यों से सुझाव मांगे। सदस्यों ने राजघाट पर बैरिकेडिंग, स्वास्थ्य कैंप और प्रकाश व्यवस्था की मांग की। साथ ही बाबा मनसा नाथ शिव मंदिर में भीड़भाड़ की समस्या को भी उठाया।इन समस्याओं के समाधान के लिए कई निर्णय लिए गए। राजघाट और मंदिर में स्वास्थ्य कैंप लगाया जाएगा। नगर पालिका मार्ग की साफ-सफाई कराएगी। बिजली व्यवस्था के लिए अवर अभियंता को निर्देश दिए गए।बिलग्राम-कन्नौज मार्ग पर कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए गड्ढों की मरम्मत का मुद्दा भी उठा। क्षेत्र अधिकारी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत के लिए निर्देश देने का आग्रह किया। सावन माह में 11 जून से हजारों श्रद्धालु राजघाट और मेहंदी घाट से गंगाजल लेने जाते हैं।


पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम और सीओ। अमृत विचार


निरीक्षण में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने किया महोलिया ड्रेन का निरीक्षण

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** नगर की जल निकासी व्यवस्था को निर्बाध बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा ने अन्य अधिकारियों के साथ महोलिया ड्रेन का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने पेनी पुरवा में जल प्रवाह को देखा। उन्होंने कहा कि नाले से कचरे की सफाई करायी जाये। नाले की गाद निकालने का कार्य कराया जाये। इसके बाद उन्होंने धियर महोलिया के पोखर को देखा और पोखर की सफाई कर जल निकासी को निर्बाध बनाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने सीतापुर रोड पर अमर नगर कॉलोनी के पास नाले को देखा। उन्होंने सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 10 दिनों में नालों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जाये। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह, अधिशाषी अधिकारी रामेन्द्र सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कड़ी निगरानी में हुआ अंतिम संस्कार

फालोअप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ओवर टेक करने में कार ने लखनऊ-पलिया हाई-वे पर साइकिल सवार अधेड़ को टक्कर मारी,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई थी। उसका पता होते ही वहां इकट्ठा हुई भीड़ ने हाई-वे पर जाम लगा दिया,खैर उस बीच वहां पहुंचे सीओ बघौली प्रवीण कुमार ने समझाया- बुझाया, उनके समझाने पर जाम हट गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद अधेड़ का शव उसके गांव पहुंचा,जहां भीड़ बढ़ती देख पुलिस की धुकधुकी बढ़ गई,नतीजतन पुलिस ने अपनी कड़ी निगरानी में शव का अंतिम संस्कार कराया। बताते चलें कि बुधवार की शाम कछौना कोतवाली के भवानीपुर निवासी अधेड़ रामखिलावन बालामऊ गया हुआ था,देर शाम को साइकिल पर सवार हो कर घर लौट रहा था। लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कछौना कोतवाली के भीरीघाट के पास पहुंचते ही तेज़ रफ्तार कार ने उसे टक्कर मारी,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। हादसे की खबर सुनते ही वहां इकट्ठा हुई भीड़ ने हाई-वे पर जाम लगा दिया। उसका पता होते ही एसएचओ कछौना छोटेलाल अपनी टीम के साथ पहुंचे और भीड़ को समझाया,लेकिन जाम नहीं हटी,उसके बाद वहां पहुंचे सीओ बघौली प्रवीण कुमार ने काफी समझाया और कार ड्राइवर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए हर मुमकिन मदद दिलाने का आश्वासन दिया। तब कहीं जा कर जाम हट सका। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद रामखिलावन का शव उसके गांव पहुंचा,वहां काफी भीड़ थी,इसकी भनक लगते ही पुलिस पहुंच गई,उसे डर था कि कानून व्यवस्था खतरें में पड़ सकती है। पुलिस वहां डटी रही और अपनी निगरानी में शव का अंतिम संस्कार कराने के बाद ही वहां से वापस लौटी। एसएचओ कछौना छोटेलाल का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है,कार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।


मोहर्रम जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### डीएम-एसपी ने किया मोहर्रम जुलूस मार्ग का निरीक्षण, दिए निर्देश

**संवाददाता, पाली, हरदोई, अमृत विचार।** मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम एवं एसपी ने पाली कस्बा पहुंचकर कर्बला एवं ताजिया जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। बुधवार शाम को जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन पाली कस्बा पहुंचे, बरगद तिराहे से आबिद नगर में पैदल भ्रमण करते हुए डीएम एवं एसपी मोहल्ला इमाम चौक पहुंचे यहां उन्होंने मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु कर्बला और जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मोहर्रम कमेटी से संवाद कर कहां कि पूर्व से निर्धारित मार्ग पर ही ताजिया जुलूस निकाले, कोई नई परंपरा न डालें। इस दौरान एसडीएम सवायजपुर संजय कुमार अग्रहरि, सीओ अनुज मिश्रा सहित स्थानीय पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अकीदत से निकाला दुलदुल का जुलूस

▸▸ दुलदुल घोड़े को खिलाया दूध और जलेबी, मांगी गई मन्नत

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** माहे मोहर्रम की छठी की रात महेंदी का जुलूस व सातवीं तारीख गुरुवार को दुलदुल का जुलूस निकाला गया। मोहर्रम की सातवी तरीख़ मोहल्ला मलकाना पुरानी तहसील से दुलदुल (जुल्जनह) का जुलूस निकाला गया जो पारंपरिक मार्गों से होते हुए देर शाम मंडई इमाम चौक पहुंचा। जहां बडी संख्या में इंतजार कर रहे अकीदतमंदों ने दुलदुल घोड़े का स्वागत किया और दूध जलेबी खिलाया। दुलदुल का जुलूस मोहल्ला मलकाना पुरानी तहसील स्थित इमाम बाड़े से सहब्बीर खां के काले तख्त के साथ के चाँद खां व हाफिज साबिर अली की निगरानी में सुबह 10 बजे बजे निकला। इस दौरान या हुसैन व नार-ए-तकबीर की सदाओं के साथ जुलूस आगे बढ़ता गया। युवकों की टोली ढ़ोल-ताशा बजा रहे थे तो वहीं लोग मर्सिया व नौहा पढ़ते हुए चल रहे थे। दुलदुल घोड़े को दूध व जलेबी खिलाने के लिए व चादर चढ़ाने के लिए महिलाओं में होड़ मची रही। भारी भीड़ घरों के दरवाजे व छतों पर रही। महिलाओं ने दुलदुल के पहुंचने के बाद दूध व जलेबी खिलाया मन्नतें मांगी। जिनकी मन्नतें पूरी हो गई थी उन्होंने चादर और चांदी के पंजे चांदी के अनार चढ़ाए।ये सिलसिला देर रात तक जारी रहा। उधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा चाक चौबंद इंतजाम किए रहे। माहे मोहर्रम की छठी की रात महेंदी का जुलूस व सातवीं तारीख के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के काफी पुख्ता प्रबंध किए गए थे ताकि किसी भी स्थान पर कोई अप्रिय घटना न हो सके।


दुलदुल का जुलूस निकालते लोग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वृद्ध महिला से की मारपीट, पुत्र ने की शिकायत

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ढाबा गांव में बुधवार शाम एक वृद्ध महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। 70 वर्षीय वंदना अपने मकान के बाहर बैठी थीं। इस दौरान पड़ोसी कालीचरण का बेटा उनसे कुछ कह गया।वंदना जब इसकी शिकायत करने कालीचरण के घर गईं, तो कालीचरण और उनकी पत्नी ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में वृद्ध महिला के पैर में गंभीर चोट आई। उन्हें 108 एंबुलेंस से सीएचसी बिलग्राम ले जाया गया। पीड़िता के पोते पाताल कुमार ने बताया कि गांव का लड़का उनकी दादी को चिढ़ाता था। इसी बात की शिकायत करने पर कालीचरण दंपति ने उनकी दादी को पीट दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि वृद्ध महिला का मेडिकल परीक्षण करा लिया गया है। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।


पीड़ित वृद्धा।

### महिला और बेटे पर चार लोगों ने किया हमला

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक महिला और उसके बेटे पर चार लोगों ने हमला कर दिया। बताते चलें कि घटना एक जुलाई की शाम सा बजे की है। पीड़िता सुधा देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।सुधा देवी ग्राम रुधौली मजरा विरौरी की रहने वाली हैं। उनके पति हैंडपंप मिस्त्री का काम करते हैं। घटना के समय उनके पति कुर्सठ में काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के शिवम, उनके पिता प्रेमचंद, भाई शिवा और मां संगीता ने सुधा के घर पहुंचकर उनके बेटे सौरभ की पिटाई शुरू कर दी।जब सुधा ने बेटे को बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। चारों ने लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। सुधा और उनका बेटा राज बहादुर के घर की तरफ भागे। आरोपी वहां भी पहुंच गए और लात-घूंसों से मारा। एक आरोपी ने चाकू से सुधा के सर पर वार किया, जिससे वह घायल हो गईं।

### नाली का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे कस्बे के लोग

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने जनता की सुविधा के लिए नाली का निर्माण कराया गया, जिसमें लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद आज तक नाली लोगों के उपयोग में नहीं आया। नगर के शाहिद आबिद खां की मजार के पास से नाले का निर्माण पुराने बेरियल तक कराया गया जो नाला लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया उस नाला को पास के दुकानदारों ने मिट्टी डालकर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे घरों का पानी डामर सड़क पर पानी फैलने लगता है। सड़क पर पानी आ जाने से सड़क भी टूट रही है और उबर खाबर में तब्दील होने में समय नहीं लगेगा वहां के घरों के लोगों को पानी निकालने के लिए अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जबकि लोगों का कहना है इस नाले को बनाए जाने पर घोर अनियमिताए की गई हैं उस नाला का उपयोग आम नागरिक नहीं कर पा रहे हैं। नाले के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है इस नाले के ऊपर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है उस नाला को खुलवाकर नाले को चालू कराया जाए जिससे यहां के लोग उसका उपयोग कर सके।


गंदगी से पटी नाली। अमृत विचार

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

**हरदोई, अमृत विचार।** दवा लेकर पैदल घर लौट रहा युवक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से बुरी तरह ज़ख्मी हो गया था। उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए रिफर किया गयाउसके बाद कई निजी हास्पिटल में इलाज हुआ। आखिरकार गुरुवार की सुबह 53वें दिन उसकी ज़िंदगी से हार हो गई।

ककराखेड़ा निवासी 30 वर्षीय सदन सिंह पुत्र फूल सिंह निजी स्कूल का ड्राइवर था। 11 मई को वह बिलग्राम दवा लेने गया,वहीं से पैदल घर लौट रहा था। उसी बीच रास्तें में बिलग्राम-कन्नौज रोड पर ककराखेड़ा मोड़ पर बाइक ने टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया था। उसे सीएचसी बिलग्राम से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,मेडिकल कालेज से उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया। सदन सिंह के बड़े भाई दीपक सिंह ने बताया कि कुछ दिन लखनऊ ट्रामा सेंटर में चले इलाज के बाद वहीं के कई निजी हास्पिटल में इलाज कराया गया,हर जगह पैसा खर्चा होता रहा,लेकिन फायदा कुछ नहीं हुआ,उसके बाद सदन सिंह को उसके घर वाले घर उठा लाए,जहां गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की कार्यप्रणाली से स्टाफ नाराज

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर विवाद गहरा गया है। स्वास्थ्य केंद्र का नियमित स्टाफ इन कर्मचारियों के व्यवहार से नाराज है।गुरुवार को जांच के लिए पहुंची टीम को स्टाफ ने ज्ञापन सौंपा। जांच टीम में भरावन के अधीक्षक डॉ. अरविंद मिश्र और सांडी के अधीक्षक अखिलेश बाजपेई शामिल थे। टीम ने बताया कि वे कछौना में तैनात वार्ड आया शोभना की शिकायत की जांच कर रहे हैं। शोभना ने फार्मासिस्ट मुनेंद्र प्रताप के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत की थी। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों और स्टाफ ने मुख्य चिकित्साधिकारी को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारी सरकारी काम करने को कहने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। एक महीने पहले भी आउटसोर्सिंग पर तैनात एक स्टाफ नर्स ने अधीक्षक के खिलाफ कई शिकायतें की थीं। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक और कर्मचारी, विशेषकर महिला संविदा कर्मचारी इस स्थिति से परेशान हैं।

## बेटे की हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भटक रहा पिता

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** ढाबे पर जाने के लिए बुला कर ले जाए गए युवक का शव मिलने के बाद से उसका पिता पुलिस को तहरीर देता घूम रहा है,लेकिन उसकी सुनी नहीं गई। थक-हार कर वह एसपी के पास पहुंचा और उन्हे सारी बात बताई,एक्शन में आए एसपी नीरज कुमार जादौन ने सीओ शाहाबाद को जांच सौंपी है। पचदेवरा थाने अनंगपुर गांव निवासी गिरीश सिंह पुत्र धनपाल सिंह ने गुरुवार को एसपी नीरज कुमार जादौन को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि 18 जून की शाम को उसके 24 वर्षीय पुत्र आशुतोष सिंह को गांव निवासी गोपाल सिंह पुत्र गुड्डू सिंह अनंगपुर चौराहा स्थित ढाबे पर जाने की बात कहकर घर से बुला ले गया था। उसके बाद आशुतोष काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा,घर वाले उसकी खोजबीन करने लगे,लेकिन फिर भी कोई पता नहीं चला। अगले दिन सुबह जानकारी हुई कि भरखनी ब्लाक मुख्यालय के पास रूपापुर-भरखनी रोड पर एक शव पड़ा है,वह मौके पर पहुंचा,लेकिन वहां शव नहीं था। उसने पाली थाने पहुंच कर शव की शिनाख्त अपने पुत्र आशुतोष के रूप में की। उधर शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आशुतोष के सिर में गहरी चोंट होने की बात सामने आई।गिरीश सिंह ने बताया कि वह तहरीर ले कर पाली थाने पहुंचा,जहां पुलिस तहरीर नहीं ली,कुछ दिनों बाद 27 जून को फिर तहरीर दी,लेकिन अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।


आशुतोष की फाइल फोटो

# इंद्रा नगर में चला संचारी रोग नियंत्रण अभियान, की सफाई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

▸▸ मोहल्ले के लोगों को किया गया जागरूक

**अमृत विचार:** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका परिषद शुक्लागंज द्वारा एक माह तक सभी वार्डों में सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को चेयरमैन व ई ओ मुकेश मिश्रा के निर्देशन में वार्ड-3 इंद्रा नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

सफाई कर्मियों ने नालियों और नालों की सफाई करते हुए सिल्ट हटवाया और क्षेत्र में एंटी लार्वा रसायन का छिड़काव किया। इसके साथ ही मोहल्ले के लोगों को जागरूक किया गया कि वह जलभराव और गंदगी से बचें ताकि मलेरिया, डेंगू व अन्य संचारी रोगों से बचाव हो सके। शाम के समय मच्छरों की अधिकता को देखते हुए वार्ड की अधिकतर गलियों में फॉगिंग भी कराई गई। ईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि पूरे जुलाई माह तक पालिका द्वारा सभी वार्डों में इसी तरह सफाई, छिड़काव और फॉगिंग का कार्य कराया जाएगा।

# मोहर्रम की सात तारीख पर निकाला गया तख्त व अलम का जुलूस

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव


सफीपुर में मोहर्रम के जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार


सफीपुर में पैदल गश्त करते एसपी दीपक भूकर व अन्य।

**शहीदों का किया याद**

▸▸ सफीपुर में सदाओं के बीच मातम करते हुए नजर आया गमगीन माहौल

**अमृत विचार:** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के मोहल्ला सैय्यद वाड़ा से मोहर्रम की सात तारीख पर स्थानीय अंजुमन इमामिया की ओर से हजरत कासिम की शहादत की याद में तख्त, अलम, जुलजनाह का जुलूस या अली मौला हैदर मौला की सदाओं के बीच मातम करते हुए गमगीन माहौल में मातमी बाजों के धुन में निकाला गया।

जुलूस देर रात इमामबाड़े से उठा और नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ दूसरे दिन वापस बड़े इमामबाड़े पहुंचा। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने नौहा व मातम करते हुए दुख प्रकट किया। हजरत कासिम जो हजरत इमाम हसन के पुत्र और कर्बला के वीर शहीदों में से एक थे। इमामबाड़े से जुलूस निकालने से पहले एक मजलिस का आयोजन हुआ। जिसे मौलाना रहबर अब्बास मुजफ्फरनगरी ने खिताब करते हुए हजरत कासिम के जीवन और कर्बला में दिए गए बलिदान विस्तार से प्रकाश डाला। जुलूस नगर के मीर बाजार, किला बाजार, मियां बाजार, चालाकन टोला, हाता बाजार, राहतगंज बाजार आदि मोहल्लों से होकर गुजरा। स्थानीय लोगों ने रास्तों में सबीलों पानी शरबत का आयोजन कर तबरुख बांटा। इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

## मोहर्रम को देखते हुए एसपी ने परखी शांति व्यवस्था

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** मोहर्रम पर्व को देखते हुए नगर व क्षेत्र में शांति व सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस व प्रशासन ने तत्परता के साथ तैयारी का प्रदर्शन किया। एसपी दीपक भूकर ने नगर में पैदल मार्च कर हालातों का जायजा लिया और आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके साथ सीओ मधुपनाथ मिश्रा, कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी व फोर्स शामिल रहा। फ्लैग मार्च नगर के मुख्य मार्गों, संवेदनशील मोहल्लों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरा। एसपी ने लोगों से अपील की कि मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण व परंपरागत ढंग से मनाएं। कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिये कि हर स्थिति पर बारीकी से नजर रखें और किसी भी प्रकार की शरारत को समय रहते नियंत्रित करें। सीओ ने बताया कि नगर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ा दी गई है। संवेदनशील इलाकों की लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और ताजिया जुलूस के मार्गों की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए 15 तक करें आवेदन

**उन्नाव :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह ने जिले के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत कर्मठ, योग्य व नियमित व अर्ह अध्यापक, अध्यापिकाओं को राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार वर्ष-2025 हेतु निर्धारित समय-सीमा में अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कराने के निर्देश दिए थे। नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन व ऑनलाइन आवेदन की तिथि 23 जून से 13 जुलाई व स्वत: नामांकन के अन्तिम प्रस्तुतीकरण की तिथि 15 जुलाई तक निर्धारित की गयी है। जिले के शिक्षक नई समय सारणी के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

### पोनीरोड निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव :** मार्च से शुरू हुआ पोनीरोड निर्माण कार्य अब जुलाई में गति पकड़ता दिख रहा है। श्रीनगर स्थित सरकारी स्कूल के पास सड़क की खोदाई के बाद अब गिट्टियां डालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। हालांकि लगातार हो रही बारिश के चलते निर्माण कार्य कब तक निर्बाध रूप से चलेगा, इसे लेकर अभी स्पष्टता नहीं है। गौरतलब है कि मार्च में शुरू हुए इस कार्य की शुरुआत बेहद धीमी गति से हुई थी। पोनी सहित आसपास के गांवों से होकर गुजरने वाले इस मार्ग को पहले पूरी तरह उखाड़ दिया गया था, जिससे लोगों का आना-जाना ठप हो गया था। सड़क की यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही, जिससे आमजन सहित व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश देखने को मिला। निर्माण सामग्री न पहुंच पाने के चलते व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। स्थिति को लेकर व्यापारियों ने आलाधिकारियों से शिकायत भी की थी। अब कार्यदायी संस्था द्वारा श्रीनगर स्कूल के सामने से निर्माण कार्य की रफ्तार बढ़ाई गई है। लगातार डंपरों के जरिए गिट्टियां गिरवाई जा रही हैं, साथ ही छोटी जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से गिट्टियों का समतलीकरण किया जा रहा है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्य में अब भी अपेक्षित तेजी नहीं है। लोगों की मांग है कि संस्था कार्य को प्राथमिकता देकर अधिक मजदूरों और मशीनों की मदद से इसे शीघ्र पूर्ण करे, ताकि आवागमन बहाल हो सके और व्यापार पुन: पटरी पर लौट सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव

## रावतपुर गांव में फंदे के सहारे हुई मौत से परिजनों में मचा कोहराम, चार माह पहले हुई थी शादी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


रितिका की फाइल फोटो।

**अमृत विचार:** बिहार थानाक्षेत्र के रावतपुर गांव में नवविवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे के सहारे लटका मिला। मां की सूचना पर पहुंची पुलिस व नायब तहसीलदार ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। जहां दो डॉक्टर के पैनल से शव का पोस्टमार्टम हुआ। फिलहाल मायके पक्ष ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

रायबरेली जिला के थाना सरेनी अंतर्गत मलके गांव निवासी रामबाबू ने अपनी बेटी रितिका (20) की शादी 6 मार्च-2025 को बिहार थानाक्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी चेतन पुत्र शिवचंद से की थी। चेतन उसका पिता व भाई दुबई में मजदूरी करते हैं। वहीं रितिका के पिता भी दुबई में है। शादी निपटाने के बाद जून माह में चेतन उसका पिता व भाई दुबई लौट गए थे। घर में रितिका व उसकी सास रंजिता रहती थी। कुछ दिन पूर्व सास अपने भाई की पत्नी को घर में रोककर बेटी के पास इंदौर गई थी। बताते हैं कि बुधवार को रितिका की अपने पति से फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद वह कमरे में गई और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर बाहर न निकलने पर घर में मौजूद महिला रिश्तेदार ने रोशनदान से झांककर देखा तो वह अपने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे के फंदे से लटक रही थी। प्रधान व अन्य लोगों की सूचना पर मायके पक्ष से मां सन्नो व अन्य लोग पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। एसओ व नायब तहसीलदार ने पंचनामा की कार्रवाई की। इसके बाद दो डॉक्टर के पैनल में शामिल डॉ. निरुपम अवस्थी व डॉ. शोभित अग्निहोत्री ने शव का पोस्टमार्टम किया। बेटी की मौत से मां सहित बहन तनिष्का, रानी व छोटा भाई रिषभ बेहाल हैं। मां ने फिलहाल आरोप नहीं लगाया है। उसके मुताबिक पति दुबई से घर आने के लिए निकले हैं। उनके आने पर आगे की कार्रवाई करेंगे। वहीं एसओ राहुल सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी परिजनों का कोई आरोप नहीं है। पीएम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लोहे की जाली में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला की हुई मौत


पूनम की फाइल फोटो।

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** घर में किराने की दुकान किए शिक्षामित्र की पत्नी लोहे की जाली में उतरे करंट की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचलगंज थानाक्षेत्र के बलाई गांव निवासी धर्मेंद्र यादव प्राथमिक विद्यालय गौरी त्रिभानपुर में शिक्षामित्र है। वह इस समय अचलगंज नगर पंचायत के केशव नगर मोहल्ला में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहता है। उसकी पत्नी पूनम (40) घर के बाहरी कमरे में किराने की दुकान किए थी। गुरुवार सुबह पति व बच्चों को नाश्ता बनाकर स्कूल भेजने के बाद वह दुकान खोल रही थी। तभी मोबाइल चार्ज करने के लिए लगे बोर्ड का कटा तार दुकान में लगी लोहे की जाली में छू गया। इससे जाली में उतरे करंट की चपेट में आकर पूनम गंभीर रूप से झुलस गई और वहीं गिरकर अचेत हो गई। काफी देर बाद मोहल्ले का एक किशोर कुछ सामान लेने दुकान आया तो उसे फर्श पर पड़ा देख शोर मचाया। इस पर पड़ोसी दौड़े और डंडे से महिला को जाली से अलग किया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी खबर मिलते ही बदहवाश पति व बच्चे स्कूल से घर पहुंचे और शव देख बिलख उठे। उसकी असमय मौत से बेटी दिव्या (13) व बेटा राघव (8) सदमे में हैं। दरोगा हरिओम सिंह ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा है।

## सार-संक्षेप

### गुरु के जन्मदिवस पर कैडेटों ने किया रक्तदान


रक्तदान करते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** डीएसएन महाविद्यालय में बीएड विभाग के सहायक प्राध्यापक व महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी डॉ. विपिन सिंह के जन्मदिन पर 57 एनसीसी बटालियन के कैडेटों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के संयोजक राजकीय आईटीआई के एनसीसी एएनओ रवि रंजन रहे। कार्यक्रम में सीनियर अंडर ऑफिसर मनीषा यादव, अंडर ऑफिसर तन्वी तिवारी, रितिमा तिवारी, आयुष, निखिल, विजय, अंकित व नैना आदि मौजूद रहे।

### तीन वर्ष पूरे होने पर बीईओ का किया सम्मान

**संवाददाता, सफ़ीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र सफ़ीपुर में खंड शिक्षाधिकारी (बीईओ) के पद पर तीन वर्ष पूरे होने पर अनीता साह का शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। शिक्षकों से अनीता साह ने कहा कि सभी शिक्षकों द्वारा किए जा रहे परस्पर सहयोग से ही बेसिक शिक्षा विभाग उन्नति कर रहा है। उन्होंने घर के कार्यों या सामाजिक कारणों से स्कूल से दूर रहने वाली बालिकाओं के नामांकन व उपस्थिति पर विशेष बल देने की आवश्यकता जताई। शिक्षक संजीव संखवार, अमित तिवारी, ज्ञानेंद्र कुशवाहा आदि ने कहा कि नामांकन में वृद्धि के लिए जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाले क्षेत्रीय लोगों से संपर्क कर उनका सहयोग भी लिया जाएगा। अभिभावकों को उनके बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उपस्थित शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान को जोर शोर से चलाकर नामांकन वृद्धि की शपथ भी ली। इस दौरान अमरेंद्र सिंह, विश्वनाथ तिवारी, राजवीर यादव, रामजी पांडे, नसीम, सौरया शर्मा, सुनील यादव, शिवम पटेल, अमित नागी, ममता देवी, संतोषी देवी, अनूप साहू आदि मौजूद रहे।

### गरीब बच्चों को शिक्षा अधिकार से वंचित कर रही सरकार


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में गुरुवार को एक बैठक हुई। जिसमें सरकार द्वारा विद्यालयों के मर्जर किए जाने की जमकर आलोचना की गई। कहा गया कि सरकार शिक्षा अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन कर गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का षड्यंत्र कर रही है। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सरकार संवैधानिक मूल्यों की हत्या कर रही है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम यह कहता है कि पड़ोसी विद्यालय में छात्र पढ़ें। 5000 विद्यालयों को मर्जर करने से छोटे-छोटे छात्र कहां पढ़ने जाएंगे। इस तरीके से जहां गरीब का बच्चा शिक्षा से वंचित रह जाएगा वहीं सीधे-सीधे शिक्षा का अधिकार अधिनियम विखंडित होगा। इसके बाद कार्यालय से जुलूस में चलकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन देकर आग्रह किया कि उनके ज्ञापन की मूल प्रति महामहिम को प्रेषित की जाए। मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन की मूल रूप महामहिम को भेजी जाएगी। ज्ञापन देने वालों में शहर अध्यक्ष फैज फरुकी, उपाध्यक्ष हनुमत सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला छुन्ना, अनुराग सिंह, अजय गौतम, अमरेंद्र सिंह, जावेद कमाल, प्रदीप शर्मा, बाबुराम निषाद, विजय अवस्थी, विनयदीप श्रीवास्तव, कमलेश तिवारी, तनमय श्रीवास्तव, मनिकांत रावत, अजमेरी खान, जितेंद्र रावत, कंहई कुरील, सुभाष सिंह, सरोज भारती, रामेंद्र बहादुर, अमन कनौजिया, शेरशाह, रइस अहमद, अनीस बाबू आदि रहे।

### हाईस्कूल व इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** अटल बिहारी इंटर कालेज उन्नाव में कुंवर जी निगम स्मारक ट्रस्ट व स्वतंत्रता सेनानी बाबू लीलाधर अस्थाना की स्मृति में मेधावी छात्रवृत्ति पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के हाईस्कूल व इंटर में सर्वोच्च अंक पाने वाले एक-एक छात्र व एक-एक छात्रा, इंटर कॉमर्स वर्ग के भी छात्रों को ढाई-ढाई हजार रुपए व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये डीआईओएस सुनील दत्त ने छात्रों को लक्ष्य का सदैव ध्यान रखने व अपनी सकारात्मक ऊर्जा का उपयोग करने को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डा. राजीव निगम यूके वैज्ञानिक पूर्व उपनिदेशक राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान गोवा ने कहा कि छात्रवृत्ति का उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है। विशिष्ट अतिथि व शिक्षक नेता रमाशंकर मिश्रा मुन्ना ने छात्रों व शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। सम्मानित हुए छात्रों में इंटर के नीरज, लकी वाजपेई, राधा सिह व कामर्श के ऋषि कुमार गुप्ता, हाईस्कूल में उदय तिवारी व सिमरन को सर्वोच्च अंक पाने पर छात्रवृत्ति दी गई। छात्रा अंशिका ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य अजब सिंह यादव ने आगंतुकों का परिचय कराते हुए आभार जताया। इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता अलोक श्रीवास्तव, विक्रम सिंह व शिक्षक मौजूद रहे।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक में 75 गावों के विकास कार्यों पर चर्चा

**संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को हुई क्षेत्र पंचायत बैठक में 75 ग्राम पंचायत के 67 विकासकार्यो के करीब 7 करोड़ के प्रस्ताव लिये गये और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विचार किया गया। विकास कार्यों में हर प्रकार का सहयोग करने का आश्वासन जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने दिया। उन्होंने कहा कि नवाबगंज विकासखंड के सभी गांव विकसित हों इसके लिये उनका जो भी सहयोग होगा किया जायेगा। एडीओ आइएसबी मनोज कुमार ने संचालन करते हुये पिछली बैठक की कार्ययोजना को पढ़ कर सुनाया। जिसे सभी ने ध्वनि मत से पास किया। इस दौरान क्षेत्र व ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन, पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना के ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत के कार्यों पर विचार व अनुमोदन, ग्राम व क्षेत्र पंचायत विकास योजना, पेयजल व्यवस्था, दिव्यांग, वृद्धावस्था, निराश्रित पेंशन योजना, कन्या सुमंगला शादी अनुदान योजना, पीएम आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति, उपयोगिता व जन सहभागिता, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनाओं, लघु सिंचाई नलकूप विभाग की योजनाओं, प्राथमिक शिक्षा सर्व शिक्षा अभियान व कायाकल्प योजना, पशु चिकित्सा विभाग की योजनाओं समेत अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके क्रियान्वयन पर विचार किया गया। बैठक में गावों के विकास पर चर्चा हुई और 67 कार्यों की कार्ययोजना करीब 7 करोड़ की तैयार की जाएगी। जिससे गावों में विकास हो सकेगा। बैठक में ब्लॉक प्रमुख रोशनी रावत, प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, बीडीओ मुनीश चन्द, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश मौर्या, आशीष पटेल, रीशू तिवारी, आकाश शुक्ला, बीएमएम अलका गुप्ता, अरविन्द सोनी, प्रधान समर बहादुर, भोला राजपूत, मनोज कुमार, मनोज पाण्डे व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का आरोप

**गंजमुरादाबाद उन्नाव:** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव चोरहा निवासी रोशन जहां पुत्री सिद्दीक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी शादी वर्ष 2018 में जिला हरदोई के थाना टड़ियावां अंतर्गत गांव हर्रई निवासी तालिब पुत्र रऊफ अहमद से हुई थी। कुछ माह पूर्व उसके देवर मुतालिब ने उससे जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध करने पर देवर उसे जूता लेकर मारने दौड़ा और पति तालिब व सास खैरुन्निशां व ननद साबिया ने भी उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। बाद में ससुरालियों ने उसका एक बच्चा जबरन छीन लिया और उसे घर से भगा दिया। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने कहा कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# लाइन ब्रेकडाउन होने से नगर में 6 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

▸▸ बिजली न आने से लाखों की आबादी हुई प्रभावित


फाल्ट की मरम्मत करते विद्युत कर्मी।

**अमृत विचार:** नगर में गुरुवार सुबह से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे लाखों उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह पांच बजे रोस्टिंग के बाद जब बिजली सप्लाई बहाल हुई, तभी 33 केवी लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। इसके चलते शुक्लागंज से संचालित गंगाघाट, शुक्लागंज और त्रिभुवनखेड़ा पावर हाउस बंद हो गए।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से शहरी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों की भी बिजली गुल हो गयी। सुबह-सुबह बिजली न मिलने के कारण लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस गए। घरों में लगे इन्वर्टर भी जल्द ही जवाब दे गए, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया। बिजली विभाग की ओर से कर्मचारियों को फॉल्ट ढूंढने के लिए पेट्रोलिंग पर भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद फॉल्ट की मरम्मत शुरू की गई, जिसके बाद करीब छह घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। नगरवासियों का कहना है कि पिछले एक महीने से लगातार बिजली कटौती की मार झेल रहे हैं। अब ब्रेकडाउन जैसी घटनाओं से उनकी परेशानी और भी बढ़ गई है। स्थानीय लोग विभागीय लापरवाही से नाराज हैं।

**वज्रपात से मकान का छज्जा टूटा, दो घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फुंके, शुक्लागंज, उन्नाव:** बुधवार देर रात शुक्लागंज क्षेत्र में तेज बारिश और गरज-चमक के दौरान वज्रपात की एक घटना में दो मकानों को भारी नुकसान हुआ। कंचन नगर बी मोहल्ले में रात लगभग पौने नौ बजे उमेश कश्यप के मकान के छज्जे पर बिजली गिरी, जिससे छज्जा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय बारिश के बीच बिजली की जोरदार आवाज सुनाई दी, जिसके बाद मकान का छज्जा टूटकर गिर पड़ा। उमेश कश्यप के अनुसार बिजली गिरने के समय घर में टीवी, सेटटॉप बॉक्स और पंखा चालू था, जो पूरी तरह फुंक गए। इससे उन्हें हजारों रुपये का नुकसान हुआ। इसी प्रकार उनके पड़ोसी रामबाबू के घर में भी वज्रपात का असर देखने को मिला। उनके घर के दो पंखे, एक मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# 'इतनी भी क्या जल्दी है' कैंपेन का किया गया शुभारम्भ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


बैठक में मौजूद सीडीओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल हाल में सीडीओ कृति राज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के आठ ब्लॉको में चलाई जा रही परिवार नियोजन की डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजन हुई। इसमें विभिन्न विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में सीडीओ ने बताया कि एसबीसीसी कैंपेन 'इतनी भी क्या जल्दी है' का उद्देश्य पोस्टर्स, फिल्मों, जिंगल्स आदि का प्रयोग कर परिवार नियोजन के प्रति जन-जन को जागरूक करना है। इस अभियान के प्राथमिक विषय और संदेश यह हैं कि सही उम्र में शादी, पहला बच्चा देरी से, दो बच्चों के जन्म में अंतर व आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली का सही उपयोग हैं। सीडीओ व सीएमओ ने इस दौरान जिले के तीन ब्लॉक के 150 गांव में परिवार नियोजन के प्रचार-प्रसार के लिए चलाई जाने वाली मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जेआर सिंह, शिल्पा नायर, प्रभात कुमार, डॉ. अमित सिंह, डॉ. अश्वनी कुमार, आलोक सिन्हा आदि रहे।

# रथयात्रा के सफल आयोजन पर समिति अध्यक्ष का हुआ स्वागत

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार:** गुरुवार को समाजसेवी राजन कनौजिया व उनके साथियों ने श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला का उनके आवास पर जाकर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। राजन कनौजिया ने कहा कि अन्य शहरों में रथ यात्राओं के दौरान कई अप्रिय घटनाएं देखने को मिलीं, लेकिन वीरेंद्र शुक्ला के कुशल नेतृत्व में शुक्लागंज की रथ यात्रा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उमा लाल यादव, सुनील तिवारी, सुरेश निषाद, सर्वेश राजपूत, मुश्ताक खान, राकेश पाण्डे, पप्पू, सार्थक, लड्डू, सोना रावत, अंकित गिहार, कासिम निशित, शानू, अनूप, विशाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**समस्या** नदी के बढ़ने से कटान की रफ्तार और गहराई देखकर स्थानीय लोगों में दहशत, जिला प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से चम्पापुरवा में कटान तेज, प्रशासन बेपरवाह

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही चम्पापुरवा बस्ती के सामने तेज कटान शुरू हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। कटान की रफ्तार और गहराई देखकर लोग परेशान हैं, लेकिन जिला प्रशासन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा सका है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों से इस क्षेत्र में लगातार कटान हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। कटान अब इलाकों के बेहद करीब पहुंच चुकी है, जिससे लोगों के घर और जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। करीब दो सप्ताह पूर्व तहसीलदार ने कटान प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया था और लोगों को आश्वासन दिया था कि सिंचाई विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। लेकिन आज तक न तो कोई बचाव कार्य शुरू हुआ और न ही कोई अधिकारी दोबारा मौके पर पहुंचा। इस बीच गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे कटान की गति और तेज हो गई है। गांव परेशान लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही कटान रोकने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ठोस उपाय नहीं किए गए, तो भारी नुकसान हो सकता है। परेशान लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## 74 सेमी बढ़ा गंगा का जलस्तर, 110 मीटर पार हुआ पानी

**संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही लगातार भारी बारिश का असर अब गंगा नदी के जलस्तर पर दिखने लगा है। पश्चिमी के प्रमुख बांधों से छोड़े जा रहे हजारों क्यूसेक पानी के चलते गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में जलस्तर में 74 सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है, जिससे शुक्लागंज के घाटों तक पानी पहुंचने लगा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, बुधवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 109 .550 मीटर था, जो गुरुवार शाम तक बढ़कर 110 .290 मीटर पर पहुंच गया। यह बढ़ोत्तरी लगातार जारी रहने की संभावना है, क्योंकि बांधों से अब भी पानी छोड़ा जा रहा है। जलस्तर में अचानक हुई इस वृद्धि से प्रशासन की चिंता भी बढ़ गई है। शुक्लागंज क्षेत्र में चेतावनी बिंदु 112 मीटर और खतरे का निशान 113 मीटर पर है। यदि जलस्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो अगले कुछ दिनों में चेतावनी बिंदु को पार कर सकता है। गंगा का पानी अब नगर के घाटों को छूने लगा है और निचले इलाकों में बहाव तेज हो गया है। वहीं गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद से स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।


चम्पा पुरवा के सामने इस तरह हो रहा गंगा में कटान। अमृत विचार

# छात्रा को अगवा कर रेप में सिपाही निलंबित, जांच सीओ को सौंपी

## कार से किशोरी को अगवा करने में एफआईआर दर्ज, आरोपी सिपाही गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- फतेहगढ़ महिला थाने में तैनात आरोपी सिपाही
- आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है

**अमृत विचार।** किशोरी को कार से अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने फतेहगढ़ महिला थाने में तैनात आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और पूरे मामले की जांच मोहम्मदाबाद सीओ को सौंप दी है। आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

नवाबगंज में बुधवार की सुबह साढ़े बजे स्कूल पढ़ने जा रही छात्रा को फतेहगढ़ के महिला थाने में तैनात सिपाही विनय चौहान ने धमका कर कार में बैठा लिया और फिर कुछ दूर ले जाकर तमंचा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा के स्कूल से घर न पहुंचने पर परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की। बताते हैं कि मदर इंडिया स्कूल के पास परिवार वालों के साथ कुछ लोगों ने सिपाही को कार से छात्रा को उतारते देखा। जब परिवार के लोग उसके पास पहुंचे तो चालक ने कार भगाने का प्रयास किया।

परिवार के साथ पहुंचे कुछ लोगों ने बाइक को कार के आगे खड़ी कर रास्ता रोका तो कार चालक भाग गया, लेकिन लोगों ने सिपाही को दबोच लिया। इसके बाद छात्रा ने परिवार वालों को आपबीती बताई। गुरुवार को छात्रा के पिता ने आरोपी सिपाही और कार चालक के खिलाफ नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस सनसनीखेज मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक आरती सिंह मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे।

पुलिस अधीक्षक ने प्रारंभिक छानबीन में प्रथमदृष्ट्या दोषी मिले आरोपी सिपाही विनय चौहान को निलंबित कर दिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच मोहम्मदाबाद सीओ राकेश कुमार द्विवेदी कौ सौंपी है। आरोपी सिपाही को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी सिपाही फतेहगढ़ महिला थाने में काफी समय से तैनात था। उधर, पीड़ित छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है।

> आरोपी सिपाही विनय चौहान के खिलाफ अपहरण और रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच मोहम्दाबाद सीओ को सौंपी गई है। पीड़त छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है।
>
> –संजय कुमार, एएसपी



# लैब टेक्नीशियन का शव मिला, जाम-हंगामा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- स्वामी ब्रम्हानंद बांध में पिकनिक को गए कर्मी की हत्या का आरोप
- धनौरी गांव के पास राठ-हमीरपुर रोड पर जाम लगाया

**अमृत विचार।** स्वामी ब्रम्हानंद बांध में पिकनिक मनाने गए एक नर्सिंग होम कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत ने सनसनी फैला दी। परिजनों ने नर्सिंग होम संचालक और उसके सहयोगी पर सुनियोजित हत्या का आरोप लगाया है। इसको लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने राठ-हमीरपुर रोड पर धनौरी गांव के पास जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पुलिस के आश्वासन पर जाम खोला। जनप्रतिनिधियों ने परिजनों को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया।

अकौना गांव निवासी वंशगोपाल उर्फ रोहित पाठक (24) कस्बे के कान्हा नर्सिंग होम में तीन साल से लैब टेक्नीशियन था। मंगलवार की शाम वह नर्सिंग होम संचालक डॉ.कुलदीप और स्टाफ के साथ स्वामी ब्रह्मानंद बांध पिकनिक मनाने गया था। इसी दौरान वह बांध में डूब गया। पुलिस ने देर शाम तक सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया। बुधवार सुबह फिर सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ, जिसके बाद शव बरामद हुआ।

शव को देखते ही परिजनों ने हत्या की आशंका जताई और धनौरी गांव के पास राठ-हमीरपुर रोड पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। इसके बाद भारी पुलिस बल बुलाकर जाम खुलवाया गया। मौके पर पहुंचीं विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, एसडीएम अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव प्रताप सिंह ने जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

## सार-संक्षेप



राम मंदिर परिसर के बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए ।

### बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए किया निरीक्षण

**अयोध्या ।** राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा के लिए चार किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवॉल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राम जन्मभूमि के 70 एकड़ परिसर की बाहरी दीवार निर्माण से पूर्व बृहस्पतिवार को सुरक्षा उपकरण लगाए जाने के लिए स्थलों को चिन्हित किया गया। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे, राम मंदिर ट्रस्ट के इंजीनियर जगदीश अफले व अन्य निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ परिसर का भ्रमण किया।राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही आने वाली श्रद्धालुओं को परिसर में बने मंदिरों में भी दर्शन-पूजन और भ्रमण करने के लिए खोलने की तैयारी है। वहीं दूसरी तरफ परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दूसरे चरण में बाउंड्री वॉल निर्माण की कार्रवाई के लिए इंजीनियरों के द्वारा डिजायन तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत बाउंड्री वॉल में कहां-कहां पर सुरक्षा उपकरण लगाए जाने हैं, इसका भी निर्धारण किया जा रहा है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि जो विशेष कार्य बचे हैं उन्हें भी पूरा किया जा रहा है। निर्माण से जुड़े लोगों ने परिसर के बाउंड्रीवॉल क्षेत्र को देखा है, जहां जल्दी निर्माण भी शुरू हो जाएगा।

### साध्वी ऋतंभरा ने रामदरबार के किए दर्शन

**अयोध्या।** राममंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली साध्वी ऋतंभरा ने गुरुवार को राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार के दर्शन किये। उन्होंने प्रांगण में बैठकर भगवान के भजन भी किए और भूतल पर विराजमान रामलला की भी आराधना की। परिसर में स्थित कुबेर टीला पर प्राचीन शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। दर्शन के दौरान साध्वी ऋतंभरा ने अपने सोशल मीडिया पर राम मंदिर परिसर से राम भक्तों को सन्देश देते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम जानकी सहित जब दर्शन देते हैं तो चित्त के अमृत्व को छीन लेते हैं और भावों में साम्राज्य भर देते हैं। उन्होंने कहा की रामलला और राजा राम के दर्शन किए। सनातन की ध्वजा हमेशा ऐसे फहरती रहे। इसके लिए इस शिखर का दर्शन कीजिए, जिसका सौंदर्य हम सब के दिलों में राम भक्ति संहित रहे। कहा कि इस तड़पते हुए हृदय को अगर कहीं शांति मिल सकती है तो वह प्रभु श्रीराम के चिंतन, उनके नाम और उनके कार्य से है, जिसे अपनाकर अपने जीवन को धन्य करना चाहिए।

### पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम तथा अपराधियों की धर पकड़ अभियान में थाना विशुनगढ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी 19 वर्षीय विश्व पुत्र राजू निवासी अकना थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया।

### तत्कालीन कादीपुर कोतवाल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**सुलतानपुर।** कादीपुर कोतवाली में वर्ष 2002 में बलवा, पथराव व डकैती के मामले में पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा और रामार्य पाठक समेत 14 आरोपियों पर चल रहे मुकदमे में वादी मुकदमा तत्कालीन कोतवाल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए एक्ट व अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीसी द्वितीय राकेश की अदालत ने वादी मुकदमा तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह को साक्ष्य के लिए गुरुवार को जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग तलब किया था, परंतु गवाही पर हाजिर नहीं हुए। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख नियत की है। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय की ओर से गवाह को तलब करने का प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें कहा गया कि पूर्व में बीमारी के कारण वादी गवाही नहीं दे सके। अदालत ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए तीन जुलाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया था। यह मामला 17 दिसम्बर 2002 को कादीपुर क्षेत्र स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने छात्रा पूनम श्रीवास्तव की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद भड़के हंगामे से जुड़ा है। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने कोतवाली पहुंचकर नारेबाजी, बलवा, पथराव और डकैती की थी। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

# सड़क पार करते समय कार की चपेट में आया वृद्ध, मौत

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** बेलाताल नौगांव रोड पर तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से सड़क पार करते समय ग्रामीण गंभीर धूप से घायल हो गया आसपास के लोग परिजनों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयपुर ले गए जहां पर चेकअप करने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना स्थल पर भारी भीड़ जुटती देख चार पहिया वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

जैतपुर ब्लॉक क्षेत्र के मवैया गांव निवासी राजाराम 60 पुत्र मलखान अपनी पत्नी भाग्यवती के साथ दिल्ली से बेलाताल स्टेशन पर उतरकर टैक्सी से अपने ग्राम मवैया जा रहा था तभी गोरा बाबा के पास अपनी पत्नी के संग उतरा और रोड क्रॉस करते समय अनियंत्रित गति से नौगावँ से बेलाताल आ रहे एक चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राजाराम बुरी तरह से घायल हो गया। आनन फानन में परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर लाये डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया है। कई माह बाद दिल्ली से घर आए ग्रामीण की घर पहुंचने से पहले ही मौत हो जाने से गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है।



परिजनों से पूछताछ करती पुलिस।

# 'धार्मिक पहचान करने वाले पहलगाम के आतंकियों की तरह'

**बरेली।** सावन माह से पहले गुरुवार को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बयान जारी कर कहा है कि कांवड़ यात्रा में जो लोग सच्ची आस्था के साथ निकलते हैं वह दंगाई नहीं हो सकते। कावड़ यात्रा के नाम पर मुजफ्फरनगर में ढाबों पर कपड़े उतारकर जो लोग धार्मिक पहचान कर रहे हैं वह उन आतंकियों की तरह हैं जिन्होंने पहलगाम में धर्म पूछकर निर्दोषों को मार दिया।

मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि सब्जी और फल बेचने वालों से कावंड यात्रा कैसे अपवित्र हो सकती है, लेकिन फिर भी अगर शासन का आदेश है कि नेम प्लेट लगा कर पहचान जाहिर होनी चाहिए तो इस आदेश पर अमल किया जाना चाहिए। हमें अपनी पहचान जाहिर करनी चाहिए, हमारी पहचान दाढ़ी और टोपी है।

# पति, सास-ससुर और जेठ को दहेज हत्या में 9 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** करीब 5 साल पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता पर पेट्रोल डालकर आग लगाकर मारने के आरोप सिद्ध होने पर पति, सास, ससुर व जेठ को 9-9 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही 20-20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड न देने पर 6-6 महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई जाएगी।

शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि गुरुवार को यह फैसला एडीजे तृतीय पूर्णिमा पाठक ने दिया। घटनाक्रम के मुताबिक जगदीश उर्फ लड्डे पुत्र रामलाल निवासी रावण पुर्वा चौराहा थाना बिलग्राम जिला हरदोई ने तिर्वा कोतवाली में 21 मई 2020 को दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 25 वर्षीय पुत्री सुमिता की शादी तिर्वा इलाके के गांव कोडर निवासी देवेंद्र पुत्र धनीराम के साथ 2017 में की थी। दहेज में बाइक, भैंस व एक लाख रुपये की मांग को लेकर पुत्री को प्रताड़ित किया जाने लगा।

उसके साथ मारपीट की गई। दहेज न देने पर 20 मई को पेट्रोल डालकर आग लगा दी जिससे सुमिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोडर गांव में ही ब्याही दूसरी पुत्री ममता को जब आग लगाने की खबर मिली तो वह राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर गई थी। सूचना पर जगदीश भी पत्नी सूरजमुखी व पुत्र नौरंग के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। मामले की विवेचना तत्कालीन सीओ श्रीकांत प्रजापति के बाद सीओ दीपक दुबे ने की। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर कोडर निवासी कलावती (सास) पत्नी धनीराम, धनीराम (ससुर) पुत्र कालीचरन, देवेंद्र (पति) व मुकेश (जेठ) पुत्रगण धनीराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सभी पर आरोप सिद्ध होने पर सजा सुनाई गई।



पुलिस अभिरक्षा में खड़े दहेज हत्या के दोषी अभियुक्त। अमृत विचार

# डॉ. निर्मल खत्री पर अब नहीं चलेगा हत्या के लिए उकसाने का मामला

अयोध्या कार्यालय

- एमपी एमएलए कोर्ट ने खारिज किया इस्तगासा
- मामला श्री राम बल्लभा इंटर कॉलेज कर्मी के आत्महत्या का

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री समेत तीन को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में कोर्ट ने राहत दी है।

इस मामले की रिपोर्ट अंजनी कुमार पांडेय ने दर्ज कराई थी। तहरीर में कहा था कि उनके नाना कालिका प्रसाद मिश्रा एडवोकेट ने 1955 में श्रीराम वल्लभा भगवत विद्यापीठ इंटर कॉलेज की स्थापना की थी। निर्मल खत्री के पिता नारायण दास खत्री ने कूट रचित अभिलेख तैयार कर समिति और विद्यालय पर फर्जी तरीके से कब्जा कर लिया। । निर्मल खत्री ने विद्यालय के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज 2400 बीघा भूमि कूट रचना करते हुए समिति के नाम दर्ज करवा दिया। फर्जी व कूटरर्चित अभिलेख तैयार कर एक महाविद्यालय की स्थापना भी कर दी। इन सब बातों को लेकर के उन्होंने मुकदमा दायर किया। इसी से निर्मल खत्री मुझे धमकी देने लगे कि मुकदमा वापस कर लो नहीं तो तुम्हें वह तुम्हारे परिवार वालों को जान से खत्म कर देंगे। मेरा बेटा समीर कुमार पांडेय लगातार हम लोगों से यही कहता था कि निर्मल खत्री, विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक तिवारी, सुखदेव तिवारी व अन्य तमाम बदमाश हैं। जो मुझे बराबर मुकदमा वापस करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

इससे अवसाद में आकर उसने तीन अक्टूबर 2018 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में निर्मल खत्री, आलोक तिवारी तथा सुखदेव तिवारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने तथा जान से मारने की धमकी देने के तहत एफआईआर दर्ज की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने मामले में क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट निरस्त करते हुए मामले को परिवाद के रूप में पंजीकृत करते हुए अंजनी कुमार और गवाहों का बयान लिया। कोर्ट ने पुनः सुनवाई करने का आदेश पारित किया था। जिस पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फिर परिवाद निरस्त कर दिया।

# किशोर का अपहरण किया फिर गोली मारकर हत्या की

संवाददाता, पुवायां (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** मामा के घर रहकर बीते 10 वर्षों से पढ़ाई कर रहे किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वजह जमीन की रंजिश बताई जा रही है। वारदात के बाद एसपी समेत तमाम पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुट गई है।

थाना सिकंदराबाद क्षेत्र (लखीमपुर खीरी) निवासी 16 वर्षीय अपूर्व अवस्थी पुवायां क्षेत्र के गांव कुंवरपुर जप्ती निवासी अपने मामा प्रमोद मिश्रा के घर रहकर कक्षा 10 में पढ़ रहा था। गुरुवार की शाम करीब 4 बजे वह नगर के विद्या मंदिर स्कूल से घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में उसे अगवा कर लिया गया। प्रमोद मिश्रा ने बताया कि जब वह बाइक से खेत जा रहे थे, तभी उन्होंने कुछ लोगों को अपूर्व को बंडा-पुवायां हाईवे किनारे गांव के पास ही गाड़ी से उतारते देखा। उन्होंने तुरंत अपूर्व को अपनी बाइक पर बिठाया और घर लेकर आए। यहां वह बेसुध हो गया। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथ ही बताया कि अपूर्व को गोली लगी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, एसपी ग्रामीण अरुण दीक्षा भंवरे और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और छानबीन की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एसपी ने बताया कि किसी ने गोली मारकर किशोर की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राम मंदिर में नए सिरे से उत्सव के लिए बनेगा वार्षिक कैलेंडर

अयोध्या कार्यालय

- परकोटे में विराजमान देवी-देवताओं के उत्सव को भी किया जाएगा शामिल
- ट्रस्ट के पुजारी नित्य विधि विधान पूर्वक पूजन संपन्न कर रहे हैं

**अमृत विचार:** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय चरण के सम्पन्न होने के बाद अब नए सिरे से वार्षिक उत्सव के कैलेंडर को भी तैयार किया जाएगा। जिसमें रामलला के जन्मोत्सव के साथ सीताराम विवाह और परकोटे में विराजमान देवी-देवताओं के उत्सव को भी शामिल किया जाएगा।

राम मंदिर के भूतल पर 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम तल पर 5 जून 2025 को राम दरबार की स्थापना हुई। जिसमें माता सीता के संग राजाराम विराजमान हैं। मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बने आयताकार परकोटे में भी छह देवी-देवताओं के मंदिरों की स्थापना कर सभी मूर्तियों की प्रतिष्ठा कर दी गई है। जहां ट्रस्ट के पुजारी नित्य विधि विधान पूर्वक पूजन संपन्न कर रहे हैं। अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा गठित धार्मिक समिति के द्वारा राम मंदिर के उत्सव कैलेंडर को अंतिम रूप देने में जुट गया है। जिसमें विभिन्न पर्व, त्यौहार और उत्सव को जोड़ने के साथ पौष शुक्ल द्वादशी पर भी विशेष आयोजन किए जाने का प्रावधान होगा। इसके अलावा राम नवमी, सीता नवमी, नरसिंह जयंती, सावन झूला उत्सव, जन्माष्टमी, विजयादशमी, शरद पूर्णिमा, दीपावली, कार्तिक में परिक्रमा, विवाह पंचमी उत्सव, मकरसंक्रांति, महाशिवरात्रि समेत अन्य धार्मिक आयोजन की तालिका बनाई जा रही है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र टेस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में पर्व व त्यौहार पर होने वाले आयोजन की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रमुख धर्माचार्य से वर्ष भर में होने वाले आयोजन के संबंध राय लिया जा रहा है। हिंदी नव वर्ष के प्रारंभ होने के साथ हिंदी पंचांग में शामिल तिथियों पर भी विशेष रूप से अनुष्ठान आयोजन करने के नियम रखे जाएंगे।

**आयोजन** | सपा मुखिया ने आवासीय भवन और पार्टी कार्यालय का किया उद्घाटन

# सरकार बनी तो खत्म होगी आउटसोर्सिंग व्यवस्था : अखिलेश

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को शहर से सटे अनवरगंज में अपने नए आवासीय भवन और पार्टी कार्यालय के उद्घाटन किया। उन्होंने इस नवनिर्मित आवासीय भवन और पार्टी कार्यालय को पीडीएफ भवन का नाम दिया। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि यदि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनती है तो हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, युवाओं को आईपैड मिलेगा और महिलाओं को 3000 रुपये मासिक समाजवादी पेंशन दी जाएगी। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग की व्यवस्था समाप्त की जाएगी। उन्होंने केंद्र की अग्निवीर योजना को समाप्त करने और सीमा की सुरक्षा को मजबूत करने की बात कही।

अखिलेश यादव ने शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं की दुर्दशा को लेकर भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा उन बूथों को चिह्नित कर बंद करा रही है, जहां उसे हार मिली थी। हजारों विद्यालय बंद किए जा रहे हैं, जबकि शराब की दुकानें धड़ल्ले से खोली जा रहीं हैं। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में बनाई गई पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का भार नहीं सह पा रहीं हैं। हर महीने किसी न किसी जिले में टंकी फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की तुलना करते हुए अपने शासन में बनी छह लेन की सड़कों को बेहतर बताया। साथ ही भाजपा पर आरक्षण और धर्मनिरपेक्षता के मुद्दे पर दोगली नीति अपनाने का आरोप भी लगाया। कार्यक्रम में उन्होंने स्पष्ट किया कि 2027 में सत्ता में लौटने पर गाजीपुर में मंडी का निर्माण करेंगे और गाजियाबाद से सोनभद्र तक सभी सीटें पीडीए को दिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यहां से नेताजी को और समाजवादी पार्टी को आजमगढ़ के लोगों ने न सिर्फ जिताया बल्कि ऐतिहासिक वोटों से जीतने का काम किया।

**अखिलेश की सुरक्षा में हुई चूक, मंच के पास पहुंचा युवक:** आजमगढ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सुरक्षा में गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान चूक हो गई। अखिलेश यादव नए घर में गृह प्रवेश की पूजा के बाद मंच पर बैठे थे। तभी भीड़ से एक युवक अचानक पहुंचा और बैरिकेडिंग फांदकर उनकी ओर भागा। वहीं सुरक्षा में लगे पुलिसवालों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह धक्का मारते हुए मंच के पास पहुंच गया। तभी मंच के करीब पुलिस जवानों ने उसे घेर लिया तो वह वहीं लेट गया।





कार्यक्रम को संबोधित करते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

# बाइकों की भिड़ंत में किशोर व किशोरी घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घटना कुंवरपुर बनवारी में हुई जब ग्राम बहवलपुर निवासी राजकुमार की पुत्री पारुल और कुंवरपुर बनवारी निवासी जुल्फेकार पुत्र हलीब की बाइकें आपस में टकरा गईं। बताया जा रहा है कि पारुल सुनील शर्मा पुत्र विजय शर्मा निवासी महमूद खास को उनके घर छोड़ने के लिए महमूदपुर जा रही थी। सुनील जो आवास विकास स्थित प्रज्ञा पीवीसी हाउस में कार्यरत हैं। पारुल उनसे अपने घर का गेट ठीक करवाने के बाद सुनील को छोड़ने जा रही थी। जुल्फेकार अपनी गली से निकल रहे थे। तभी उनकी बाइक पारुल की बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# भाजपा की सरकार गरीबों की विरोधी: शिवपाल

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव व क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने एक मैरिज होम में आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब विरोधी होने के साथ सभी वर्गों का शोषण कर रही है।

उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर बंद हो रहे सभी प्राथमिक विद्यालयों को यथावत खोला जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ऐसा कानून लाना चाहती है जिससे देश का माहौल खराब हो जबकि समाजवादी पार्टी जनहित की बात करके सबको साथ लेकर चलना चाहती है। कथावाचक प्रकरण में यादव और ब्राह्मण वर्ग के बीच संघर्ष भाजपा की सुनयोजित चाल है। भाजपा समाज के सभी वर्गों को लड़ाकर राज करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पीडीए सपा की राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। जिसके तहत सपा पिछड़े दलित अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ रही है। इसी का नतीजा है कि लोकसभा चुनाव में सपा देश की तीसरी नंबर की पार्टी बनकर उभरी है। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आप सभी लोग क्षेत्र में रहे और पीडीए वर्ग से जुड़े लोगों को न्याय दिलाएं।

उन्होंने कहा कि सरकार आउटसोर्सिंग पर रखकर युवाओं के साथ धोखा कर रही है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है।

# चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.4-6.7% रहेगी

## सीआईआई के चेयरमैन ने जताई संभावना, बोले- जीएसटी को त्रिस्तरीय बनाया जाए

नई दिल्ली, एजेंसी



भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में मजबूत घरेलू मांग के सहारे 6.4-6.7% रहने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने गुरुवार को यह संभावना जताई।

सीआईआई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मेमानी ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की एक सरल त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की। उन्होंने कहा कि जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है जबकि विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए और शेष वस्तुओं को 12-18 प्रतिशत कर दायरे में रखा जाए। फिलहाल जीएसटी एक चार-स्तरीय कर व्यवस्था है जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है।

मेमानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि अच्छे मानसून का अनुमान और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) एवं रेपो दर में कटौती से बढ़ी हुई तरलता जैसे कारक देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करेंगे। पिछले महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती की घोषणा करने के साथ मानक ब्याज दर रेपो में भी 0.50 प्रतिशत की कमी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर सीआईआई के पूर्वानुमान पर मेमानी ने कहा, हमें अर्थव्यवस्था के 6.4 से 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस वृद्धि की राह में कुछ स्पष्ट जोखिम हैं, जिनमें से कुछ बाहरी व्यापार जोखिमों से संबंधित हैं। मेमानी ने कहा, मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से कारकों को अपने आकलन में शामिल किया गया है और कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। उन्होंने जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि कम आय वाले तबके के इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर कर की दर घटाई जानी चाहिए। उन्होंने सीमेंट पर जीएसटी दर को भी 28 प्रतिशत से कम करने का सुझाव दिया।

### भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** जून में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें सकारात्मक मांग के रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतर्राष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार शामिल है। गुरुवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तेज उछाल के कारण हुआ। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिसका कारण नए घरेलू ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि थी। नए निर्यात ऑर्डरों में भी वृद्धि हुई, यद्यपि धीमी गति से। मार्जिन में सुधार हुआ, क्योंकि कच्चे माल की लागत में वृद्धि आउटपुट शुल्क के मुकाबले कम थी। अगस्त, 2024 के बाद से नए ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े। सेवा कंपनियों को घरेलू बाज़ार की निरंतर मज़बूती से सबसे ज़्यादा फ़ायदा हुआ, साथ ही नए निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

# एशिया प्रशांत के देशों के मुकाबले भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की उम्मीद : मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी

मूडीज रेटिंग्स ने गुरुवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है।

एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृश्य पर मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, द्विपक्षीय आधार पर शुल्क व अन्य व्यापार बाधाओं में कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है। व्यापार नीति के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार के संभावित बदलाव ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चक्रीय और संभवतः संरचनात्मक ऋण जोखिम बढ़ा दिए हैं।



● रेटिंग्स कंपनी ने कहा- निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अधिक शुल्क से हुईं प्रभावित

मूडीज ने कहा कि चीन से बाहर निवेश और विनिर्माण के विविधीकरण से लाभान्वित होने वाली वियतनाम और कंबोडिया जैसी अर्थव्यवस्थायें अब उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना कर रही हैं। ये अर्थव्यवस्थायें विशेष रूप से जोखिम में हैं। कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों के उलट भारत को निवेश और व्यापार प्रवाह में एक शुल्क आधारित बदलाव का लाभ मिल सकता है। एशिया प्रशांत क्षेत्र (एपीएसी) में कई देशों की तुलना में भारत पर कम शुल्क रह सकता है, जो अर्थव्यवस्था को आगे निवेश प्रवाह को आकर्षित करने और एक वैश्विक विनिर्माण आधार के रूप में विकसित होने में मदद कर सकता है।

### ब्रिटेन से व्यापार समझौते विकास का करेंगे समर्थन

मई में ब्रिटेन के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और यूरोपीय संघ के साथ इसके लिए जारी प्रयास इस तरह के विकास का और समर्थन करेंगे। दो अप्रैल को, अमेरिका ने भारतीय उत्पादों 26 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया था, लेकिन बाद में इसे 90 दिन के लिए निलंबित कर दिया। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से छूट चाहता है।

# 8 प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 2 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 8 प्रमुख संपत्ति बाजारों में चालू पहली छमाही (जनवरी-जून) के दौरान घरों की बिक्री में दो प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, संपत्ति परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान कार्यालय स्थल पट्टे में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

नाइट फ्रैंक ने गुरुवार को वेबिनार में जनवरी-जून, 2025 के लिए भारतीय रियल एस्टेट बाजार के आंकड़े जारी किए, जिससे पता चला कि इस वर्ष की पहली छमाही के दौरान 8 प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 1,70,201 इकाई रही। वहीं, जनवरी-जून, 2025 के दौरान पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 41 प्रतिशत बढ़कर 4.89 करोड़ वर्ग फुट हो गई। पूरे 2024 के लिए सकल पट्टा गतिविधियां रिकॉर्ड 7.19 करोड़ वर्ग फुट रही थीं। पहली छमाही के दौरान मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए नाइट फ्रैंक को उम्मीद है कि पूरे साल में पट्टे पर



कार्यालय स्थल की मांग आठ-नौ करोड़ वर्ग फुट के नए उच्चस्तर पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने बताया कि आवासीय क्षेत्र में 8 शहरों में भारित औसत मूल्य में दो से 14 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। सभी आवास बिक्री में से 49 प्रतिशत मकान एक करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे, जबकि 51 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये तक थी। शहरों की बात करें तो मुंबई और अहमदाबाद में घरों की बिक्री जनवरी-जून के दौरान सालाना आधार पर क्रमशः 47,035 इकाई और 9,370 इकाई पर स्थिर रही।

# बैटरी ऊर्जा भंडारण के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ देगी आईएफसी

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक समूह के सदस्य अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) ने गुरुवार को भारत की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना के निर्माण के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ देने की प्रतिबद्धता जताई।

संयुक्त बयान के अनुसार परियोजना को ग्रिड स्थिरता को बढ़ाकर और अधिकतम मांग के दौरान विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराकर राज्य के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए डिजायन किया गया है। 5.5 करोड़ डॉलर का दीर्घकालिक वित्तपोषण सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर से होगा, जिसमें आईएफसी के खाते से 3.85 करोड़ डॉलर व स्वच्छ प्रौद्योगिकी कोष से 1.65 करोड़ डॉलर का रियायती समर्थन शामिल होगा, जो विश्व बैंक द्वारा संचालित जलवायु निवेश निधि ढांचे के तहत बहु-दाता ट्रस्ट कोषों में से एक है।

# विदेशी कोष कम होने से रियल एस्टेट में निवेश घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर विदेशी निवेशकों के सतर्क रहने से अप्रैल-जून में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी।

कोलियर्स इंडिया के अनुसार इस साल अप्रैल-जून के दौरान रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश घटकर 169.12 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 253.33 करोड़ डॉलर था। समीक्षाधीन अवधि में विदेशी निवेशकों से प्राप्त धन प्रवाह 204.68 करोड़ डॉलर से आधा होकर 104.84 करोड़ डॉलर हो गया। घरेलू निवेशक उत्साहित रहे और उन्होंने अप्रैल-जून के दौरान 64.28 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 48.65 करोड़ डॉलर से 32 प्रतिशत अधिक है।



● कोलियर्स इंडिया के अनुसार, संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब रहा

कोलियर्स इंडिया के सीईओ बादल याग्निक ने कहा, घरेलू पूंजी भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरी है। कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 2021 में 16 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 34 प्रतिशत हो गई है। 2025 की पहली छमाही में घरेलू निवेश कुल प्रवाह का 48 प्रतिशत रहा। याग्निक ने कहा, उनके बढ़ते प्रभुत्व ने वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने और 2025 की पहली छमाही में कुल निवेश को तीन अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद की है। जनवरी-जून की अवधि में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 15 प्रतिशत घटकर 299.81 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 352.85 करोड़ डॉलर था।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### विधायक अरोड़ा बने कैबिनेट मंत्री, धालीवाल का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तीन वर्षों में सातवां मंत्रिमंडल फेरबदल किया, जिसके बाद लुधियाना पश्चिम से नवनिर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा को कैबिनेट मंत्री बनाया गया, जिसके बाद धालीवाल ने इस्तीफा दिया। धालीवाल के 'एनआरआई मामलों' के विभाग को नवनिर्वाचित विधायक को सौंप दिया गया। अरोड़ा को उद्योग एवं वाणिज्य तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग भी दिया गया है, जो पहले तरुणप्रीत सिंह सोंड के पास था।

#### बंगाल में मंत्री के काफिले पर भीड़ ने किया हमला

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री और जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी गुरुवार को पूर्वी बर्धमान जिले में भीड़ द्वारा उनके काफिले पर किए हमले में बच गये। जन शिक्षा विस्तार और पुस्तकालय सेवा मंत्री चौधरी ने 2021 में टीएमसी के टिकट पर पूर्व बर्धमान जिले के मोंटेश्वर विस क्षेत्र से जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि उनकी जान लेने की कोशिश हुई, क्योंकि पंचायत प्रधान के नेतृत्व में उनकी पार्टी के एक गुट से संबंधित भीड़ ने उनके वाहन पर पत्थर फेंके और विंडस्क्रीन तोड़ दी, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई।

#### बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्रा बनी मां, पुलिस को नोटिस

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 10वीं कक्षा की छात्रा की बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रसव होने के मामले में संज्ञान लेते हुए एसपी को नोटिस जारी किया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के अधिवक्ता अखंड की ओर से दायर याचिका पर कार्रवाई करते हुए, एनएचआरसी ने जाजपुर के एसपी से चार सप्ताह में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

# बुनियादी ढांचे में सुधार को केंद्र प्रतिबद्ध : गडकरी

## केंद्रीय मंत्री ने कहा- झारखंड में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं की जाएंगी लागू

गढ़वा (झारखंड), एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र झारखंड के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं लागू की जाएंगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि खनिज संसाधनों से समृद्ध झारखंड में राजमार्ग क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास होगा।

उन्होंने जनसभा में कहा, मैं झारखंड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हमने राज्य में 40,000 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं पूरी की हैं। वर्तमान में 70,000 करोड़ की लागू कर रहे हैं, जबकि 75,000 करोड़ की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि 36 हजार करोड़ रुपये की लागत से



● बोले- 36 हजार करोड़ से वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण 2028 तक होगा पूरा

वाराणसी-रांची-कोलकाता हरित गलियारे (ग्रीनफील्ड कॉरिडोर) मार्च 2028 तक पूरा होगा जबकि जनवरी, 2028 तक 12,800 से रांची-वाराणसी आर्थिक गलियारा बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली-कोलकाता के बीच 31,700 करोड़ से 6 लेन वाली कॉरिडोर परियोजना जून 2026 तक पूरी होगी। 8,900 करोड़ से बन रहा 4 लेन का रांची-पटना आर्थिक गलियारे का काम दिसंबर 2029 तक हो जाएगा। 16,500 करोड़ से रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारा जनवरी 2028 तक बन जाएगा। गडकरी ने कहा कि चुनाव तक राजनीति होनी चाहिए, लेकिन चुनाव के बाद विकास की राजनीति होनी चाहिए। उन्होंने राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार द्वारा उठाए लोकलुभावन कदमों की ओर इशारा किया। उन्होंने झारखंड सरकार से राज्य में भूमि अधिग्रहण, वन विभाग से मंजूरी और अन्य मुद्दों से संबंधित बाधाओं को दूर करने का भी आग्रह किया।

### 11 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

गडकरी ने कहा, राज्य में 2014 में 2,600 किमी का राष्ट्रीय राजमार्ग था, जो अब 4,470 किमी है। मंत्री ने गढ़वा में शंख से खजूरी तक 1,130 करोड़ से बने 23 किमी लंबे 4 लेन वाले राजमार्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़-झारखंड अंतर-राज्यीय सीमा से गुमला तक राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के 32 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन बनाने के लिए 1,330 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला भी रखी। गडकरी ने 6,350 करोड़ रुपये की लागत वाली 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें रांची में 560 करोड़ रुपये का 'एलिवेटेड कॉरिडोर' भी शामिल है। गडकरी ने कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझे बताया कि वह आज के समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उनके पिता शिबू सोरेन अस्वस्थ हैं और उनका दिल्ली में इलाज किया जा रहा है।

# मानसून सत्र में व्यवधान पैदा नहीं करें पार्टियां : बिड़ला

गुरुग्राम, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले गुरुवार को कहा कि राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिए और जो पार्टियां गतिरोध पैदा करने का प्रयास करेंगी, उन्हें जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान लोकसभा (18वीं) में व्यवधान पहले के मुकाबले कम है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि राजनीतिक दलों ने विचार किया कि सदन चलना चाहिए।

बिड़ला ने हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित शहरी निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की तरह स्थानीय निकायों के सदनों को सुचारू रूप से चलाने की आदर्श पद्धति स्थापित होनी चाहिए तथा वहां भी



● हरियाणा में आयोजित शहरी निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को लोस अध्यक्ष ने किया संबोधित

प्रश्नकाल तथा शून्यकाल जैसे सत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। बिड़ला ने कहा, यह बदलाव का समय है। अगर हमें लोकतंत्र को मजबूत करना है और लोकतांत्रिक संस्थानों को जवाबदेह बनाना है, तो हमें सुनिश्चित करना होगा कि सदन काम करें। सभी राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान कम करने के प्रयास करने चाहिए। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई को शुरू होने वाला है और 21 अगस्त तक चलेगा। बिड़ला ने कहा कि वह 2014 से लोकसभा की कार्यवाही देख रहे हैं जब वह पहली बार सदन के सदस्य चुने गए थे।

### जन्मदिन की तैयारी



धर्मशाला : कांगड़ा जिले के मैक्लोडगंज स्थित दलाई लामा मंदिर में तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के 90वें जन्मदिन समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस खास अवसर को धूमधाम से मनाने की तैयारियों में बौद्ध भिक्षु जुटे हुए हैं। एजेंसी

# मंडी में बादल फटने से मरने वालों की संख्या 14 हुई, 31 की तलाश

शिमला, एजेंसी

हिमाचल के मंडी में बादल फटने व अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में एक और शव बरामद होने के साथ ही मृतकों की संख्या 14 हो गई है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 5 लोग घायल हैं जबकि लापता 31 लोगों की तलाश जारी है।

उन्होंने बताया कि शव थुनाग उपमंडल के रोडे में मिला और उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मंगलवार को मंडी के कई हिस्सों में 10बार बादल फटने, 3 बार बाढ़ और एक भूस्खलन की घटना हुई थी। इससे पहले गुरुवार सुबह दो शव मिले थे। 7 गोहर से, 5 थुनाग से और एक शव मंडी के करसोग उपमंडल से बरामद किया गया।

### 10 स्थानों पर नदियों का जल स्तर सामान्य से अधिक

**नई दिल्ली।** देश भर के उन हिस्सों में जहां बाढ़ की स्थिति बनी है गुरुवार को हालात में सुधार हुआ और 10 नदी निगरानी केंद्रों पर जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है, जबकि एक दिन पहले ऐसे 12 केंद्रों पर जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर था। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के दैनिक बाढ़ पूर्वानुमान बुलेटिन में यह जानकारी दी गई।

# पुराने हो चुके वाहनों के ईंधन पर रोक व्यावहारिक नहीं : दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखकर कहा कि तकनीकी चुनौतियों और जटिल प्रणालियों से तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध लगाना व्यावहारिक नहीं है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को कहा कि इस कदम से लोगों में असंतोष है और सरकार उनके साथ खड़ी है।

सिरसा ने कहा कि सरकार ने सुझाव दिया कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लागू होना चाहिए। दिल्ली सरकार ने 1 जुलाई से तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों के लिए पेट्रोल पंप से ईंधन भराने पर रोक लगाया था। सरकार के मुताबिक 10 वर्ष या उससे अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन इस आदेश की जद में आएंगे। अदालती आदेश अनुसार सड़कों पर इन वाहनों को चलने की अनुमति नहीं है।

# जांच की प्रगति पर हलफनामा दे बंगाल सरकार : हाईकोर्ट

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार को विधि कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच की प्रगति पर हलफनामा दाखिल करने का गुरुवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की खंडपीठ ने राज्य सरकार को 10 जुलाई को अगली सुनवाई पर उसके समक्ष केस डायरी भी पेश करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति स्मिता दास डे भी शामिल थीं।

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में 25 जून की शाम को कानून की एक

### विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला

छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 3 जनहित याचिकाएं दायर हुई हैं। मुख्य आरोपी कॉलेज का भूतपूर्व छात्र है और संस्थान का संविदा कर्मचारी भी है। खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह विधि छात्रा से जुड़ी इस भयावह घटना के संबंध में याचिकाकर्ताओं में से एक द्वारा उठाए गए कुछ प्रश्नों पर सुनवाई की अगली तारीख पर एक रिपोर्ट के रूप में जवाब दे।

# दिशा की आत्महत्या जांच में गड़बड़ी नहीं

**मुंबई।** पुलिस ने बंबई हाईकोर्ट से कहा कि पूर्व सेलिब्रिटी मैनेजर दिशा सालियान ने आत्महत्या की और उनकी मौत के मामले में कोई साजिश नहीं मिली। दिशा के पिता सतीश सालियान ने फिर से आरोप लगाया कि उनकी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और हत्या की गई। पुलिस ने अदालत में पिछले महीने दाखिल हलफनामे में कहा कि दिशा ने फ्लैट की खिड़की से छलांग लगाई थी और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृत युवती पर यौन या शारीरिक हमले के संकेत मिलने का कोई जिक्र नहीं है। दिशा अपने परिवार के साथ विवाद और कारोबारी परेशानियों के कारण काफी तनाव में थी।

# पहले दिन 12 हजार ने किए अमरनाथ गुफा के दर्शन

**श्रीनगर।** अमरनाथ तीर्थयात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,000 से अधिक लोगों ने अमरनाथ गुफा के दर्शन किए। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा के पहले दिन कुल 12,348 लोगों ने 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना किया। अधिकारियों के अनुसार इसमें 9,181 पुरुष, 2,223 महिलाएं, 99 बच्चे, 122 साधु, 7 साध्वी और 8 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। अधिकारियों को पहले दिन इतनी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की उपस्थिति की उम्मीद नहीं थी।

वहीं अमरनाथ गुफा जाने को 5,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू आधार शिविर से रवाना हुआ। 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के लिए तीर्थयात्रा तड़के घाटी से दो मार्गों- अनंतनाग के 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा 14 किमी, लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग से शुरू हुई।

# दिल्ली: डांट से नाराज घरेलू सहायक ने की मालकिन और उसके बेटे की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के लाजपत नगर में डांट से नाराज घरेलू सहायक ने मालकिन और उसके किशोर बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बिहार के हाजीपुर निवासी आरोपी मुकेश (24) को उत्तर प्रदेश रेलवे पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया जब वह ट्रेन से भागने की कोशिश कर रहा था। यह मामला तब प्रकाश में आया जब बुधवार रात 9. 43 बजे लाजपत नगर निवासी कुलदीप सेवानी की तरफ से पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल आई। पुलिस के अनुसार, सेवानी ने बताया कि उनकी पत्नी रुचिका (42) और 14 वर्षीय बेटा फोन नहीं उठा रहे हैं और उनके घर की सीढ़ियों पर खून के



● ट्रेन से भागने की कोशिश के दौरान यूपी की रेलवे पुलिस ने किया गिरफ्तार

धब्बे हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्वी) हेमंत तिवारी ने कहा, पीसीआर वाहन मौके पर पहुंचे जहां घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। घर की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर खून के धब्बे मिले। पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। रुचिका और उसके बेटे के शव घर से बरामद किए गए। महिला का शव शयनकक्ष में मिला जिसका गला रेता था और बेटे का शव स्नानगृह से बरामद किया गया।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

# दूसरे मंगलसूत्र पर सोनम और राज की शादी का संदेह

**इंदौर (मप्र)।** मेघालय में हनीमून के दौरान जान से मार डाले गए इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने एक और मंगलसूत्र के आधार पर गुरुवार को संदेह जताया कि सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाह से शादी कर ली होगी। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने कहा, हमें पता चला कि मेरे भाई के हत्याकांड की जांच के दौरान मेघालय पुलिस ने दो मंगलसूत्र बरामद किए हैं। इनमें से एक सोनम हमने दिया था, लेकिन दूसरा इन दोनों की शादी से जुड़ा हो सकता है।

## एक नजर



नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 से पहले संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कर्नाटक ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के. गोविंदराज व भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा। ● एजेंसी

### नीरज चोपड़ा ने कर्नाटक सरकार के सहयोग को सराहा

**बेंगलुरु :** दो बार के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने नीरज चोपड़ा क्लासिक को लेकर निरंतर सहयोग के लिए कर्नाटक सरकार, कर्नाटक ओलंपिक संघ और युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग की प्रशंसा की है – जो भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और देश की पहली अंतरराष्ट्रीय मार्की भाला फेंक प्रतियोगिता है। शनिवार, 5 जुलाई, 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज खुद जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ मिलकर कर रहे हैं और इसे विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली है। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स, खेल की वैश्विक शासी संस्था द्वारा गोल्ड लेवल का दर्जा भी दिया गया है–जो इसके पैमाने और महत्व को मान्यता देता है। इस आयोजन की तैयारी में, स्टेडियम में काफी बदलाव किया गया है।

### लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की दुर्घटना में मौत

**मैड्रिड :** लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की स्पेन में कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश सिविल गार्ड ने एसोसिएटेड प्रेस को पुष्टि की कि जोटा और उनके भाई की कार पश्चिमी शहर ज़मोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था। 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई, 25 वर्षीय आंद्रे सिल्वा दोनों पुर्तगाल के खिलाड़ी थे। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेल चुके हैं। सिल्वा निचले डिवीजन में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेल चुके हैं।

### हितेश और साक्षी ने भारत के लिए दो और पदक पक्के किए

**अस्ताना (कजाखस्तान) :** हितेश गुलिया और साक्षी ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व मुक्केबाजी



कप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए दो और पदक पक्के किए। इस साल के शुरू में ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा क्वार्टरफाइनल में कजाखस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव पर 5–0 से जीत दर्ज की। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में साक्षी ने ब्राजील की तातियाना रेजिना डि जीसस चागास को सर्वसम्मत फैसले में शिकस्त दी। वहीं बुधवार को मीनाक्षी (48 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) के अलावा संजू (60 किग्रा) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पोडियम में स्थान पक्के किए। अनामिका (51 किग्रा) क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर दावेदारी में बनी हुई हैं।

### श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 के क्वार्टरफाइनल में

**कालगैरी :** भारतीय शटलर किदाम्बी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां चीनी ताइपे के वांग पो वेई पर सीधे गेम में जीत के साथ कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21–19, 21–12 से शिकस्त दी। इस साल मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ टिएन चेन से हो सकता है।

# शुभमन के रिकॉर्ड दोहरे शतक से भारत मजबूत स्थिति में

**269** रन
**387** गेंद
**30** चौके
**3** छक्के

## इंग्लैंड ने की खराब शुरुआत

## आकाश दीप ने 13 रन पर गिरा दिए थे दो विकेट

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक से पहली पारी में 587 रन बनाने के बाद इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 77 रन करके भारत ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां अपना पलड़ा भारी रखा। गिल ने 387 गेंद में 30 चौकों और तीन छक्कों से 269 रन की पारी खेलने के अलावा रविंद्र जडेजा (89 रन, 137 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के लिए 203 और वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी कल 87 रन की पारी खेली थी। गिल ने इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के मामले में महान सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। वह इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले एशियाई कप्तान भी बने।

**लड़खड़ाने के बाद संभला इंग्लैंड :** इंग्लैंड ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक सलामी बल्लेबाजों जैक क्रॉली (19) और बेन डकेट (00) तथा ओली पोप (00) के विकेट गंवाकर 77 रन बनाए। डकेट और पोप दोनों को आकाश दीप (36 रन पर दो विकेट) ने लगातार गेंदों पर पवेलियन भेजा। आकाश दीप के पारी के तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर गिल ने स्लिप में डकेट का शानदार कैच लपका जबकि अगली गेंद पर पोप ने भी स्लिप में लोकेश राहुल को कैच थमाया। क्रॉली भी शरीर से दूर शॉट खेलने की कोशिश में मोहम्मद सिराज (21 रन पर एक विकेट) की गेंद पर स्लिप में करुण नायर को कैच दे बैठे। दिन का खेल खत्म होने पर हैरी ब्रूक 30 जबकि जो रूट 18 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों चौथे विकेट के लिए 52 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। इंग्लैंड की टीम अब भी भारत से 510 रन पीछे है।

**साढ़े आठ घंटे क्रीज पर रहे गिल :** इससे पहले गिल ने चाय के बाद जोश टंग (119 रन पर दो विकेट) के दूसरे ओवर में पोप को आसान कैच थमाया। भारतीय कप्तान लगभग साढ़े आठ घंटे क्रीज पर रहे। स्पिनर शोएब बशीर (167 रन पर तीन विकेट) ने इसके बाद आकाश दीप (06) और मोहम्मद सिराज (08) को आउट करके भारतीय पारी का अंत किया। सीरीज का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की इच्छा व्यक्त करने वाले गिल इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाला पहला एशियाई कप्तान बनने के बाद अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गिल की उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि यह प्रतिष्ठित सीरीज टेस्ट कप्तान के तौर पर उनकी पहली सीरीज है। विराट कोहली के संन्यास के बाद उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है।

**गिल ने वापसी का मौका नहीं दिया :** गिल ने सुनिश्चित किया कि लीड्स में पहले टेस्ट की तरह यहां इंग्लैंड को वापसी का मौका नहीं दिया जाए। इंग्लैंड की शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति काम नहीं कर रही थी और बशीर के खिलाफ गिल ने आसानी से रन जुटाए। इंग्लैंड ने इसके बाद कामचलाऊ स्पिनरों हैरी ब्रूक और जो रूट को मौका दिया। गिल ने ब्रूक की गेंदों पर पांच चौके जमाए जबकि वाशिंगटन ने भी अपनी पकड़ बनाए रखी। गिल कुछ देर के लिए 199 रन पर अटके रहे लेकिन फिर उन्होंने जोश टंग की गेंद को फाइन लेग की तरफ एक रन के लिए पुल करके अपने करियर का पहला दोहरा शतक पूरा किया।



शुभमन गिल।

> शुभमन गिल और जडेजा द्वारा आज दिखाए गए इरादे और प्रतिबद्धता को देखकर बहुत खुशी हुई। शानदार खेल दिखाया।
>
> –सचिन तेंदुलकर

### भारत पहली पारी

**587/10** (151 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 |
| लोकश राहुल बो वोक्स | 02 |
| करुण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 |
| शुभमन गिल का पोप बो टंग | 269 |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 |
| रविंद्र जडेजा का स्मिथ बो टंग | 89 |
| वाशिंगटन सुंदर बो रूट | 42 |
| आकाश दीप का डकेट बो बशीर | 06 |
| मोहम्मद सिराज स्टं स्मिथ बो बशीर | 08 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी :** वोक्स 25-6-81-2, कार्स 24-3-83-1, टंग 28-2-119-2, स्टोक्स 19-0-74-1, बशीर 45-2-167-3, रूट 5-0-20-1, ब्रूक 5-0-31-0

### इंग्लैंड पहली पारी

**77/3** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉली का नायर बो सिराज | 19 |
| बेन डकेट का गिल बो आकाश दीप | 00 |
| ओली पोप का राहुल बो आकाश दीप | 00 |
| जो रूट नाबाद | 18 |
| हैरी ब्रूक नाबाद | 30 |

**गेंदबाजी :** आकाश दीप 7-1-36-2, सिराज 7-2-21-1, प्रसिद्ध 3-0-11-0, नितीश 1-0-1-0, जडेजा 2-1-4-0



रविंद्र जडेजा।

## गिल के दोहरे शतक पर युवराज ने कहा, बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया

**नई दिल्ली :** शुभमन गिल के स्पष्ट इरादों ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में जबर्दस्त सफलता दिलाई क्योंकि उन्होंने दोहरा शतक जड़ने को पार्क में टहलने जितना आसान बना दिया। एक समय गिल के मेंटर (मार्गदर्शक) रहे युवराज सिंह ने यह बात कही। भारत की दो विश्व कप जीत के नायक रहे 44 वर्षीय युवराज ने कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान युवा गिल और भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मार्गदर्शन किया था जब वे उनके चंडीगढ़ के बंगले में रुके थे। युवराज ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा शुभमन गिल को सलाम! बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया! शानदार खेला और दोहरे शतक के हकदार थे, यह उदाहरण है कि जब इरादा साफ हो तो आपको कोई नहीं रोक सकता। हाल ही में संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन ने गिल की कप्तानी की 'शानदार शुरुआत' की सराहना की। अश्विन ने लिखा गिल का दोहरा शतक। कप्तानी की उनकी शुरुआत शानदार रही, इससे उन्हें आगे बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी। अब भारत को पूरे दिन बल्लेबाजी करनी चाहिए।

## गिल में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण : ट्रॉट

**मुंबई :** पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची–समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्जवल नजर आता है। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जिनका भविष्य उज्जवल है। उन्होंने एक सोची समझी रणनीति से बल्लेबाजी की।

# जीत की हैट्रिक के साथ सीरीज जीतना चाहेगी महिला टीम

**लंदन, एजेंसी**

पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है।

भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।



भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर व इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट। ● एजेंसी

**समय : रात 11:05 बजे से**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स, डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, इसी वोंग, लिन्सी स्मिथ।

## सूर्यवंशी के प्रदर्शन से भारत ने अंडर-19 में इंग्लैंड को हराया

**नॉर्थम्पटन :** आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए रिकॉर्ड नौ छक्के लगाए और उनकी इस पारी के दम पर भारत ने वर्षाबाधित तीसरे अंडर-19 युवा वनडे मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के छह विकेट पर 268 रन के जवाब में भारत ने 34.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।



सूर्यवंशी ने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के की मदद से 31 गेंदों में 86 रनों की तूफानी पारी खेली। अंडर 19 वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का यह सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड है। इससे पहले मनदीप सिंह ने आठ छक्के लगाए थे। भारत का स्कोर 24वें ओवर में छह विकेट पर 199 रन था, लेकिन गेंदबाज हरफनमौला कनिष्क चौहान ने 42 गेंद में नाबाद 43 रन बनाये और आर एस अंबरीश (नाबाद 31) के साथ 75 रन की अटूट साझेदारी की।

# आधिकारिक सूचना का इंतजार, पर हॉकी के लिए यह अच्छा फैसला : दिलीप टिर्की

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पाकिस्तानी टीम को भारत की मेजबानी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों में खेलने से नहीं रोकने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह हॉकी के लिये अच्छा फैसला है।

खेल मंत्रालय के सूत्र के अनुसार मंत्रालय ने अगस्त में बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में होने वाले जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी की अनुमति देने का फैसला किया है। टिर्की ने इस घटनाक्रम पर भाषा से कहा हमारे पास अभी आधिकारिक सूचना नहीं आई है और मैं भी मीडिया से सुन रहा हूं। लेकिन अगर सरकार ने मंजूरी दे दी है तो यह हॉकी के लिये बहुत अच्छी बात है। तीन ओलंपिक खेल चुके इस महान डिफेंडर ने कहा भारत दो महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की मेजबानी करने जा रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में और जूनियर विश्व कप चेन्नई और मदुरै में होगा और दोनों में पाकिस्तान की टीमें भाग ले रही हैं। बीजद के राज्यसभा सांसद रह चुके टिर्की ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी मैच खेल के प्रचार के लिये अच्छे होते हैं क्योंकि लोगों की इसमें काफी रूचि होती है। इससे खेल के लिये अच्छा माहौल बनता है और टूर्नामेंट की सफलता के लिये भी यह अच्छा होगा।

### पाकिस्तान को भारत में जरूर खेलना चाहिए : रेहान बट

**नयी दिल्ली :** भारत में होने वाले आगामी अहम टूर्नामेंटों में पाकिस्तान की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होने के फैसले को 'सकारात्मक कदम' बताते हुए पाकिस्तान हॉकी टीम के पूर्व कप्तान रेहान बट ने कहा कि भविष्य में भारतीय टीम को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। भारत में अगस्त में बिहार के राजगीर में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप होना है जिसमें पाकिस्तान प्रतिभागी देशों में से है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कारण पाकिस्तानी हॉकी टीम की भारत में होने वाले टूर्नामेंटों में भागीदारी मुश्किल लग रही थी। लेकिन खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में होने वाले आगामी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पाकिस्तान को खेलने से रोका नहीं जायेगा। रेहान ने पाकिस्तान से भाषा से बातचीत में कहा यह फैसला हुआ है तो काफी सकारात्मक है। मुझे नहीं पता कि हमारी सरकार का क्या फैसला रहता है लेकिन मेरी निजी राय है कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिये और पाकिस्तानी हॉकी टीम को भारत जाकर जरूर खेलना चाहिए। तीन ओलंपिक और दो विश्व कप खेल चुके इस दिग्गज फॉरवर्ड ने कहा आखिर किसी को तो पहला कदम उठाना चाहिये था और अगर पाकिस्तानी टीम भारत जाती है तो भविष्य में भारत को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। एशियाई खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तानी टीम के सदस्य रहे रेहान ने कहा कि भारत और पाकिस्तान का आपस में खेलना एशियाई हॉकी और खेल की लोकप्रियता के लिये बहुत जरूरी है।





विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने मैरी बुजकोवा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। ● एजेंसी

# अल्काराज जीते, सबालेंका शीर्ष पांच में अब अकेली मैदान में

**लंदन, एजेंसी**

दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं।

अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है। पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं। पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुज़कोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की।



महिला एकल मैच के दौरान इटली की जैस्मीन पाओलिनी के साथ खेलते समय रूस की कामिला राखिमोवा की पोनी टेल उनकी आंखों में चली जाती है। ● एजेंसी

### जोकोविच ने जीत के साथ एक और रिकॉर्ड बनाया

**लंदन :** नोवाक जोकोविच ने बुधवार को सेंटर कोर्ट पर डैन इवांस पर 6–3, 6–2, 6–0 की जीत के साथ 19वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने विंबलडन में कुल मिलाकर 99वां मैच जीता और तीसरे दौर में 19वीं बार जगह बनाई जो ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में प्रवेश किया था। हालांकि यह 38 वर्षीय जोकोविच के लिए शायद ही कोई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड है जिनके नाम सात विंबलडन सहित कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं जो पुरुष खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड है।

### एन श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के दूसरे दौर में

**लंदन :** भारत के एन श्रीराम बालाजी ने पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली पहले ही दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वरेला ने लर्नर टीएन और अलेक्जेंडर की अमेरिकी जोड़ी को 6–4, 6–4 से हराया।



सर्बिया के नोवाक जोकोविक दूसरे दौर के पुरुष एकल में ब्रिटेन के डेनियल इवांस के खिलाफ एक अंक जीतने के बाद खुशी जताते हुए। ● एजेंसी

# यूक्रेनी सीमा के नजदीक मारा गया रूस का शीर्ष जनरल

- यूक्रेन से संघर्ष के बीच अब तक रूस के 10 जनरल मारे जा चुके

मॉस्को, एजेंसी

रूस का एक शीर्ष जनरल यूक्रेन की सीमा के निकट कुर्स्क क्षेत्र में मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की खबर के मुताबिक, रूसी नौसेना के उप प्रमुख मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव की मौत यूक्रेन के सुमी क्षेत्र की सीमा से सटे पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में हुई।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जनरल मिखाइल की मौत 'सैन्य अभियान' के दौरान हुई। हालांकि, उसने अभियान के बारे में कोई विवरण साझा नहीं किया। गुडकोव को सर्वोच्च उपाधि 'रूसी संघ के नायक' से सम्मानित किया गया था। वह मार्च में नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में पदोन्नति से पहले 'क्रैक 155वीं मरीन ब्रिगेड' के कमांडर थे।

कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर खिन्शतेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, जनरल गुडकोव को उस समय मार डाला गया, जब वह अग्रिम मोर्चे पर अपने सैनिकों से मिलने गए थे। हालांकि, उन्होंने घटना के बारे में कोई विवरण नहीं दिया और न ही इस बात का खुलासा गया कि उनकी मौत कब हुई। यूक्रेन में रूस के लगभग साढ़े तीन साल के सैन्य अभियान में, मॉस्को ने 10 जनरल के मारे जाने की पुष्टि की है।

# ईरान के आईएईए के साथ सहयोग रोकने पर यूएन ने चिंता जताई

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन)ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अस्थायी रूप से सहयोग समाप्त करने के ईरान के फैसले पर चिंता व्यक्त की है।

यूएन महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा,हमने आधिकारिक निर्णय देखा है, जो चिंताजनक है। महासचिव ने हमेशा ईरान से आईएईए के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है और परमाणु मुद्दों पर सभी देशों के साथ सहयोग की जरूरत पर जोर दिया है। ये निर्णय ईरानी संसद में पारित एक कानून के बाद आया है जिसमें आईएईए के साथ सहयोग को तब तक रोकने का प्रावधान है जब तक उसके परमाणु संयंत्रों और वैज्ञानिकों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती।

# दुनिया भर में आम हो चुके हैं कृत्रिम वर्षा के प्रयोग

कृत्रिम वर्षा कराने की प्रक्रिया को क्लाउड सीडिंग भी कहते हैं। हाल ही में दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कृत्रिम वर्षा कराने की तैयारी की थी लेकिन बारिश के मौसम में ये फैसला करने पर सवाल उठे तो इसे टाल दिया। कृत्रिम वर्षा दरअसल एक वैज्ञानिक विधि है जिसका उपयोग सूखे, जल संकट या वायु प्रदूषण जैसी परिस्थितियों में किया जाता है। इसकी जरूरत तब पड़ती है जब प्राकृतिक वर्षा न हो रही हो या बहुत कम हो रही हो। कृत्रिम वर्षा के लिए बादलों में कुछ रासायनिक तत्व छोड़े जाते हैं जो उन्हें बरसने के लिए प्रेरित करते हैं। इस तरह की बारिश आपात स्थितियों में थोड़ी राहत तो देती है लेकिन प्राकृतिक वर्षा का विकल्प नहीं होती। हालांकि बदलती मौसमी परिस्थितियों के चलते दुनिया भर में इसका प्रयोग आम हो चला है।



## कृत्रिम वर्षा की तकनीक

कृत्रिम वर्षा के लिए सिल्वर आयोडाइड या पोटेशियम आयोडाइड के कण, सामान्य नमक जिसका वैज्ञानिक नाम सोडियम क्लोराइड होता है, सूखी बर्फ और अत्यधिक ठंडे तापमान में लिक्विड प्रोपेन जैसे रासायनिक तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है। इन कणों को को विमान, ड्रोन या जमीन से रॉकेट और तोप से बादलों में छोड़ा जाता है। ये कण बादल की जल वाष्प को संघनित कर बूंदों में बदल देते हैं, जिसका नतीजा वर्षा के रूप में सामने आता है।

## चर्चित प्रयोग

2023 में दिल्ली में प्रदूषण काफी बढ़ गया था। तब आईआईटी कानपुर ने दिल्ली सरकार के साथ एक क्लाउड सीडिंग प्रोग्राम प्रस्तावित किया। हालांकि पर्याप्त बादल न होने पर इसे टालना पड़ा।

## इसलिए पड़ती है जरूरत

सूखे की स्थिति, सूखे जलाशयों का जल स्तर बढ़ाने, वायु प्रदूषण कम करने और आस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देशों जंगलों की आग बुझाने के लिए कृत्रिम वर्षा का सहारा लिया जाता है। चीन ने वर्ष 2008 में बीजिंग में ओलंपिक के दौरान बारिश को नियंत्रित करने के लिए इस तकनीक का उपयोग किया था।

## बादल न हों तो नहीं होती वर्षा

वैज्ञानिकों के अनुसार कृत्रिम वर्षा की सफलता दर 30 से 50 प्रतिशत तक ही होती है। परिणाम काफी हद तक बादलों की उपयुक्तता पर निर्भर करता है। बादल मौजूद न हों तो यह तकनीक काम नहीं करती।

## भारत में इस्तेमाल

भारत में महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा के सूखा प्रभावित क्षेत्र में कृत्रिम वर्षा कराई गई है। बेंगलुरु में जल संकट के दौरान यह तकनीक इस्तेमाल की गई। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मानसून में कमी और दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए 2023 में इस्तेमाल किया गया। राजस्थान में भी प्रयोग हो चुका है।

## एक बार में खर्च 15 करोड़

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबित एक राज्य को सीजन के हिसाब से औसतन 5 करोड़ से 15 करोड़ रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। बादलों में रासायनिक तत्व छोड़ने के लिए प्रति घंटा उड़ान पर ही 5 से 15 लाख तक का खर्च आ सकता है, ये हेलीकॉप्टर या विमान पर भी निर्भर करता है और यह लागत बादलों के घनत्व और क्षेत्र के आकार के अनुसार बदल जाती है।

## कुछ दुष्प्रभाव भी हैं

- पर्यावरणीय असंतुलन हो सकता है। कृत्रिम वर्षा से अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक वर्षा में कमी आ सकती है।
- रासायनिक प्रभाव भी संभावित हैं। सिल्वर आयोडाइड जैसे रसायन पर्यावरण और जलीय जीवों पर प्रभाव डाल सकते हैं।
- एक क्षेत्र को वर्षा देने से दूसरे क्षेत्र में सूखा पड़ सकता है। यह न्यायिक और सरकारी स्तर पर नीति संबंधी विवाद हो सकता है।

## एक नजर

### जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रकिया शुरू

**टोक्यो।** जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रकिया गुरुवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। इस 17-दिवसीय चुनाव प्रकिया से यह तय हो जाएगा कि सत्तारूढ़ गठबंधन सदन में बहुमत बनाए रखने में सक्षम है या नहीं। इस समय सत्तारूढ़ दल निचले सदन में अल्पमत में है एवं सदन में बहुमत बनाए रखने के लिए उसे 50 और सीटें जीतने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने बताया कि कुल 519 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है जिसमें 152 महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में मुख्य मुद्दा बढ़ती मंहगाई है।

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से चार की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली जलडमरूमध्य में गुरुवार को एक यात्री जहाज के डूबने से चार लोगों की मौत की हो गयी और 38 लोग लापता हो गए और 23 अन्य बच गए। अधिकारियों के अनुसार लकड़ी का जहाज केएम टुनु प्रतामा जया पूर्वी जावा के बन्युवांगी रीजेंसी में केटापांग बंदरगाह से बाली द्वीप पर जेम्ब्राना रीजेंसी में गिलिमनुक बंदरगाह की ओर जा रहा था। श्री वटेलेहन ने बताया, घटना में 23 लोग बच गए, चार की मौत हो गई और 38 अन्य लापता हैं। उन्होंने बताया कि यह घटना दोनों क्षेत्रों के बीच समुद्री सीमा के पास हुई थी। इसलिए बाली द्वीप और पूर्वी जावा दोनों से खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिए गए हैं।

### शिकागो में हुई गोलीबारी में मारे गए चार लोग

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो शहर में बुधवार रात को एक रेस्तरां के बाहर हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। गोलीबारी की यह घटना बुधवार देर रात शिकागो के रिवर नॉर्थ इलाके में एक रेस्तरां के बाहर हुई, जहां एक गायक के एल्बम रिलीज की पार्टी आयोजित की गई थी। पुलिस ने कहा कि किसी व्यक्ति ने रेस्तरां के बाहर खड़ी भीड़ पर गोलीबारी की और वाहन से तुरंत फरार हो गया।

### दक्षिणी मंगोलिया में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया

**उलान बटोर।** मंगोलिया के दक्षिणी प्रांत डुंडगोवी में गुरुवार को 5 .0 तीव्रता का भूकंप आया। स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर तीन मिनट पर इटके महसूस किए गए। देश के खगोल विज्ञान एवं भूभौतिकी संस्थान ने एक बयान में कहा कि भूकंप का केंद्र डुंडगोवी प्रांत के प्रशासनिक उपखंड से 13 किमी उत्तर में था और शुरुआत में इसका केंद्र 46 .25 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 106 .34 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।

# रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500% टैरिफ लगाएगा अमेरिका

## बढ़ेगी भारत की मुश्किल, जयशंकर ने ट्रंप प्रशासन को चिंता से अवगत कराया

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव को लेकर भारत ने अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है। डॉ. जयशंकर ने बुधवार रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी संसद में उठने वाले हर विषय में भारत की दिलचस्पी है जिससे भारतीय हित प्रभावित हो सकता है।

डॉ. जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत ने अपनी चिंताओं से सीनेटर लिंडसे ग्राहम को अवगत करा दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है। अगर ऐसा होता है तो भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस पर प्रस्तावित विधेयक के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ चर्चा कर रहे हैं। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने विधेयक को लेकर चिंता व्यक्त की है।



जयशंकर गुरुवार को वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मिले।

### भारत के साथ चीन के लिए भी पैदा होगी समस्या

ग्राहम ने दावा किया है कि इस विधेयक को 84 सीनेटरों का समर्थन प्राप्त है। भारत और चीन रूसी तेल के दो प्रमुख खरीदार हैं और अगर यह विधेयक पारित हो जाता है,तो इससे दोनों देशों के लिए समस्याएं पैदा होंगी। भारत का कहना है कि रूस के साथ उसका तेल व्यापार वैध है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो यह भारतीय उत्पादों खासकर फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल निर्यात पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की अनुमति दे सकता है।

### अमेरिका-वियतनाम व्यापार समझौते पर चीन ने दी चेतावनी

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका-वियतनाम के बीच हुए व्यापार समझौते पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी कि इससे तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के वियतनाम के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद आया है जिसमें अमेरिका में वियतनामी निर्यात पर 20% टैरिफ और वियतनाम होकर भेजे जाने वाले सामान पर 40% टैरिफ शामिल है। समझौते का उद्देश्य वियतनाम में अमेरिकी व्यवसायों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है। यह वियतनाम को अमेरिकी बाजारों तक पूर्ण पहुंच प्रदान करेगा जिससे अमेरिकी उत्पादों को वियतनाम में शून्य टैरिफ पर प्रवेश मिलेगा। चीन इसलिए नाराज है कि समझौते से उस देश के माल पर 40% टैरिफ लगेगा जिसका उद्देश्य तीसरे देशों, विशेष रूप से चीन से आने वाले सामानों को वियतनाम के माध्यम से अमेरिका में निर्यात होने से रोकना है।

# न्यायालय ने ट्रंप के शरण प्रतिबंध पर रोक लगाई

- कहा- कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन

**सैक्रामेंटो।** एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश में शरण बंद करने के नवीनतम आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश ने कहा कि व्हाइट हाउस ने कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन किया है।

कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश रैंडोल्फ डी मॉस ने बुधवार को 128-पृष्ठ के आदेश में लिखा कि ट्रंप की जनवरी की घोषणा ने कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम में बनाए गए सुरक्षा उपायों को दरकिनार कर दिया जिसमें सीमा पार करने वालों की संख्या में वृद्धि को 'आक्रमण' के रूप में ब्रांड किया गया था और एक वैकल्पिक आव्रजन प्रणाली बनाने की कोशिश की गई थी।

उन्होंने कहा कि चूंकि घोषणा में प्रवेश के बंदरगाहों के साथ-साथ आधिकारिक सीमा पर प्रवेश करने वाले लोगों को मानवीय जांच से वंचित किया गया था, इसलिए अदालत ने इसे अमेरिकी धरती पर किसी को भी शरण लेने का मौका देने की गारंटी देने वाले वैधानिक पाठ के साथ मौलिक रूप से असंगत पाया।

# इजराइली गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए

- मारे गए लोगों में 45 गाजा शहर में जरूरी राहत हासिल करने की कर रहे थे कोशिश

तेल अवीव, एजेंसी

गाजा में रात भर हुए हवाई हमलों और गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए और इनमें से 45 लोग ऐसे थे जो अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता सामग्री प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। इजराइल की सेना ने गाजा में हुए इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' से जुड़े स्थलों के आसपास पांच लोग मारे गए तथा गाजा पट्टी में अन्य स्थानों पर सहायता सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे 40 अन्य लोग मारे गए। ये फाउंडेशन इजराइल समर्थित नव निर्मित अमेरिकी संगठन है जो गाजा पट्टी में आबादी को भोजन उपलब्ध कराने में मदद करता है। गाजा पट्टी पर बुधवार रात और बृहस्पतिवार सुबह हुए हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए। इनमें से 15 लोग मुवासी क्षेत्र में स्थित तंबुओं पर हुए हमलों में मारे गए।

मुवासी क्षेत्र में कई विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इसके अलावा, गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 57,000 से अधिक हो गई है जिनमें वे 223 लापता लोग भी शामिल हैं जिन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। ये मौतें ऐसे समय में हुई हैं जब इजराइल और हमास संभावित संघर्षविराम के करीब पहुंच रहे हैं।

### हिजबुल्लाह ने हथियार छोड़ने से इन्कार किया

**बेरूत।** लेबनान में हिजबुल्लाह समूह ने इजराइल से वास्तविक और रणनीतिक खतरे का हवाला देते हुए हथियार छोड़ने से इन्कार कर दिया है। हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने फिर से पुष्टि की है कि समूह अपने हथियार नहीं छोड़ेगा। समूह के नेता ने बुधवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगर में आशूरा परिषद के कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कहा, हमारे हथियार इजराइल का सामना करने के लिए हैं और हम इस अधिकार को कभी नहीं छोड़ेंगे। हिजबुल्लाह ने कहा है कि संभावित इजराइली आक्रमण के खिलाफ उसके हथियार आवश्यक हैं। कासिम ने अपने भाषण में कहा, इजराइल एक वास्तविक और रणनीतिक खतरा है, न केवल फिलिस्तीन और लेबनान के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए।

# दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग के गर्भपात के आदेश के खिलाफ याचिका





- हाईकोर्ट पहुंचा एम्स प्रशासन, कहा- किशोरी के प्रजनन स्वास्थ्य पर पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने यौन शोषण की नाबालिग पीड़िता को 27 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने की अनुमति देने वाले एक आदेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 30 जून को एम्स को 16 वर्षीय लड़की का गर्भपात करने का आदेश दिया था।

एम्स ने मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ के समक्ष दलील दी कि गर्भपात कराने से भविष्य में लड़की के प्रजनन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पीठ ने नाबालिग लड़की की मां और मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष या सदस्य को दोपहर करीब 2.30 बजे उपस्थित रहने को कहा, जब सुनवाई जारी रहेगी। अदालत ने यह भी कहा कि बलात्कार पीड़िता को गर्भावस्था जारी रखने की सलाह देने से उसमें चिंता पैदा होगी, जिसका उसके मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

### लापरवाह ड्राइविंग पर मुआवजा देने को बाध्य नहीं बीमा कंपनी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीमा कंपनियां उन लोगों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए बाध्य नहीं हैं जिनकी मौत लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई हो। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने तेज गति से कार चलाते समय मारे गए एक व्यक्ति के परिवार द्वारा मांगे गए 80 लाख रुपये के मुआवजे को देने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के पिछले साल 23 नवंबर के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें मृतक के परिवार की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

# अगले दलाई लामा का फैसला स्थापित संस्था करेगी: रीजीजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले दलाई लामा पर निर्णय सिर्फ और सिर्फ स्थापित संस्था व दलाई लामा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसले में कोई और शामिल नहीं होगा।

तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने बुधवार को कहा था कि दलाई लामा संस्था जारी रहेगी और केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को ही संस्था के भावी उत्तराधिकारी को मान्यता देने का अधिकार होगा। रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि दलाई लामा बौद्धों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण और परिभाषित संस्था हैं। दलाई लामा को मानने वाले सभी की राय है कि उत्तराधिकारी का फैसला स्थापित परंपरा और दलाई लामा की इच्छानुसार होना चाहिए। उनके अलावा किसी और को इसे तय करने का अधिकार नहीं है।

## जलप्रपात का नजारा



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के चित्रकोट जलप्रपात में बारिश के बाद इंद्रावती नदी उफान पर है। चित्रकोट जलप्रपात जल प्रपात की ऊंचाई 90 फीट है। इस जलप्रपात की विशेषता यह है कि वर्षा के दिनों में यह रक्त लालिमा लिए हुए होता है, तो गर्मियों की चाँदनी रात में यह बिल्कुल सफ़ेद दिखाई देता है। गुरुवार को भी यहां बेहद सुंदर नजारा दिखाई दिया। एजेंसी

# संस्कृति मंत्री बनाई गई थाईलैंड की निलंबित पीएम शिनावात्रा

बैंकॉक, एजेंसी



- शिनावात्रा समेत कई नए कैबिनेट मंत्रियों को दिलाई गई शपथ

थाईलैंड के नवगठित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण की, जिनमें निलंबित प्रधानमंत्री पैटोंगटर्न शिनावात्रा भी शामिल थीं। शिनावात्रा एक वरिष्ठ कम्बोडियाई नेता से वार्ता में की गई टिप्पणियों को लेकर जांच का सामना कर रही हैं।

पैटोंगटर्न शिनावात्रा को मंगलवार को प्रधानमंत्री पद से निलंबित किया गया था और थाईलैंड नरेश ने उसी दिन नए मंत्रिमंडल की मंजूरी दी, जिसमें शिनावात्रा को संस्कृति मंत्री के रूप में नामित किया गया। शपथ के लिए 'गवर्नमेंट हाउस' पहुंची शिनावात्रा मुस्कराती नजर आईं, लेकिन उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुरिया जुंगरुंगरियांगकित ने नए मंत्रियों का नेतृत्व करते हुए थाईलैंड नरेश महा वजीरालोंगकोर्न से औपचारिक अनुमोदन प्राप्त किया। समझा जाता है कि सुरिया, कार्यवाहक प्रधानमंत्री के दायित्वों को उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री फुमथाम वेचायाचाय को सौंपेंगे, जिन्होंने बृहस्पतिवार को शपथ ली।

शिनावात्रा ने पिछले वर्ष जब पद संभाला था, तब वेचायाचाय ने उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी निभाई थी। कम्बोडिया के साथ सीमा विवाद को लेकर शिनावात्रा के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। मई में हुई एक झड़प में एक कम्बोडियाई सैनिक की मौत के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

# एअर इंडिया ने दिल्ली वाशिंगटन उड़ान को विएना में रोका

**मुंबई।** दिल्ली से वाशिंगटन के लिए दो जुलाई को उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का विमान विएना में ईंधन भरने के लिए निर्धारित पड़ाव के दौरान तकनीकी खराबी आने के कारण अपनी यात्रा पूरी नहीं कर सका। इस कारण वाशिंगटन से दिल्ली के लिए निर्धारित इसकी वापसी उड़ान भी रद्द कर दी गई।

एअर इंडिया के बयान के अनुसार, दो जुलाई को दिल्ली से वाशिंगटन डी.सी. जाने वाली उड़ान संख्या एआई103 विएना में ईंधन भरने के लिए पूर्व निर्धारित योजना के तहत रुकी। विमान की नियमित जांच के दौरान, एक विस्तारित रखरखाव कार्य की पहचान की गई, जिसे अगली उड़ान से पहले ठीक करने की आवश्यकता थी और इस प्रकार, इसे पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता थी।

## सवालों का घेरा

### अमेरिका के 21 राष्ट्रपतियों की तरह कहीं दूसरे कार्यकाल के श्राप का शिकार तो नहीं होने जा रहे ट्रंप

# दूसरे कार्यकाल के शुरू में ही ट्रंप की लोकप्रियता धराशायी

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने विरोधियों को तीसरे कार्यकाल की संभावना जताकर अक्सर छेड़ते हैं लेकिन उनके सामने भी एक ऐतिहासिक चुनौती है, और वह है : 'दूसरे कार्यकाल का श्राप'। अब तक अमेरिका के 21 राष्ट्रपतियों ने दूसरा कार्यकाल पूरा किया है, लेकिन कोई भी अपने पहले कार्यकाल की सफलता की बराबरी नहीं कर सका। ट्रंप की लोकप्रियता में भारी गिरावट सवाल खड़ा कर रही है कि कहीं वह भी इसी श्राप से गुजरने तो नहीं जा रहे हैं।

दूसरे कार्यकाल के प्रदर्शन आमतौर पर फीके और प्रेरणाहीन रहे हैं। कुछ मामलों में तो



विनाशकारी भी। इसके लिए मतदाताओं की असंतुष्टि और निराशा, राष्ट्रपति का थकान महसूस करना और भविष्य की स्पष्ट व स्थायी दूरदृष्टि की कमी जैसे कारण बताए जाते हैं। लेकिन ट्रंप इस परिपाटी में पूरी तरह फिट नहीं बैठते। 19वीं सदी के अंत में ग्रोवर क्लीवलैंड एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति थे, जिनके दो कार्यकाल के बीच अंतराल था यानी कि पहले और दूसरे कार्यकाल के बीच कोई और राष्ट्रपति बना था।

### सर्वे में ट्रंप को मिली है नकारात्मक रेटिंग

हाल ही में ईरान पर बमबारी और लॉस एंजिलिस में सैनिकों की तैनाती के बाद अमेरिकी जनता की तीव्र प्रतिक्रिया के चलते ट्रंप की लोकप्रियता रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। हाल ही में 'यूगव' के एक सर्वेक्षण में मतदाताओं ने महंगाई, नौकरियों, आप्रवासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को संभालने के ट्रंप के तरीके को नकारात्मक रेटिंग दी है। भले ही उन्होंने कई मोर्चों पर तेजी से कार्रवाई की हो, लेकिन अनिश्चितता का स्तर, अचानक किए गए बड़े बदलाव और बाजार में अस्थिरता शायद उम्मीद से कहीं ज्यादा है।

इसी वजह से 'ट्रंप 2.0' (ट्रंप के दूसरे कार्यकाल) की, दो कार्यकाल तक राष्ट्रपति रहे अन्य नेताओं से तुलना करना कठिन हो जाता है। ट्रंप निश्चित रूप से यह चाहेंगे कि इतिहास ग्रोवर क्लीवलैंड के दूसरे कार्यकाल के श्राप को दोहराए नहीं। क्लीवलैंड ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही 50 प्रतिशत टैरिफ (शुल्क) लगा दिए थे, जिससे 1893 में वैश्विक बाजारों में भारी अस्थिरता फैल गई थी। उस समय यह अमेरिका के इतिहास की सबसे भयानक मंदी मानी गई थी : 19 प्रतिशत बेरोजगारी, अमेरिकी राजकोष से सोने की भारी निकासी, शेयर बाजार का ध्वस्त होना और व्यापक स्तर पर गरीबी फैलना।

एक सदी से भी अधिक समय बाद, ट्रंप अगर तेजी से काम करने का अपना रवैया दूसरे कार्यकाल में भी अपनाते हैं तो यह उन मतदाताओं को आकर्षित कर सकता है जो सबसे पहले कार्रवाई की मांग करते है। अब तक उन्होंने व्यापार युद्ध और सांस्कृतिक युद्ध लड़ते हुए पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष तक की स्थिति पर विचार किया है। उनका 'बिग ब्यूटीफुल बिल' राष्ट्रीय ऋण में खरबों डॉलर जोड़ देगा और संभवतः कई गरीब मतदाताओं, जिनमें कई रिपब्लिकन भी शामिल हैं, को 'मेडिकेड' जैसी स्वास्थ्य सेवाओं से बाहर कर सकता है। उनका यह कट्टरपंथी तरीका दूसरे कार्यकाल के 'श्राप' को खत्म करेगा या उसी का शिकार बनेगा, यह अब भी एक सवाल है।